ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 03 ● विक्रम संवत 2080 ● गुरुवार, 30 नवम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-44 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई की फिर ... पेज 10 पर






## गागर में सागर

### आईटीबीपी के महानिदेशक अनीश दयाल को सौंपा गया सीआरपीएफ का अतिरिक्त प्रभार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईटीबीपी के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह को सीआरपीएफ बल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। 30 नवंबर को एसएल थाओसेन रिटायर हो रहे हैं। बुधवार को एक आधिकारिक आदेश के जरिए यह जानकारी दी गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक आदेश में कहा गया है कि मणिपुर कैडर के 1988-बैच के आईपीएस अधिकारी एडी सिंह को सीआरपीएफ बल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। वो सीआरपीएफ डीजी का पदभार संभालेंगे। मध्य प्रदेश कैडर के 1988 बैच के आईपीएस थाओसेन को पिछले साल अक्टूबर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) डीजी के रूप में नियुक्त किया गया था। उसी समय एडी सिंह को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) का महानिदेशक नियुक्त किया गया था। सीआरपीएफ लगभग 3.25 लाख कर्मियों के साथ देश का सबसे बड़ा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) है। सीआरपीएफ को नक्सल विरोधी अभियान चलाने सहित देश के आंतरिक सुरक्षा क्षेत्र में विभिन्न कर्तव्यों को निभाने के लिए तैनात किया गया है।

### झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई के लिए तीन वर्चुअल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ



**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई के लिए तीन वर्चुअल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ 29 नवंबर को हुआ। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्र ने इसका उद्घाटन किया। मुख्य न्यायाधीश ने पलामू (डाल्टनगंज), दुमका और पाकुड़ से उच्च न्यायालय में सुनवाई के लिए तीन वर्चुअल प्लेटफॉर्म का ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस अवसर पर न्यायालय के न्यायाधीश, महाधिवक्ता एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। उच्च न्यायालय की कम्प्यूटर एवं डिजिटाइजेशन कमेटी द्वारा दूरस्थ स्थित जिलों (पलामू (डाल्टनगंज), दुमका और पाकुड़) से उच्च न्यायालय में मामलों की सुनवाई के लिए संबंधित जिला न्यायालयों में पहले से स्थापित ई-सेवा केन्द्र को वर्चुअल सुनवाई के लिए प्रयोग में लाये जाने का निर्णय लिया गया। इन सेवा केंद्रों से नये मामलों की ई-फाइलिंग को शुरूआती कठिनाइयों जैसे स्टाम्प रिपोर्टिंग, त्रुटि निवारण इत्यादि के कारण अभी स्थगित रखा गया है। इस संबंध में सभी संबंधित पक्षों से समुचित विचार विमर्श के उपरांत राज्य के सभी न्यायालयों से ई-फाइलिंग प्रारंभ किये जाने के संबंध में उचित कदम उठाया जायेगा। झारखंड एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष ऋतु कुमार ने बताया कि एसोसिएशन ने फाइलिंग इन तीन केंद्रों से किए जाने पर विरोध दर्ज कराया था जिस पर कोर्ट ने विचार किया।

### एससी-एसटी मामलों का अनुसंधान अब इंस्पेक्टर करेंगे

**रांची।** एसटी-एससी केस को लेकर झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने समीक्षा बैठक की। डीजीपी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के एसएसपी, एसपी के साथ समीक्षा की। झारखंड में साल 2019 से 31 मई 2023 तक एससी-एसटी एक्ट में 4,552 दर्ज हुए थे। जिनमें 2363 मामलों में ही चार्जशीट दाखिल किया गया है। झारखंड में साल 2023 में हजारीबाग, गढ़वा, रांची, गिरिडीह और पलामू जिले में एसटी-एससी के सबसे अधिक मामले दर्ज हुए हैं। डीजीपी ने समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि एसटी-एससी से जुड़े मामले बढ़े हैं जिनका बेहतर अनुसंधान करना जरूरी है, क्योंकि अभी तक ऐसे मामलों में अभी तक केस के आईओ डीएसपी हुआ करते थे। इसलिए लंबित मामलों की संख्या ज्यादा है। सरकार की तरफ से अनुसंधान को लेकर नई नियमावली बनाई गई है, जिसके तहत अब इंस्पेक्टर भी ऐसे मामलों का अनुसंधान कर पाएंगे।

### क्रेडिट कार्ड में सिक्यूरिटी रिमूव करने के नाम पर 48 हजार की ठगी

**रांची।** धुर्वा आदर्श नगर के रहने वाले सुनील कुमार प्रसाद से साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड के नाम पर उनसे 48 हजार रुपए की ठगी कर ली। इस संबंध में सुनील ने धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। सुनील की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि एक व्यक्ति ने उन्हे फोन किया। फोनकर्ता ने उनसे कहा कि उनके क्रेडिट कार्ड में कोई सिक्यूरिटी एप एक्टिव है। जिसका चार्च प्रतिमाह 17 सौ रुपए है। इसे रिमूव करने के लिए उसने गूगल नंबर पर साइट खुलवाया। उसमें क्रेडिट कार्ड से संबंधित सारी जानकारी भरवाया। इसके बाद उनके खाते से नौ बार में 48 हजार रुपए की अवैध निकासी हो गयी। इसके बाद वह सोमवार को धुर्वा थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

---

मुख्यमंत्री ने 155 करोड़, 78 लाख, 19 हजार, 440 रुपये की लागत वाली 1453 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास, कहा

# राज्य वासियों के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सिमडेगा के कोलेबिरा में 'आपकी योजना - आपकी सरकार -आपके द्वार' कार्यक्रम में हुए शामिल**

**40321 लाभुकों के बीच 31 करोड़ 17 लाख 62 हजार 385 रुपये की बांटी परिसंपत्ति**

**सरकार की योजनाओं से जुड़कर लोग बन रहे सशक्त और आत्मनिर्भर**

**जब तक लोगों को सामाजिक सुरक्षा नहीं देंगे, राज्य मजबूत नहीं होगा**

**अच्छा और बेहतर काम करने वाले सरकारी कर्मी किए जाएंगे पुरस्कृत**

**खेलों में यहां के नौजवान आगे बढ़ें, बनाए जा रहे हैं खेल मैदान**



**विकास साहु /सुमंत कुमार**

**सिमडेगा/कोलेबिरा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कोलेबिरा में आयोजित शिविर पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार राज्यवासियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले सर्वप्रथम हेलीपैड ग्राउंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उतरने के साथ उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी व सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह एसपी सौरभ के द्वारा उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री के साथ राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख एवं श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी मौजूद रहे। इधर नवोदय विद्यालय के पास बनाए गए कार्यक्रम स्थल में पहुंचने के साथ ही मुख्यमंत्री का पारंपरिक तरीके से स्वागत करते हुए उन्हें मंच तक ले जाया गया। इसके बाद पार्वती शर्मा इंटर कॉलेज के छात्राओं ने उनका नृत्य एवं मंदार एवं ढोलक कि थाप पर स्वागत किया गया। स्वागत भाषण उपायुक्त द्वारा किया गया जिसके बाद उन्होंने सिमडेगा जिला में अब तक किया गया कार्य एवं विकास के खींचे गए आयाम के बारे में जानकारी दी।

**मुख्यमंत्री का संबोधन :** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने संबोधन में झारखंड के महापुरुषों को याद करते हुए उनके शहादत पर नमन किया और उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य के लिए 40 वर्षों तक आंदोलन सैकड़ो लोगों ने कुर्बानी दी, लेकिन आज भी यहां के आदिवासी मूलवासी संघर्ष कर रहे हैं। सरकार इन वीर शहीदों का झारखंड बनने के साथ-साथ आदिवासी मूलवासी का हक अधिकार दिला रही है। झारखंड राज्य बने 23 वर्ष हो चुके हैं लेकिन आज भी इसका विकास नहीं हुआ है, यहां के खनिज संपदा जंगल जमीन होने के बावजूद शेष पृष्ठ 11 पर

### पिछली सरकार के कार्यकाल में था भय का माहौल : विक्सल कोंगाडी

वही कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंनगाड़ी ने संबोधित करते हुए कहा कि कोलेबिरा के धरती धन्य है जहां पर इस प्रकार के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शामिल हुए हैं। हमारे सरकार प्राथमिकता संविधान को आधार मानकर चलना जानती है, और इस पर चल रही है क्योंकि जहां पर शांति है वहां पर विकास है। पिछली सरकार के कार्यकाल में हम लोग भय के माहौल में जी रहे थे ईसाई धर्म के चर्च की जांच का आदेश पिछले सरकार ने दिए थे और कहा था सीएनटी एक्ट का उल्लंघन उसे जमीन में है तो ध्वस्त कर दिया जाए लेकिन वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार सभी आज संवैधानिक आदेशों को खारिज कर दिया और भयमुक्त और शांति का माहौल वाली सरकार बनाई। आज पूरे राज्य में अल्पसंख्यक विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति हो रही है। इसी प्रकार लगातार सरकार आने वाले दिनों में कई ऐसे कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतरने का काम करेगी जो लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

### हेमंत सोरेन सरकार के प्रति लोगों का बढ़ा विश्वास : बादल पत्रलेख

कृषि मंत्री ने बादल पत्रलेख ने कहा कि आज सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से आम जनता को सीधे लाभ देने का वर्तमान सरकार कार्य कर रही है। जिस प्रकार पूर्व की सरकार में व्यक्ति परेशान था, जिस चेहरे पर उदासी थी, उसे हेमंत सोरेन की सरकार ने खुशियां देने का काम किया और जिस व्यक्ति की सोच में बुजुर्गों के चेहरे पर खुशियां लाने का कार्य किया। महिलाओं के बारे में सोचने का कार्य किया। यहां के 32 लाख प्री मैट्रिक पोस्ट मैट्रिक छात्रों के बारे में जिसने निर्णय लिए, जिसने इस राज्य के बेहतर सर्वांगीण विकास के लिए एक से एक ऐतिहासिक फैसले लिए। वैसे हमारे नेता हेमंत सोरेन की महत्वाकांक्षी कवायद को पंचायत में भरपूर समर्थन मिल रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यहां उपस्थित है। आज लगातार कृषि के क्षेत्र में बहुत सारे कार्य हो रहे हैं।


### पूर्व में योजना हेड क्वार्टर व मुख्यालय तक थी सीमित, अब पहुंच रही गांव : भूषण बाड़ा

सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से जानते को योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य महागठबंधन की सरकार कर रही है। पहले सरकार हेड क्वार्टर एवं मुख्यालय तक सीमित थे। लेकिन जब से हेमंत सोरेन की सरकार बनी है तब से गांव गांव जाकर लोगों को सीधे तौर पर लाभ दे रही है, जब तक गांव का विकास नहीं होगा तब तक ना देश का विकास होगा और ना ही लोग विकसित बनेंगे। उन्होंने आगे कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री आज इस कार्यक्रम में खाली हाथ नहीं पहुंचे हैं बल्कि विकास की योजनाओं की पोटली लेकर यहां पहुंचे हैं और जिसका लाभ शेष पृष्ठ 11 पर

---

पलामू में रफ्तार का कहर

## ट्रक ने बाइक सवार दो सगे भाइयों को रौंदा, मौके पर मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में बुधवार की सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार एक ट्रक ने बाइकसवार दो सगे भाइयों को रौंद दिया। इस घटना में दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई है। हादसे से बदहवास ट्रक चालक एक भाई के शव को करीब एक किलोमीटर तक घसीटता ले गया। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि दोनों भाइयों के शवों के चीथड़े उड़ गए। पुलिस ने मौके से ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर ट्रक को जब्त कर लिया है। यह घटना सदर थाना क्षेत्र के रजवाडीह की है। घटना के बाद नाराज लोगों ने डालटनगंज-पांकी रोड को जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों की पहल से जाम हटा। जानकारी के अनुसार संजू गिरी और रवींद्र गिरी नामक सगे भाई बाइक से डालटनगंज की ओर आ रहे थे। इसी क्रम में तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों भाईयों शेष पृष्ठ 11 पर

---

प्रदेश के पेयजल व स्वच्छता मंत्री ने कहा, सीएम की है कार्यक्रम पर नजर

## शिविर में होगा समस्याओं का ऑन द स्पाट निदान : मिथिलेश ठाकुर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के पेयजल व स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने बुधवार को शहर के क्राउन प्लाजा होटल में वार्ता कर जहां सीएम के दो दिवसीय पलामू दौरे को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ विमर्श किया। वहीं सरकार की महत्वाकांक्षी आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम पर भी विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार- शेष पृष्ठ 11 पर

### आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में मंत्री बरी

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में बुधवार को पलामू के कोर्ट में हाजिर हुए। करीब 20 मिनट चली दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने मंत्री ठाकुर को मामले से बरी कर दिया। कोर्ट से बाहर आने के बाद मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि अदालत की न्याय पर उन्हें पूरा शेष पृष्ठ 11 पर

---

आने वाली है काले धन पर अंतरिम रिपोर्ट

## अब शुरू होगा आरोप-प्रत्यारोप का दौर



**सुनील बादल**

**तीन** दिसंबर को पांच राज्यों छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मध्यप्रदेश, राजस्थान और मिजोरम में इस महीने हुए चुनाव की मतगणना होगी और उसके बाद लोक सभा चुनाव की आहट धमक में बदल जाएगी। इसमें एक बड़ा राजनैतिक मामला भी खूब उछाला जाएगा काले धन का। पिछले एक दशक से अधिक से यह मामला चुनाव के समय तेज होता रहा है और जब यह मामला पहली बार उछला था तब वर्तमान केंदीय सरकार विपक्ष में थी तब से 'जांच' चल रही है और राजनीति भी। जांच का काम जांच दल और एसआईटी को सौंपा गया था। एसआईटी विशेष जांच दल है जिसे 4 जुलाई, 2011 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त किया गया था। प्रारंभ में सुप्रीम कोर्ट ने काला धन मामले में एक उच्च स्तरीय विशेष जांच दल का गठन 4 जुलाई 2011 में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीपी जीवन रेड्डी की अध्यक्षता में किया था। विदेशी बैंकों में जमा काले धन की जांच और उसे लाने की कोशिशों पर इस दल को निगरानी करना था। न्यायमूर्ति रेड्डी इस जांच दल के अध्यक्ष थे। वर्तमान एसआईटी में

की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस एमबी शाह और जस्टिस अरिजीत पसायत कर रहे हैं। फरवरी 2011 में एनडीए ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी के विदेशी खातों में पैसा है। नवंबर 2011 में, गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेशों में जमा सभी काले धन को वापस लाने का वादा किया और उसी पर एक कानून बनाने का भी आह्वान किया था। काला धन काले बाजार से अर्जित धन है, जिस पर आय और अन्य करों का भुगतान नहीं किया गया है। भारत में काला धन विदेशों के बैंक खातों में छुपाया गया है। एचएसबीसी बैंक में कुल 25,420 करोड़ रुपये बकाया बताया गया था। मई 2014 में सत्ता में आने के बाद नरेंद्र मोदी सरकार ने अपनी पहली ही कैबिनेट बैठक में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार एसआईटी के पुनर्गठन को मंजूरी दी थी। वरिष्ठ वकील राम जेठमलानी ने सुप्रीम कोर्ट से 2015 में कहा था कि फैसले को प्रभावित करने के लिए सुनियोजित प्रयास किए जा रहे हैं और उन्होंने सरकार से विदेशी बैंकों में जमा काले धन को भारत लाने के लिए हर संभव प्रयास करने को कहा। जेठमलानी ने न्यायालय से कहा कि वह न्यायालय से कुछ सूचनाएं साझा करना चाहते हैं, जो न्यायाधीशों को हैरान कर देंगी। उन्होंने अदालत से कहा कि काले धन को वापस लाने की उत्सुकता जितनी जनता को है उतनी ही अदालत की भी है।

पैनल ने अपनी पांचवीं रिपोर्ट में कहा था कि 'विभिन्न देशों में इस संबंध में मौजूद प्रावधानों पर विचार करने और नकद लेनदेन के संबंध में अदालतों की विभिन्न रिपोर्टों और टिप्पणियों पर विचार करने के बाद एसआईटी ने महसूस किया कि नकद लेनदेन पर ऊपरी शेष पृष्ठ 11 पर

### तेलंगाना विधानसभा चुनाव में 2290 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला आज

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए मतदान गुरुवार को होगा, जिसमें 3.26 करोड़ से अधिक मतदाता 2,290 उम्मीदवारों की राजनीतिक किस्मत का फैसला करेंगे। चुनाव आयोग (ईसी) ने सभी 119 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के लिए विस्तृत व्यवस्था की है। 35,655 मतदान केंद्रों पर 1.85 लाख से अधिक मतदान कर्मी तैनात किये जायेंगे, जबकि 22,000 माइक्रो पर्यवेक्षक पूरी मतदान प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के तहत राज्य से कुल 45,000 कर्मी, अन्य विभागों से 3,000 कर्मी, तेलंगाना राज्य विशेष पुलिस (टीएसएसपी) की 50 कंपनियां और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 375 कंपनियां तैनात की गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विकास राज ने कहा कि पड़ोसी राज्यों से 23,500 होमगार्ड भी ड्यूटी पर रहेंगे। मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। हालांकि, माओवाद प्रभावित जिलों के 13 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान शाम 4 बजे ही समाप्त हो जाएगा। अधिकारियों ने पीठासीन अधिकारियों को ईवीएम, वीवीपैट और अन्य सामग्री सौंप दी है। चुनाव अधिकारियों ने कुल 72,931 मतपत्र इकाइयों या ईवीएम की व्यवस्था की है।

## गागर में सागर

### राष्ट्रीय नवीन मेल में छपी खबर का असर

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद सिटी के वार्ड नंबर-11 के भट्ठी मुहल्ले में सेविका चयन के बाद औबंधिक प्रमाण पत्र नहीं देने से संबंधित राष्ट्रीय नवीन में छपी खबर के बाद महिला पर्यवेक्षिका किरण कुमारी ने चयनित सेविका शैल प्रिया के अभिभावक को बुलाकर प्रमाण पत्र प्रदान किया। मालूम हो कि आमसभा आयोजित कर सेविका का चयन किया गया था। परंतु चुनाव प्रक्रिया के बाद तस्वीर खिंचवाने के बाद पर्यवेक्षिका औबंधिक प्रमाण पत्र चयनित सेविका को न देते हुए अपने साथ लेते गई थी। उन्होंने बताया कि मेरे पति का अचानक तबीयत खराब होने के कारण वह प्रमाण पत्र सेविका को न देकर भूलवश साथ ले गई थी। चयन के बाद स्थल पर ही प्रमाण पत्र देना हैं। ताकि चयन की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। बाद में उन्होंने चयनित सेविका के अभिभावक को बुलाकर प्रमाण पत्र प्रदान किया।

### भाजपा नेता को पितृ शोक

**हरिहरगंज।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के सोशल मीडिया जिला संयोजक राजेश दास के 75 वर्षीय पिता मथुरा दास का बुधवार को हृदयाघात से निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्रों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन की सूचना पाकर बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर आकर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को सांत्वना दी। बटाने नदी तट पर मृतक का दाह संस्कार किया गया। शोक प्रकट करने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष चंदन जायसवाल, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, टंटू मिश्रा,अखिलेश विश्वकर्मा, पमपम गुप्ता,प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी, संतोष कुमार आदि शामिल रहे।

# अबुआ आवास योजना को लेकर महिलाओं में उत्साह



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर का उद्घाटन बीडीओ अमित कुमार झा, सीओ दीपक मिश्रा, प्रमुख शोभा देवी, 20 सुत्री अध्यक्ष रामानन्द पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर बीजेपी मण्डल अध्यक्ष संजय सिंह, झामुमो अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, 20 सूत्री उपाध्यक्ष उमा शंकर सिंह, सीडीपीओ कुमारी अनिता, वेटनरी डॉक्टर कुमारी मनीषा, जीपीएस कामेश्वर महतो, बीपीओ निर्मल कांत ठाकुर, शिवम जायसवाल आदि उपस्थित थे। मौके पर बीडीओ अमित कुमार झा ने शिविर लगाने के उद्देश्यों को बताते हुये कहा आपकी सरकार-आपके द्वार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आम जनता के लिये है। शिविर में ज्यादा से ज्यादा आमजनों के सहभागिता से ही योजना को सफलता मिलेगी। जरूरतमंदों की समस्याओं का यथा संभव आनस्पाट निष्पादन किया जाएगा। शिविर में अंचल एवं प्रखण्ड से सबंधित सभी विभागों के 17 स्टाल लगाये गये थे। तीन सौ से अधिक आवेदनों में एक सौ से अधिक अबुआ आवास से सबंधित आवेदन मिले। अबुआ आवास को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। इस दौरान 10 छात्राओं को सायकिल के लिए 4500 रूपये का डेमो चेक प्रदान किया गया। शिविर का संचालन मनरेगा सहायक धीरज सिंह द्वारा किया गया।

मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता

# उर्दवार को हराकर बेनी कला की टीम बनी चैम्पियन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आयोजित मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच बुधवार को देवरी कला स्थित महुरांव खेल मैदान पर खेला गया। मैच का उद्घाटन हुसैनाबाद बीडीओ रौशन कुमार,मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष श्रवण राम, पंचायत सेवक सूर्यदेव राम, वार्ड सदस्य निर्मला देवी, देवरी ओपी के एएसआई अखिलेश यादव आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व गेंद को किक मारकर किया। फाइनल में उर्दवार व बेनीकला पंचायत की टीम के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसमें बेनीकला ने उर्दवार को 1-0 से पराजित कर चैम्पियन बनने का गौरव प्राप्त किया। बीडीओ रौशन कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार एक नई सोच और प्रयोग के साथ मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कर रही है। युवाओं को खेल के क्षेत्र में अधिक से अधिक मौका मिले इस टूनार्मेंट का मुख्य उद्देश्य है। मौके पर प्रखंड कोच चंदन कुमार, सुरेंद्र चौधरी, मुखिया पूनम कुमारी,रेफरी शेखर कुमार,जय गोविंद यादव,लाइन मैन अजित कुमार,योगेंद्र कुमार मौजूद थे।

### जा रहे थे बेटी के लिए लड़का देखने, हादसे में मौत

**हुसैनाबाद।** जपला-दंगवार मुख्य मार्ग स्थित घोड़बंधा गांव मोड़ के समीप बुधवार को दोपहर 12 बजे ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। अधेड़ की पहचान ऊंटारी थाना क्षेत्र के सिमरी गांव निवासी कमलेश विश्वकर्मा (50) वर्ष के रूप में हुई हैं। सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस कमलेश को उपचार के लिए अनुमंडलीय अस्पताल ले गई। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार वह अपने गांव से दंगवार की तरफ बाइक से जा रहे थे। घोड़बंधा गांव मोड़ के समीप वह लघुशंका के लिए रूके थे। इसी दौरान ट्रैक्टर की ट्राली की चपेट में आ गये। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया। बताया जाता हैं कि वह अपनी बेटी की शादी के लिए लड़का देखने के लिए जा रहे थे।

# अद्दि कुड़ूख सरना समाज ने खुरा खुर्द में लगाया कुड़ूख जतरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अद्दि कुड़ूख सरना समाज की पलामू जिला यूनिट चैनपुर प्रखंड के खुरा खुर्द गांव में दो दिवसीय कुड़ूख जतरा आयोजित किया। बालकिशुन उरांव की अध्यक्षता व जिला अध्यक्ष मिथलेश उरांव के संचालन में आयोजित कुडुख जतरा की शुरूआत मुख्य अतिथि सह विधायक आलोक चौरसिया ने अन्ना अद्दि प्रार्थना एवं कड़सा दीप जला कर किया। इसके बाद सांस्कृतिक मंडली ने जतरा गीत एवं डोमकच गीत पेश कर लोगों को झुमाया। विधायक आलोक चौरसिया ने कुड़ूख जतरा की शुभकामनाएं देते हुए कुड़ूख जतरा पूर्वजों का दिया धरोहर है। अपनी संस्कृति व धरोहर को सुरक्षित रखना जरूरी है। जो समाज अपनी संस्कृति, पूर्वजों से मिले विरासत को बचा नहीं पाता वह स्वयं मिट जाता है। जिला पाहन विंधेश्वर उरांव ने कहा आदिवासी प्रकृति के पूजक है प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना नहीं किया जा सकता। मेदिनीनगर सदर प्रखंड की प्रमुख बसंती उरांव ने कहा कि पूर्वजों का दिया हुआ विधि-व्यवस्था को बचाने के लिए सरना स्थल, अखड़ा, धुमकुड़िया नियमित रूप से जाने की जरूरत है। अद्दि कुड़ूख सरना समाज के पलामू जिला अध्यक्ष मिथलेश उरांव ने कहा आदिवासी के पास ही ऐसी संस्कृति है जो की एक ही व्यक्ति स्वयं गीत को गाता है, मांदर को बजाता है और नाचता भी है। सरना समाज के पलामू जिला संयोजक श्याम लाल उरांव, बैजनाथ उरांव, श्रवण उरांव, जिला पार्षद प्रमोद कुमार सिंह आदि मौके पर मौजूद थे।

### शिविर में परिसंपत्तियों का वितरण, कई विभागों ने लगाये स्टॉल

# आसेहार में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़, डीसी ने बांटे कंबल



**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** आम जनता को शासकीय योजनाओं का सीधा लाभ पंहुचाने के लिए हेमंत सरकार प्रत्येक पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम चला रही है। इसी के तहत मंगलवार को पांकी प्रखंड के आसेहार हाई स्कूल मैदान में शिविर लगाया गया। पलामू के उपायुक्त शशि रंजन ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों का हाल जाना। शिविर में तकरीबन सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए। शिविर में समस्याओं के निष्पादन के लिए आवेदकों की भारी भीड़ देखी गई। विभिन्न समस्याओं को लेकर आवेदकों ने आवेदन जमा किया। शिविर में सबसे ज्यादा अबुआ आवास के लिए लोगों की भीड़ देखी गई। डीसी शशि रंजन व डीडीसी रवि आनंद ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर बुजुर्ग व असहायों के बीच कंबल, साड़ी, धोती, लुंगी का वितरण किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राज कुंवर सिंह, मनरेगा बीपीओ आशीष कुमार, आसेहार पंचायत के मुखिया देवसागर राम ने परिसंपत्तियों का वितरण किया। सीओ राज कुंवर सिंह ने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि जन समस्याओं का निष्पादन ही शिविर का उद्देश्य है। शिविर में लोगों को जॉब कार्ड के अलावे आधार कार्ड भी बनाया गया। शिविर में कई बच्चों को कल्याण विभाग के तहत निःशुल्क साइकिल के लिए चेक प्रदान किया गया।

# आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** बुधवार को हरिहरगंज नगर पंचायत के मोतीराज महिला कॉलेज मैदान में आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वार्ड संख्या 7,8,9 व10 के लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित 550 आवेदन 17 स्टॉलों पर जमा किये। शिविर में सोना सोबरन योजना के तहत 150 धोती-साड़ी व 200 कंबल लोगों के बीच वितरित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि यह कार्यक्रम आम जनता का है। सभी को इसका लाभ उठाना चाहिये कार्यक्रम में एसडीओ हीरा कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता विजय केरकेट्टा, कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया, सीओ यामुन रविदास ने सभी स्टॉलों पर जाकर निरीक्षण किया। कार्यक्रम में कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, सामुदायिक संगठन कर्ता विचित्रा कुमारी, सीएलटीसी संजय राणा, डा. तोहिद अहमद, महिला पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी, सीएचओ सुशीला तिर्की मौजूद रहीं।

### विपक्षी नेताओं ने बताया फ्लॉप

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत के मोतीराज महिला कॉलेज के मैदान में आयोजित आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचकर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, राजद नेता कमलेश कुमार यादव, आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी, एनसीपी के प्रखंड उपाध्यक्ष उदय सिंह, भाजपा नेता विनोद पासवान आदि ने कार्यक्रम को पूरी तरह से फ्लाप बताया। नेताओं ने कहा कि झारखंड सरकार प्रत्येक पंचायत व नगर पंचायत में शिविर लगाकर जनता को ठगने का काम कर रही है। इसके पूर्व भी सरकार द्वारा हर पंचायतों में शिविर लगाया गया था। किंतु उससे आम जनमानस का कुछ भी भला नहीं हुआ। दिये गये आवेदन कंप्यूटर या रजिस्टर की शोभा बनकर रह गये हैं। यही कारण है कि जनता अब इसमें कोई रूचि नहीं ले रही है।

### फुटबॉल टूर्नामेंट में सड़ेया को मिला वाक ओवर

**हुसैनाबाद।** कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब जपला के तत्वावधान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल टूनार्मेंट प्रतियोगिता में बुधवार का मैच सड़ेया बनाम सबानो के बीच होना था। पर अपरिहार्य कारणों से सबानो की टीम निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पाई। जिसके बाद कमेटी ने सड़ेया टीम को वाक ओवर देने का निर्णय लिया गया। यह मैच गुरुवार को देवरी कला बनाम विश्वसीया के बीच खेला जायेगा।

### सड़क दुर्घटना में दो गंभीर



**पाटन।** थाना क्षेत्र के किशुनपुर -कुड़वा पीडब्लूडी पथ पर बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंचे भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिये मेदिनीनगर भेजवाया। बताया जाता है कि चेतमा गांव के मुरारी उपाध्याय बाइक एक महिला को बैठाकर चेतमा घर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही मोटरसायकिल से आमने-सामने टक्कर हो गई। किशुनपुर ओपी प्रभारी कुमार नीरज ने दोनों बाइकों को अपने कब्जे में ले लिया है।

### नये बीडीओ का भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया स्वागत

**पाटन।** प्रखंड में नए बीडीओ की पद स्थापना होने के पश्चात पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह व जिला कार्य समिति सदस्य निरंजन पासवान ने नए बीडीओ अमित कुमार झा को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर कहा कि नए बीडीओ के आने से प्रखंड क्षेत्र में विकास की रफ्तार बढ़ जाएगी।


## जिला विधिक सेवा प्राधिकार,लोहरदगा

**आम सूचना**

राष्ट्रीय लोक अदालत

दिनांकः—09 दिसंबर,2023 (शनिवार)

स्थान—व्यवहार न्यायालय परिसर, लोहरदगा।

निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निदेशानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), लोहरदगा के प्रांगण में दिनांक 09.12.2023 को पूर्वाहन 11:00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जायेगाः—

(1) सुलह योग्य आपराधिक वाद (2) N.I. Act. u/s 138 से संबंधित वाद (चेक अनादर के केस) (3) मोटर—दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद (4) पारिवारिक / वैवाहिक वाद (5) श्रम विवाद (6) भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद (7) सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद (8) बैंक रिकवरी से संबंधित वाद (9) राजस्व वाद (10) मनरेगा (11) बिजली बिल और पानी बिल से संबंधित वाद (12) बिक्री कर, वाणिज्य कर एवं आयकर से संबंधित वाद (13) सेवा से संबंधित वाद (14) वन विभाग से संबंधित वाद (15) उत्पाद से संबंधित वाद (16) सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, विविध अपील आदि से संबंधित वाद (17) नीलाम वाद (18) दाखिल खारिज मामले (19) अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 11:00 बजे से 04:30 बजे तक लोहरदगा व्यवहार न्यायालय (कचहरी) में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के कार्यालय में आकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा (लैंडलाइन नंबर 06526—299950) से संपर्क कर सकते हैं।

हरीश बिन जमां, आरक्षी अधीक्षक—सह—सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार,लोहरदगा

डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उपायुक्त—सह—उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार,लोहरदगा

राजेन्द्र बहादुर पाल, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश—सह—अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार,लोहरदगा

जनहित में जारी
द्वाराः—जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

PR 312205 Lohardaga(23-24).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

अतिअल्पकालीन ई—निविदा आमंत्रण सूचना

अतिअल्पकालीन ई—निविदा सूचना संख्या— RDD/SD/LOHARDAGA/E-11/2023-24(2nd call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :—

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कुडू प्रखण्ड के जीमा पंचायत में डेयरी परियोजना हेतु भवन निर्माण। | 99,80,000.00 | 1,99,600.00 | 10000.00 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :— 01.12.2023
3. ई—निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :— दिनांक 01.12.2023 से दिनांक 08.12.2023 को अपराहन 5:00 बजे तक।
4. ई—निविदा खोलने का स्थान :— कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, लोहरदगा।
5. ई—निविदा खोलने की तिथि एवं समय :— दिनांक 09.12.2023 पूर्वाहन 11:00 बजे
6. ई—निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :— कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा।
7. ई—निविदा प्रकोश्ठ का दुरभाश संख्या :— 9934523795
8. परिमाण विपत्र की राशि घट—बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई—भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा।

PR 312198 Lohardaga(23-24)D



## समाहरणालय, गढ़वा (जिला जन-सम्पर्क कार्यालय)

**:— सूचना :—**

एतद् द्वारा आमजनों को सूचित करना है, कि दिनांक—30.11.2023, दिन गुरूवार को गढ़वा जिलांतर्गत मेराल प्रखण्ड के दुलदुलवा पंचायत के पेशका हाई स्कूल के मैदान में अपराह्न 12:00 बजे "आपकी योजना—आपकी सरकार, आपके द्वार" कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार का आगमन होने जा रहा है।

उक्त कार्यक्रम में समस्त गढ़वा वासियों से अपील है, कि अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठावें।

उपायुक्त,
गढ़वा

PR312281 (IPRD)23-24*D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

अतिअल्पकालीन ई—निविदा आमंत्रण सूचना

अतिअल्पकालीन ई—निविदा सूचना संख्या- RDD/SD/LOHARDAGA/E-13/2023-24 (2nd call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :—

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कैरो प्रखण्ड के कुम्हारबांध से प्रखण्ड मुख्यालय तक लगभग 01 कि0मी0 पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 41,70,000.00 | 83,400.00 | 5000.00 | 2 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :— 01.12.2023
3. ई—निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :— दिनांक 01.12.2023 से दिनांक 08.12.2023 को अपराहन 5:00 बजे तक।
4. ई—निविदा खोलने का स्थान :— कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
5. ई—निविदा खोलने की तिथि एवं समय :— दिनांक 09.12.2023 पूर्वाहन 11:00 बजे
6. ई—निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :—कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
7. ई—निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाष संख्या :— 9934523795
8. परिमाण विपत्र की राशि घट—बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई—भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

PR.NO.312199 Lohardaga(23-24):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

**अतिअल्पकालीन ई—निविदा आमंत्रण सूचना**

अतिअल्पकालीन ई— निविदा सूचना संख्या — RDD/SD/LOHARDAGA/E-21/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :—

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सेन्हा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत सेन्हा के ग्राम सेन्हा खास, ग्राम सेन्हा साहु टोली, ग्राम नौदी एवं पंचायत तोड़ार में ग्राम तोड़ार के तोड़ार सेरेंगहातु, ग्राम तोड़ार के सेरेंगहातु खास, ग्राम बरही के बरही खास, ग्राम बरही के बरही टंगराटोली, ग्राम बरही के बरही गम्हारटोली ऑगनबाड़ी केन्द्रों में Running Water Facility | 6,08,280.00 | 12,200.00 | 1250.00 | 2 माह |
| 2 | सेन्हा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत अलौदी ग्राम चुरकू के चुरकू खकसीटोली, चुरकू महुवाटोली, ग्राम हेसवे के हेसवे नवाटोली, ग्राम चन्दवा के सुरसुरियाटोली, ग्राम चाव, ग्राम चाव के चाव नीमटोली, ग्राम गड़गॉव, ग्राम अलौदी के अलौदी सेमरटोली, ऑगनबाड़ी केन्द्रों में Running Water Facility | 9,63,300.00 | 19,300.00 | 1250.00 | 2 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :— 01.12.2023
3. ई—निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :— दिनांक 01.12.2023 से दिनांक 08.12.2023 को अपराहन 5:00 बजे तक।
4. ई—निविदा खोलने का स्थान :— कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
5. ई—निविदा खोलने की तिथि एवं समय :— दिनांक 09.12.2023 पूर्वाहन 11:00 बजे
6. ई—निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :— कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा।
7. ई—निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाष संख्या :— 9934523795
8. परिमाण विपत्र की राशि घट—बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई—भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 312193 Lohardaga(23-24)#D

भारत सरकार

# मोदी सरकार की गारंटी



# विकसित भारत संकल्प यात्रा

के लाभार्थियों के साथ **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** का संवाद

**प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना** के अंतर्गत

**देश भर में जन औषधि केंद्रों की संख्या 10 हज़ार से 25 हज़ार तक बढ़ाने की परियोजना का शुभारंभ** एवं

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) देवघर, झारखंड परिसर में 10 हज़ारवें जन औषधि केंद्र का लोकार्पण**

**महिलाओं के नेतृत्व में विकास को गति देने के लिए**

**देश भर में प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र खोलने का शुभारंभ**

देश की महिलाओं एवं स्वयं सहायता समूह (एस.एच.जी.) को आजीविका सहायता के लिए
ड्रोन उड़ाने के लिए विशेष प्रशिक्षण एवं अगले 3 सालों में 15 हज़ार ड्रोन का वितरण

(**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग** के माध्यम से)

**दिनांक: 30 नवम्बर, 2023 | समय: प्रातः 11:00 बजे**

**कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डी.डी. न्यूज़ पर देखें**

CBC 02107/13/0004/2324

## गागर में सागर

### पंचायत समिति सदस्यों की कार्यशाला



**गढ़वा।** भाजपा की ओर से विधायक भानु प्रताप शाही की आवास पर पंचायत समिति सदस्यों का एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन सांसद विष्णु दयाल राम, भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही, प्रदेश का समिति सदस्य डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही तमाम योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यशाला चार सत्रों में चली, सभी कार्यशाला में अलग-अलग नेताओं ने संबोधित किया। कार्यशाला में पंचायत समिति सदस्यों को कुशल जनप्रतिनिधि से संबंधित भी जानकारी दी गई। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष रघुराज पांडे, जिला महामंत्री संतोष दुबे, राजीव रंजन तिवारी, विनय चौबे मुन्ना तिवारी, विकास तिवारी, ब्रजेश उपाध्याय सहित उपस्थित थे।

### एसडीओ ने मुसहर समुदाय से की बात

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह ने बुधवार को नगर उंटारी प्रखंड के नरही पंचायत अंतर्गत सलसलादी ग्राम स्थित मुसहर टोला पहुंचकर उनसे बातचीत कर मतदाता सूची में नाम होने, राशनकार्ड व आधार कार्ड से सबंधित जानकारी ली। मुसहर परिवार के सदस्यों ने अनुमंडल पदाधिकारी से रहने के लिये घर, पीने के पानी के लिये चापानल लगवाने की मांग की। एसडीओ ने कहा कि पहले आधार कार्ड, राशन कार्ड बनने दीजिए। इसके बाद आवास के बारे में बात होगी। उन्होंने मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार सिंह को जिनका मतदाता सूची में नाम नहीं है, उनका नाम जोड़वाने, आधार कार्ड तथा राशनकार्ड बनवाने का निर्देश दिया। इसके बाद एसडीओ ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय मर्चवार स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। मौके पर पंचायत सचिव बिरेन्द्र कुमार सिंह, पंचायत के मुखिया मनोज ठाकुर उपस्थित थे।

### युवक ने जंगल में लगाई फांसी

**गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र के कुदरुम गांव निवासी अमर दयाल सिंह ने अपने घर के पास स्थित जंगल में एक पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे फंदे से उतारकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अमर दयाल एक लड़की के साथ प्रेम करता था। दोनों एक साथ जंगल में मिलने गए हुए थे, जहां युवक इस बात से नाराज होकर फांसी के फंदे से झूल गया कि उसके परिजन उसकी शादी दूसरी जगह कर रहे थे। अमर को फांसी लगाता देख उसकी प्रेमिका ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### खाना बनाने के दौरान महिला झुलसी

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के बेल चंपा गांव निवासी सत्येंद्र उपाध्याय की पत्नी शोभा देवी खाना बनाने के दौरान आग से झुलस गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि घर में शोभा के अलावा कोई नहीं था। शोभा को पहले से ही मिर्गी की बीमारी थी। इसी दौरान सुबह में वह खाना बना रही थी। तभी उसे अचानक मिर्गी का दौरा पड़ा। वह आग मे गिर गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो घायल

**गढ़वा।** गढ़वा-मझिआंव मुख्य मार्ग पर दलेली गांव के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए हैं। घटना में घायल रांची के प्रदीप बनर्जी व गढ़वा थाना क्षेत्र के दलेली गांव निवासी वीरेंद्र चंद्रवंशी शामिल हैं। दोनों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। दोनों एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर मझिआंव से गढ़वा आ रहे थे। इस बीच बरेली गांव के पास मोटरसाइकिल नियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा गांव निवासी रंजीत कुमार पासवान की पत्नी सुष्मिता देवी (26) ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया गया किसी बात को लेकर घर में विवाद उत्पन्न हुआ था। इस बात से उग्र होकर महिला ने कीटनाशक दवा खा ली। स्थिति बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।

### व्यवसायी किशुन साह का निधन

**रमना।** मुख्य बाजार निवासी व्यवसायी कन्हाई प्रसाद गुप्ता के 70 वर्षीय पिता किशुन साह का निधन बुधवार की सुबह हो गया। किशुन साह गत महीनों से मधुमेह रोग से पीड़ित थे। बुधवार की दोपहर किशुन साह का अंतिम संस्कार सुखड़ा नदी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। किशुन साह के निधन पर समाजसेवी बिरंची पासवान, अनुज कुमार, मुन्ना प्रसाद, श्यामकिशोर प्रसाद, बीरेंद्र प्रसाद, सुनील प्रसाद आदि ने गहरी संवेदना प्रकट की है।

### डंडई देवी धाम टोला के ग्रामीणों ने पीसीसी सड़क के क्षतिग्रस्त कंक्रीट को हाथों में लेकर काटा बवाल

# प्राक्कलन के अनुसार नहीं हो रहा पीसीसी सड़क का निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**
डंडई से लवाही रारो होते पनघटवा डैम तक 42 करोड रुपये की लागत से किए जा रहे कालीकरण सड़क निर्माण का पीसीसी कार्य प्राक्कलन के अनुसार नहीं होने का आरोप लगाकर डंडई देवी धाम टोला के ग्रामीणों ने बुधवार को खूब हो हंगामा किया। साथ ही ढाली गई पीसीसी सड़क के क्षतिग्रस्त कंक्रीट को अपने-अपने हाथों में लेकर उक्त स्थल पर बवाल काटा। इस दौरान लोगों के हाथों में कंक्रीट जाते ही वह पूरी तरह बिखरता चला गया।

वहीं बिखरे हुए स्ट्रक्चर को देख ग्रामीण आश्चर्यचकित हो गए। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक द्वारा जिस पीसीसी सड़क की ढलाई की जा रही है उसकी न तो रोलिंग कराई जा रही है और न ही मिट्टी के ऊपर छरी और मेटल ही डाला जा रहा है। जैसे तैसे संवेदक द्वारा सड़क की ढलाई कर दी जा रही है। उसका परिणाम यह हो रहा है कि एक दिन पहले ही ढलाई की हुई पीसीसी सड़क अगली सुबह ही टूट कर बिखरने लग रही है। इतना ही नहीं, जिस सड़क की ढलाई की जा रही है न तो वह बराबर हो रही है और न ही देखने में ही अच्छा लग रहा है। ग्रामीण राम प्रताप गुप्ता, अयोध्या गुप्ता, उदय ठाकुर, दिलीप ठाकुर, उमेश साहू इत्यादि लोगों ने कहा कि संवेदक द्वारा सिर्फ घटिया किस्म की सामग्री से पीसीसी सड़क



की ढलाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि ढलाई की गई सड़क में न तो मानक के अनुसार बालू दिया गया है और न ही सीमेंट। सिर्फ छरी की बदौलत ही उक्त सड़क की ढलाई कर दी गई है। ग्रामीणों ने कहा कि मिट्टी के ऊपर न तो मेंटल डाला गया है और न ही उसकी रोलिंग ही कराई गई है। पूर्व की सड़क पर ही उसकी ढलाई कर दी गई है। उन्होंने कहा कि क्यूरिंग के दौरान जहां बालू देने का प्रावधान है वहां संवेदक द्वारा सिर्फ मिट्टी देने का काम किया जा रहा है।

वहीं ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि यह खेल स्थानीय मुंशी द्वारा किया जा रहा है। मुंशी को पूरी तरह पता था कि इस जगह पर जैसे तैसे ढलाई करके हम सभी आगे बढ़ जाएंगे। इसीलिए उनके द्वारा जैसे तैसे इस जगह पर पीसीसी ढलाई करने का काम कर दिया गया है। उसका नतीजा रहा कि सड़क 12 घंटे के अंदर ही क्षतिग्रस्त होकर बिखर गई। वहीं ग्रामीणों ने उक्त स्थल से दानरो नदी तक प्राक्कलन के अनुसार पीसीसी सड़क की ढलाई करने की मांग की।

### डंडई सहित कई प्रखंडों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# बीडीओ और सीओ ने लाभुकों के बीच किया परिसंपत्ति का वितरण





**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**
प्रखंड की करके पंचायत में बुधवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमुख क्रांति देवी, बीडीओ राहुल कुमार, सीओ चुनाराम हेंब्रम, सांसद प्रतिनिधि उत्तम देव प्रजापति, मुखिया बिंदा देवी, प्रधान लिपिक अभयानंद सिन्हा, अंचल निरीक्षक राजेंद्र यादव ने भाग लिया। वहीं उक्त कार्यक्रम में अलग-अलग विभागों के दर्जनों से भी अधिक विभागवार स्टॉल लगाए गए। इस बीच श्रम, शिक्षा, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, फूलों झानो आशीर्वाद योजना, मुसहर परिवार, 15वें वित, मनरेगा, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, कल्याण, कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य, शिक्षा इत्यादि विभागों के लगे सभी स्टालों पर पदाधिकारी की मुस्तैदी देखी गई। इस दौरान सबसे ज्यादा भीड़ मनरेगा, अबुवा आवास, सावित्रीबाई फुले के साथ-साथ मनरेगा के स्टालों पर भी देखी गई। आवेदनों को कर्मियों द्वारा ऑनलाइन भी किया गया। इस बीच बीडीओ और सीओ की ओर से कई मामलों का ऑन द स्पॉट समाधान भी करने का काम किया गया। लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का भी वितरण किया गया। विधवा पेंशन लाभुक इंद्री देवी को पिछले 20 महीनों से पेंशन की राशि नहीं मिल रही था। उनकी राशि दूसरे के खातों में जाकर पड़ी हुई थी। बीडीओ के प्रयास से उक्त राशि को दूसरे के यहां से वापस करा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के बीच लाभुक इंद्री देवी के हाथों में पेंशन की राशि 20000 का चेक प्रदान करने का काम किया गया। मौके पर सहायक अभियंता राहुल कुमार, कनीय अभियंता मुकेश कुमार दुबे, बीपीओ अरविंद कुमार, पंचायत के पंचायत सचिव राजकुमार राम, रोज सेवक अशोक राम, मुखिया पति ललन चौधरी, सूर्यदेव चौधरी, कन्हाई प्रजापति, गुड्डू चौधरी, रंजीत विश्वकर्मा के साथ-साथ प्रखंड कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## धुरकी : आपके द्वार कार्यक्रम में 900 आवेदन हुए प्राप्त



**नवीन मेल संवाददाता। धुरकी**
प्रखंड के खाला पंचायत सचिवालय में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन मुखिया अजरुन नेशा की अध्यक्षता में बीडीओ जुल्फिकार अंसारी, बीस सूत्री अध्यक्ष ओबेदुल्ला अंसारी, प्रखंड प्रमुख शांति देवी, जिप सदस्य सुनीता कुमारी, उप प्रमुख धर्मेंद्र यादव की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। इस दौरान जनता दरबार में मनरेगा योजना से चयनित पांच कूप के लिए 20 लाख रुपये की स्वीकृति ऑन द स्पॉट की गई। वहीं सर्वजन पेंशन 15, आयुष्मान कार्ड 10, बीस लोगों की भूमि की रसीद, 30 चेक स्लिप, 22 अपग्रेडेशन मोटेशन, 50 गरीबों के बीच कमल का वितरण किया गया। वहीं पांच किसानों को दो-दो केजी सरसों बीज भी वितरण किया गया।

वहीं जनता दरबार में करीब 900 सभी तरह के आवेदन दिए गये। इसमें अबूआ आवास, मनरेगा योजना एवं भूमि सुधार, वन पट्टा से संबंधित अधिकतर आवेदन दिए गये। शिविर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य, शिक्षा, पशुपालन, वन, बिजली से संबंधित समस्याओं का निदान के लिए स्टाल लगाये गये थे। प्रखंडकर्मी व अंचल कर्मी सहित पंचायत समिति सदस्य पंचायत सचिव अजय, रोजगार सेवक राजेश कुमार, जेएमएम नेता इसराइल खान, पंचायत समिति सदस्य पति राम भरोसा राम, धर्मेंद्र यादव, साबिर अंसारी प्रेमचंद राम आदि उपस्थित थे।

### 10 लोगों को सर्वजन पेंशन स्वीकृति पत्र

**भवनाथपुर।** चपरी पंचायत सचिवालय के प्रांगण में बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीबंशीधर नगर एसडीओ रतन कुमार सिंह, बीडीओ नंदजी राम, सीओ रामाशंकर श्रीवास्तव, मुखिया शैलेश कुमार चौबे ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, श्रम विभाग समेत अन्य विभागों के स्टॉल लगे थे। शिविर में बड़ी संख्या में विभिन्न योजनाओं को लेकर आवेदन आये। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने 10 लोगों के बीच सर्वजन पेंशन स्वीकृति पत्र, 10 छात्राओं को साबित्री बाई फुले योजना का लाभ दिया। साथ ही चपरी पंचायत में जेएसएलपीएस समूह के चार आजीविका महिला सखी मंडल के बीच ऋण के तौर पर 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीपीओ तहमीद अंसारी ने किया। मौके पर जेई श्याम कुमार चौधरी, पंचायत सचिव भुनेश्वर सिंह, अजीत सिंह रोजगार विष्णुकांत उरांव, दयानंद प्रजापति, धर्मराज सिंह, शशि कुमार, अशोक आदि उपस्थित थे।

### आपके द्वार कार्यक्रम में 177 आवेदन हुए प्राप्त

**मझिआंव।** झारखंड सरकार के निर्देशानुसार आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम के द्वितीय चरण में पुराना नगर पंचायत कार्यालय भवन डाक बंगला में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें वार्ड संख्या 4, 5, 6, 7 के आमजनों की मुख्य रूप से भागीदारी रही। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में आमजनों ने अपनी-अपनी समस्याओं हेतु आवेदन दिया, जिसमें अनेक समस्याओं से संबंधित शिकायतों का निष्पादन त्वरित किया गया। वहीं शेष शिकायतों के निष्पादन हेतु संबंधित विभाग को अग्रसारित किया। कार्यक्रम में कुल प्राप्त आवेदन की संख्या 177 है, जिनमें पेंशन के 67, गुरुजी क्रेडिट के 2, सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना के 9, कंबल वितरण की संख्या 61, राशन कार्ड संशोधन के 27, जन्म प्रमाण पत्र के 1, भूमि म्यूटेशन के 6 तथा अन्य 4 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने जरूरतमंद लोगों को 61 कंबल का वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश, स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा, अनूप तिवारी, नजीर अमित पाठक, विकास सिंह, जितेश कुमार, वीरेंद्र कुमार तथा नगर पंचायत के कई कर्मी उपस्थित थे।

# स्टूडेंट क्रेडिट योजना के लिए अधिक से अधिक बच्चों को प्रोत्साहित करें : बीपीओ

### प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में बीआरपी- सीआरपी की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में बुधवार को बीआरपी- सीआरपी की बैठक प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बीपीओ ने विभागीय कार्यों की समीक्षा के बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में बीपीओ ने कहा कि गुरु स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत झारखंड राज्य के मान्यता प्राप्त विद्यालय से 10 वीं, 12वीं पास छात्र-छात्राओं के लिए झारखंड सरकार 15 लाख ऋण उपलब्ध करा रही है। प्रखंड स्थित सभी विद्यालय के छात्र-छात्राएं इस योजना का लाभ ले सकते हैं। सभी प्रधानाध्यापक गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट योजना के लिये अधिक से अधिक बच्चों को प्रोत्साहित करें। बीपीओ ने कहा कि प्रयास कार्यक्रम के तहत अपने पोषक क्षेत्र के सभी बच्चों का 30 सितंबर तक शत प्रतिशत नामांकन कर विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति बढ़ाने का निर्देश विभाग के द्वारा हमेशा दिया जा रहा है। इसे प्राथमिकता देते हुए निर्देश का पालन सुनिश्चित किया जाय। विद्यालय विकास राशि का शत प्रतिशत उपयोग करते हुए सीआरपी से हस्ताक्षर कराते हुए प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तथा बीआरपी के पास उपयोगिता प्रमाण पत्र देना सुनिश्चित करें। सभी प्रधानाध्यापक छात्रवृत्ति हेतु सभी बच्चों का सीडी बनाकर बीआरसी में मुकेश कुमार को देना सुनिश्चित करें। बैठक में बीआरपी श्रीकांत चौबे, सीआरपी प्रशांत कुमार देव, संजय कुमार सिंह, अजय कुमार, शोभा पांडेय, सुबोध कुमार, शक्तिदास सिन्हा, बीरेंद्र प्रजापति, रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल, बीआरपी प्रकाश कुमार सिंह सहित सभी सीआरपी उपस्थित थे।

# प्रभाव : बीडीओ ने आखिर कराई प्रखंड कार्यालय के शौचालय की सफाई

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
'राष्ट्रीय नवीन मेल' अखबार में मंगलवार को 'केतार प्रखंड कार्यालय के शौचालय में गंदगी का अंबार' शीर्षक से प्रकाशित खबर पर बीडीओ नंदजी राम ने संज्ञान लिया। उन्होंने प्रखंड और अंचल कार्यालय के अनुसेवक से कार्यालय परिसर में स्थित शौचालय और मुत्राशय की साफ-सफाई करायी।

वहीं अंचल कार्यालय परिसर में स्थित महीनों से बंद शौचालय का ताला भी आमजनों के लिए खुलवाया। सफाई करने वाले अनुसेविका ने बताया की अंचल कार्यालय के महिला शौचालय का दोनों दरवाजा जर्जर हालत में है। उल्लेखनीय है कि केतार प्रखंड कार्यालय परिसर में कमीर्यों व आमजनों के लिए बने शौचालय व मुत्राशय का महिनों से साफ-सफाई नहीं होने के कारण उससे दुर्गंध आ रही थी। इससे ब्लांक कर्मियों व सात पंचायतों के दूरदराज के गांवों से आने वाले ग्रामीणों को परेशानी होती थी। लोग ब्लॉक आने से परहेज करने लगे थे।

# लाभुकों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिये प्रेरित करें : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार सिंह ने प्रखंड के सभी जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना-झारखंड, सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने कहा कि इसका लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले इसके लिये उनके पास आयुष्मान कार्ड होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आप सबों के पास बीपीएल लाभुकों की सूची है। आप सभी लाभुकों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिये प्रेरित करें ताकि उन्हें इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि शिकायत मिल रही है कि कुछ मृत व्यक्तियों के नाम पर राशन उठाव हो रहा है। इसे दूर करने के लिये उन्होंने सभी डीलरों को मृत लाभुकों की सूची प्रखंड कार्यालय में यथाशीघ्र जमा कराने का निर्देश दिया ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। बैठक में डीलर संघ के अध्यक्ष रविन्द्र प्रताप देव, दीनदयाल शुक्ल, रामजी चंद्रवंशी, सीताराम यादव, कृपा कुजूर, अमरनाथ भोक्ता, लालती देवी, विद्या देवी, अशोक मेहता, लालमुनी यादव, अमित कुमार, रमेश प्रसाद उपस्थित थे।

## राजनीति : कन्हैया चौबे ने कहा-भानू प्रताप शाही कॉलेज खोलकर कर रहे हैं बच्चों का शोषण

# भाजपा नेता ने अपनी ही पार्टी के विधायक पर बोला हमला

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
भाजपा नेता कन्हैया चौबे ने अपनी ही पार्टी के विधायक के साथ भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव और ताहिर अंसारी पर भी जमकर हमला बोला। कहा कि विधायक भानू प्रताप शाही, नगर गढ़ और शारदा महेश प्रताप देव कॉलेज खोलकर बच्चों का शोषण करने का काम कर रहे हैं। यहां पर अध्ययनरत बच्चों के प्लेसमेंट की चिंता किसी को नहीं है। सिर्फ पैसे का दोहन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र पूर्व के जनप्रतिनिधियों के कारण पिछड़ा हुआ है। वर्तमान या पूर्व किसी भी जनप्रतिनिधि ने विकास के लिए ईमानदारी से काम नहीं किया है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में भ्रष्टाचार चरम पर है। पदाधिकारी दोहन कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ मेरा संघर्ष जारी रहेगा।

वहीं राज्य की हेमंत सरकार पर कोरोना काल में हजारों मजदूरों की रोजी रोटी छीन कर उन्हें सड़क पर लाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार लोगों को फ्री राशन और दवा की पूर्ति कर रही थी उस समय राज्य की हेमंत सरकार ने भवनाथपुर के तुलसीदामर में काम कर रहे मजदूरों के हाथों से काम




छीन कर उन्हें सड़क पर ला दिया। वह यहां अनिकेत पैलेस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा गढ़वा जिला में सेल आरएमडी के अधीन संचालित एकलौता उद्योग तुलसीदामर डोलोमाइट खदान था, जिसे पर्यावरण अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं देकर विगत 16 फरवरी 2020 से बंद कर दिया गया। 31 मार्च 2020 से खदान की लीज भी समाप्त होने पर उसे बढ़ाया नहीं गया। खदान में बी फार्म के अंतर्गत रजिस्टर्ड 730 मजदूर और बहुत से अनरजिस्टर्ड मजदूर कार्यरत हैं। लीज का विस्तारीकरण नहीं होने के चलते यह सारे मजदूर बेकार हो गए हैं। बड़ी संख्या में इससे परोक्ष रूप से जुड़े लोग भी सड़क पर आ गए हैं।उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य सरकार गरीबों की भलाई के लिए नहीं अपने लिए मलाई की जुगाड़ में है। मुख्यमंत्री ने फरवरी 2014 में भवनाथपुर में पावर प्लांट का शिलान्यास किया था। लेकिन 10 साल में पावर प्लांट लगाने की बात तो दूर वहां शिलान्यास के शिलापट्ट के अलावा पर एक ईंट नहीं रखी गई। उस समय के स्थानीय विधायक अभी उनके साथ हैं लेकिन पावर प्लांट पर उनकी बोलती बंद है। उन्होंने कहा वर्तमान हेमंत सरकार रघुवर सरकार कार्यकाल में भागोडीह में निर्मित पावर ग्रिड का स्विच ऑन कर के अपना पीठ थपथपा रही है। अपने कार्यकाल में जिसका शिलान्यास किया उसमें काम कदम आगे नहीं बढ़ा, पावर प्लांट इसका उदाहरण है। रघुवर दास ने अपने कार्यकाल में भागोडीह में पावर ग्रिड का शिलान्यास किया उसे बनवाया लेकिन सरकार बदल गई उदघाटन हेमंत सरकार के कार्यकाल में हुआ। इस दौरान कन्हैया ने प्रेस वार्ता में अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व चेयरमैन शिवधारी राम, उपेंद्र तिवारी, नासिर अंसारी भी मौजूद थे।

## गागर में सागर

### एससी कल्याण छात्रावास को मॉडल हास्टल बनाने का वादा अधूराः शत्रु



**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने बुधवार को मेदिनीनगर के कचहरी प्रांगण में वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष दिसम्बर महीने में पलामू दौरे के दौरान सीएम ने अनुसूचित जाति छात्रावास रेड़मा को मॉडल हास्टल शीघ्र बनाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई है। साथ ही झारखण्ड इंटरमीडिएट शिक्षक संघ(जिक्टा) के प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता के क्रम में उन्होंने अगले सत्र में वित्त रहित शिक्षा नीति समाप्त कर वित्त रहित शिक्षकों के साथ न्याय करने का भी भरोसा दिया था। उन्होंने कहा उम्मीद है मुख्यमंत्री के इस बार आगमन पर इस संबंध में निश्चित ही सकारात्मक कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कचहरी परिसर में राजा मेदिनीराय व शहीद नीलांबर-पीतांबर की आदमकद प्रतिमा लगवाये जाने की भी मांग की है। मौके पर जिक्टा के केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रो.अजय राम, जिला सचिव पलामू पंकज दुबे व झारखण्ड क्रांति मंच के केन्द्रीय महासचिव विश्वनाथ राम उपस्थित थे।

### हुसैनाबाद नगर पंचायत में लगाया गया शिविर

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड भवन 16 के प्राथमिक विद्यालय मोहम्दाबाद परिसर में मंगलवार को वार्ड संख्याः 15 व 16 के लोगों के लिये आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 250 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना,गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड समेत अन्य योजनाओं से संबंधित अलग-अलग स्टॉल लगाकर लोगों से आवेदन प्राप्त किये गये। इस दौरान नगर पंचायत के लोगों की समस्याओं को सूचीबद्ध किया गया। कई आवेदकों का ऑन स्पॉट योजनाएं स्वीकृत की गयी। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने बताया कि ठंड के मद्देनजर जरूरतमंदों एवं बुजुर्गों के बीच कंबल व धोती-साड़ी का वितरण भी किया गया। मौके पर नजीबुल्लाह अंसारी, नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा,राकेश सिंह, रविकांत पटेल, संजीत कुमार उपस्थित रहे।

### संत मरियम स्कूल में अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम कल

**मेदिनीनगर।** स्थानीय संत मरियम स्कूल के अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम शुक्रवार को घोषित किया जाएगा। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने बताया मुख्यमंत्री के पलामू आगमन के मद्देनजर कार्यक्रम में परिवर्तन किया गया है। सभी अभिभावक शुक्रवार को नवाहाता प्रांगण में आकर अपने बच्चो का परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। शनिवार को स्कूल का संचालन निर्धारित समय के अनुरूप किया जाएगा।

चुनावी सरगर्मी में आ जायेगी तेजी

## जिला बार एसोसिएशन मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू बार एसोसिएशन की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन गुरुवार को किया जाएगा। इसके बाद जिला बार एसोसिएशन की सरगर्मी तेज हो जाएगी। वैसे मो 16 पदों के लिए होने वाले बार एसोसिएशन चुनाव के लिए नवंबर महीने के शुरूआत से ही कचहरी परिसर में हलचल बढ़ गई है। विभिन्न पदों के संभावित उम्मीदवारों द्वारा संपर्क भी शुरू कर दिया गया है। चुनाव अधिकारी शौकत अली ने बताया कि 10 नवंबर को 507 सदस्यीय प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था। इसमें संशोधन के उपरांत 42 नये सदस्यों के साथ 549 सदस्यों की सूची स्टेट बार एसोसिएशन




को भेजी गई है। वहां से स्वीकृति मिलने के बाद गुरुवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा। इसके बाद स्टेट बार एसोसिएशन के निर्देशन में चुनाव संबंधी अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। बहरहाल अधिवक्ताओं व संभावित उम्मीदवारों को बेसब्री से अंतिम सूची के प्रकाशन का इंतजार है।

सड़कों पर रेंगते नजर आये वाहन, बिस्तर में दुबके लोग

## दिन चढ़ने तक कोहरे की चादर में लिपटा रहा पलामू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वर्तमान शीत सत्र में बुधवार को पहली बार पलामू दिन चढ़ने तक घने कोहरे की चादर में लिपटा रहा। इससे वाहन जहां सड़क पर रेंगते नजर आये। वहीं ओस टपकता देख लोग भी देर तक बिस्तर में ही दुबके रहे। मौसम में परिवर्तन के कारण तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। बुधवार सुबह तो जब नित्य की तरह लोग उठे तो बाहर अंधेरा छाया देख उन्हें लगा कि अभी तो भोर ही है। किंतु जब उन्होंने घड़ी देखा तो पता चला कि यह धुंध की चादर है। टपकती ओस की बूंदों के कारण मार्निंग वाक पर जाने वालों की संख्या में भी कमी दर्ज की गई



है। घने कोहरे के कारण दोपहर तक वाहन भी लाइट जलाकर संचालित होते नजर आये। मौसम के मिजाज को देख अभी जिले में कोहरे का प्रकोप बने रहने की संभावना जताई जा रही है।

देवकीनंदन को पलामू से की गई विदाई

# राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी बुलायेगी तो फिर आयेंगे पलामूः देवकीनंदन ठाकुर

### कथावाचक ने ली युवा वाहिनी की सदस्यता, बने महासंरक्षक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी ने ऐतिहासिक श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा के विहंगम आयोजन से इतिहास रच दिया है। इससे प्रभावित होकर हाउसिंग कालोनी में श्रीमद् भागवत कथा सुनाने आये अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज ने युवा वाहिनी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कर वाहिनी की विश्वसनीयता व विस्तार को प्रमाणित कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी की अनुशंसा पर राष्ट्रीय सचिव सोनू मिश्रा की मौजूदगी में मुख्य संरक्षक गुरु पाण्डेय ने देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज



को महासंरक्षक घोषित किया। देवकीनंदन ने संगठन के बड़े कार्यक्रमों में आमंत्रित करने पर झारखंड आने का भरोसा भी लिया। श्रीमद्भागवत कथा के समापन के उपरांत श्री ठाकुर पलामू से अंतिम विदाई से पहले राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय जमदग्नि आश्रम पहुंचे थे। इस दौरान मुख्य संरक्षक गुरु पाण्डेय व प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने उन्हें चांदी से निर्मित गणेश जी की मूर्ति देकर सम्मानित किया। वहीं राष्ट्रीय सचिव सोनू मिश्रा एवं प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय लकी ने देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज को ग्यारह सौ रुपए का सदस्यता प्रमाणपत्र समर्पित किया। मौके पर महाराजश्री ने युवा वाहिनी को सनातन धर्म का संरक्षक बताया। इस दौरान उनके मैनेजर विष्णु शर्मा को भी संगठन का संरक्षक बनाया गया। मौके पर मुख्य संरक्षक गुरु पाण्डेय ने कहा अब युवा वाहिनी समाजिक गतिविधियों को तेज करेगा। इसके तहतं शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार की दिशा में पहल की जाएगी। मौके पर प्रदेश संरक्षक कृष्णकांत चौबे, आशीष भारद्वाज, उपाध्यक्ष शैलेश तिवारी, अनिल दुबे, कोषाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, प्रमंडलीय अध्यक्ष चंदन तिवारी, जिलाध्यक्ष विकास दुबे, महिला विंग जिलाध्यक्ष श्वेता तिवारी, रानी शर्मा, पलामू प्रभारी रिंकू तिवारी, चतरा प्रभारी संजय मिश्रा, प्रदीप दुबे, मनीष तिवारी, मुन्ना पाण्डेय, अमित पाण्डेय, आनंद प्रकाश दुबे, दिलीप तिवारी, ज्ञानेश तिवारी, चंदन तिवारी, आदि मौजूद रहे।

गुरु नानक जयंती पर पर्यावरणविद् ने किया पौधरोपण

## पर्यावरण को बचाने के लिए भौतिक सुख-सुविधाओं में करें कटौतीः हेगड़े



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** कर्नाटक के प्रख्यात पर्यावरणविद् पांडुरंग हेगड़े ने अपने तीन दिवसीय पलामू प्रवास के दौरान जिले के छतरपुर अनुमंडल स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय व डाली बाजार के प्लस टू हाईस्कूल में बतौर मुख्य अतिथि पौधरोपण कर गुरु नानक देव की जयंती मनाई। इस दौरान उन्होंने डाली बाजार के मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी जैविक पार्क में देश व विदेश के करीब 200 से अधिक प्रजातियों के दुर्लभ पौधों का अवलोकन कर पर्यावरण प्रेमी कौशल किशोर के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने पार्क में पौधा भी रोपित किया। उन्होंने पार्क परिसर में बन रहे पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर को देख वीडियो कालिंग से इसकी जानकारी अमेरिकी पर्यावरणविद् जार्ज एजेंट को दी। उल्लेखनीय है कि अगले वर्ष जार्ज वनराखी मूवमेंट पर रिसर्च के लिए भारत आएंगे। कस्तूरबा विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्डेन किरण सिंह ने किया। डाली मुखिया की ओर से मुख्य अतिथि व अध्यक्ष को शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हेडमास्टर शिवप्रसाद यादव, श्रवण कुमार, पूर्व मुखिया अफजल अंसारी, सुचित कुमार जायसवाल, सत्येंद्र प्रसाद, जुबेर अंसारी, राम प्रसाद, विरेंद्र जायसवाल, अवध किशोर प्रसाद, मुस्ताक अंसारी, वैजयंती, मोबिन अंसारी, शेर मोहम्मद अंसारी, राजू रंजन कुमार, शमीम अंसारी आदि शामिल थे।

## मुख्यमंत्री का महिलाओं के प्रति घटिया सोच : लवली गुप्ता



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सीएम हेमंत सोरेन ने महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की है। इस तरह के बयान मुख्यमंत्री की हताशा व निराशा को दशार्ता है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने आरोप लगाते हुए उनसे अविलंब माफी मांगने की मांग की है। श्रीमती लवली ने कहा है कि यह महिलाओं की निजता का हनन है। यह महिलाओं के प्रति झारखंड मुक्ति मोर्चा की विपरीत सोच को भी दशार्ता है। श्रीमती गुप्ता ने पूछा है कि मुख्यमंत्री को कैसे पता कि महिला ब्यूटी पार्लर जाने से पहले व निकलने के बाद कैसी दिखती हैं। उन्हें इस बयान पर माफी मांगनी चाहिए। आखिर सीएम महिलाओं के खिलाफ इस तरह के आपत्तिजनक व शर्मसार करने वाले शब्दों का इस्तेमाल कैसे कर सकते हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सार्वजनिक रूप से राज्य की महिलाओं से माफी मांगते हुए अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। साथ ही राज्य की महिलाओं को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का बहिष्कार करना चाहिए। गौरतलब है कि लोहरदगा में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र की हाई स्पीड ट्रेन की क्वालिटी पर सवाल खड़ा करते हुए इसकी तुलना महिलाओं की ब्यूटी पार्लर में सजने-संवरने से कर दिया था। सीएम ने कहा कि औरत लोग ब्यूटी पार्लर जाकर पूरा रंगाई-पुताई करके आती हैं। वैसे ही सरकार ने पूरे ट्रेन को रंगाई-पुताई करके भेज दिया है।

### रजवाडीह में आपकी सरकार -आपके द्वार शिविर

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मेदिनीनगर सदर प्रखंड के रजवाडीह पंचायत में मंगलवार को आयोजित शिविर का उद्घाटन सदर अंचल अधिकारी सह बीडीओ अमरदीप सिंह मेलहोत्रा ने एमओ मनोज कुमार दुबे, सीआई पोलिकार्प तिर्की, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सदर हरेंद्र तिवारी, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनूप विलियम लकड़ा, बीआरपी सत्येन्द्र पाठक आदि के साथ किया। अध्यक्षता मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी व संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। केश स्टडी के लिए डीआईओ रंधीर कुमार, पंकज पांडेय व विजय कुमार ठाकुर उपस्थित थे।

## आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास के लिये 3027 आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को भी सभी प्रखण्डों में शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित शिविर में आवासहीन लोगों के लिये अलग से स्टॉल लगाकर अबुआ आवास योजना के तहत आवेदन प्राप्त किये गये। इस दौरान 21 पंचायतों सहित छतरपुर, हुसैनाबाद व हरिहरगंज नगर

### शिक्षा का विस्तार करने को लेकर चलाये जा रहे गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के लिये भी अलग डेडिकेटेड स्टॉल लगाया गया

पंचायत में भी एक-एक स्थान पर आयोजित शिविर में अबुआ आवास के तहत 3027 आवेदन प्राप्त किये गये। वहीं सरकार द्वारा शिक्षा का विस्तार करने को लेकर चलाये जा रहे गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के लिये भी अलग डेडिकेटेड स्टॉल लगाया गया। इन स्टॉलों पर 10वीं पास छात्र-छात्राओं से कुल 2715 आवेदन आये। इसी तरह बुधवार को 968 लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। वहीं सर्वजन पेंशन योजना के लिये 175,आयुषमान कार्ड के लिये 79 व मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 141 आवेदन आये। कार्यक्रम के तहत बिश्रामपुर प्रखंड के वार्ड नंबर 13 एवं 14 के लिए अंबेडकर भवन में, चैनपुर के करसो पंचायत में, छतरपुर के वार्ड नंबर 03 एवं 04 के लिए आंगनबाड़ी केंद्र बारा के पास, हैदरनगर के खरगड़ा पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, हरिहरगंज प्रखंड के वार्ड नंबर 7 एवं 10 के लिए मोतीराज महिला कॉलेज के मैदान में, हुसैनाबाद प्रखण्ड के वार्ड नंबर 05 एवं 06 के लिए हरिजन स्कूल वार्ड नंबर 5 में, मनातू प्रखंड के मझौली पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, मेदिनीनगर वार्ड नंबर 3 के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, मोहम्मदगंज के मोहम्मदगंज पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, नौडीहा बाजार के नावटांड पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, नावाबाजार के इटको पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, नीलांबर-पीतांबरपुर के लेस्लीगंज पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, पांडू प्रखंड के पांडू पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, पड़वा प्रखंड के लोहड़ा पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, पांकी प्रखंड के हुरलोंग पंचायत भवन में, पिपरा प्रखंड के पिपरा पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, सतबरवा प्रखंड के रबदा पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, रामगढ़ प्रखंड के रामगढ़ पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, तरहसी प्रखंड के तरहसी पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, ऊंटारी रोड प्रखंड के लहर बंजारी पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा।




### नावा बाजार में आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का विशेष शिविर

**नावा बाजार।** प्रखंड अंचल कार्यालय नावा बाजार परिसर में बुधवार को आपकी योजना- आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नावा बाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद, प्रमुख विद्या देवी, उपप्रमुख मीर खुर्शीद आलम, इटको पंचायत मुखिया जोहरा बीवी, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राजबली महरा,जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सोनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन विकास पांडे ने किया। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सर्व पेंशन योजना,पशुधन विकास योजना,आयुष्मान भारत कार्ड, मुख्यमंत्री अबुआ आवास, आधार पंजीकरण, शिक्षा विभाग की छात्रवृत्ति, पोशाक वितरण, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड,मनरेगा से दीदी बड़ी योजना, सिंचाई कूप निर्माण,जेसीपीएल ,खाद्य आपूर्ति से राशन कार्ड हरा कार्ड,कृषि से किसान क्रेडिट कार्ड,बिरसा हरित ग्राम योजना, आंगनबाड़ी केंद्र से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बाल विकास परियोजना से महिलाओं को निःशुल्क पोषाहार, गोद भराई रस्म, शिशुओं का अन्नप्रासन योजना सहित 18 स्टॉलो के लाभ तथा उपलब्धता के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंचायतवासियों को महत्वाकांक्षी योजना से जोड़ कर अंतिम व्यक्तिय तक लाभ पहुंचाया जा रहा है। इस दौरान जहां दो महिलाओं की गोदभराई की गई वहीं दो शिशुओं का अन्नप्रासन किया गया। शिविर में मनरेगा से इटको पंचायत के लाभुकों को 2 सिंचाई कूप निर्माण का स्वीकृति पत्र दिया गया। 10 जॉब कार्ड,म्यूटेशन, मुख्यमंत्री पशुधन सहित बाल विकास परियोजना की प्रदर्शनी लगाई गई। मौके पर एएनएम प्रतिमा देवी, डा. लवकुश कुमार, रोजगार सेवक गोविंदा पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम — कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न पंचायतों में भी पहुंचेगी सरकार

# मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के गुरुद्वारा में आपकी सरकार-आपके द्वार शिविर आज

### वार्ड संख्या 19 एवं 20 के नागरिक करेंगे प्रतिभाग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 30 नवंबर को जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 19 एवं 20 के लिए गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा में गुरुवार को शिविर आयोजित कर जहां नागरिकों की समस्याएं सुनी जाएंगी। वहीं परिसंपत्तियों का वितरण भी किया जाएगा। इसी क्रम में हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड 04 के लिए प्राथमिक विद्यालय गमहरिया में



शिविर का आयोजन किया जायेगा। विस्तृत कार्यक्रम के तहत हैदरनगर प्रखंड के चौकड़ी, हुसैनाबाद के बड़ेपुर, पिपरा के मधुबाना मुख्यालय, हरिहरगंज के कटैया पंचायत मुख्यालय, नौडीहा बाजार के नवाटांड़, छतरपुर के पिंडराही, पांडु के फुलिया, विश्रामपुर के घासीदाग पंचायत मुख्यालय, नावाबाजार के बसना पंचायत मुख्यालय, पंडवा के पतरा पंचायत मुख्यालय, चैनपुर के बोडी, रामगढ़ के नावाडीह पंचायत मुख्यालय, सदर के जमुने, पाटन के सतौआ, मनातू के मंझौली-1 पंचायत मुख्यालय, तरहसी के अरका, नीलांबर -पीतांबरपुर के हरतुआ, सतबरवा के वोहिता, पांकी के सूडी पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### नीलांबर-पीतांबरपुर प्लस-2 हाईस्कूल की बाउंड्री का निर्माण शीघ्र

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड मुख्यालय कस्बा स्थित राजकीय प्लस-2 हाईस्कूल की चारदीवारी का नवनिर्माण शीघ्र शुरू हो जाएगा। पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह भाजपा नेता डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने मंगलवार को बाउंड्री वाल निर्माण के लिए शिलान्यास किया। स्कूल में फिलवक्त 9वीं से 12वीं तक की पढ़ाई होती है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में 2002 विद्यार्थी नामांकित हैं। इन विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए केवल 14 शिक्षक कार्यरत है। तीन अन्य शिक्षक आउट सोर्सिंग के तहत तैनात हैं जो व्यवसायिक पाठ्यक्रम का अध्यापन करते हैं। बाउंड्री वाल निर्माण के लिए शिलान्यास करते हुए विधायक ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार काफी तेज हुई है। सड़क, पुल-पुलिया, विभिन्न प्रशासनिक, शैक्षणिक व स्वास्थ्य संस्थानों के लिए भवन निर्माण कराया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र का कोई भी एरिया विकास से अछूता नहीं रहेगा, यह उनका संकल्प है। शहरी के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र का विकास सुनिश्चित करने से ही देश के समग्र विकास का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। अंत्योदय का सपना भी इसी से पूरा होगा। विधायक ने कहा कि विद्यालय परिसर की जमीन काफी समय से खाली पड़ी थी। कई बार विद्यालय की जमीन पर अतिक्रमण किए जाने की बात भी सामने आई। विद्यालय परिसर खुला होने से बच्चों की सुरक्षा पर खतरा था। विद्यालय परिसर की चारदीवारी बन जाने से विद्यार्थी बगैर हस्तक्षेप के अध्ययन कर सकेंगे। उनकी सुरक्षा भी पुख्ता होगी। शिलान्यास के दौरान मिथिलेश कुमार पासवान, प्रो बच्चन ठाकुर, सुधीर तिवारी, अजय तिवारी, कार्तिक सिंह, अशोक चंद्रवंशी, राकेश मेहता के अलावा स्कूल प्रबंधन के सदस्य भी मौजूद थे। स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय की जमीन करीब 4.74 एकड़ हैं।

## गागर में सागर

### फलिंद्र रविदास को मिला बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ



**लोहरदगा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम कैरो प्रखंड के सढ़ाबे पंचायत स्थित फुटबॉल मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सढ़ाबे निवासी फलिंद्र रविदास को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ मिला। उन्होंने बताया कि अपने खेत में सिंचाई के लिए बहुत दिक्कत होती थी। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के अंतर्गत अब सिंचाई कूप मिल गया है तो इसके निर्माण के बाद सिंचाई हो जाएगी। सिंचाई के अभाव में उत्पादन पर बहुत पड़ता था जो अब दूर हो जाएगा। फलिंद्र ने बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ दिए जाने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया।

### मंदिर में ध्वजारोहन का पूजन कर लगाया गया पंच देव ध्वज



**लोहरदगा।** भकसो गांव में उमा देवी प्राचीन मंदिर में ध्वजा रोहन का पूजन कर पंच देव ध्वज लगाया गया। यज्ञकर्ता पूजन जगताचार्य स्वामी अर्जुनानंद भारती के द्वार संपन्न कराया गया। याज्ञिक भोलू पांडे शनि मंदिर मैना बगीचा के द्वारा पूजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से लोहरदगा अनुमंडल क्षेत्र के ग्राम भक्सो में उपस्थिति प्रबुद्ध जनों की हुई, जिसमें उपस्थित भक्सो मंदिर समिति सदस्य गण थे। अध्यक्ष रमेश राम, सचिव दीपक साहू, उपाध्यक्ष मदन महली, सह सचिव अमित लोहारा, विनोद महली, कोषाध्यक्ष सतीश महली, नितेश महली, मीडिया प्रभारी उदय कुमार साहू, समिति संरक्षक शंभू सिंह, प्रदीप साहू, सीताराम साहू इत्यादि मौजूद थे।

### अनिता कुमारी को मिला सुकन्या समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र




**लोहरदगा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कैरो प्रखंड के सढ़ाबे में आयोजित की गया। कार्यक्रम में डॉ अनुग्रह सिंह विद्यालय के कक्षा 10 की छात्रा अनिता कुमारी को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत पांच हजार रुपये का स्वीकृति प्रमाण-पत्र मिला। इस योजना का लाभ दिए जाने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया।

## रायडीह प्रखंड की परसा पंचायत में लगे शिविर में परिसंपत्ति का वितरण

# उपायुक्त ने किया आपके द्वार कार्यक्रम का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
जिले भर में संचालित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के विभिन्न प्रखंडों में शिविर का आयोजन किया गया। आज कामडारा प्रखंड के कोनसा पंचायत, चैनपुर के बेंदोरा पंचायत, विशुनपुर के निरासि पंचायत, गुमला के वृंदा पंचायत, रायडीह के परसा पंचायत एवं नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 3 तथा 6 में सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने रायडीह प्रखंड के परसा पंचायत का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने सभी स्टॉल्स को देखा और वहां बैठे कर्मियों से कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। साथ ही इस दौरान लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का भी वितरण किया गया। परसा पंचायत में कुल 120 कंबल का वितरण किया गया। वहीं 700 से अधिक पौधों का वितरण किया गया। लगभग 200 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। वहीं 30 से अधिक लोगों का ऑन द स्पॉट जॉब कार्ड बनवाया गया। अबुआ आवास योजना के तहत लगभग 350 आवेदन प्राप्त किए गए। 80 लाभुको का ऑन द स्पॉट आयुष्मान कार्ड के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया। पशुपालन विभाग की ओर से 40 से अधिक लाभुकों के बीच पशु दवा का वितरण किया गया। 8 लाभुकों को ऑन द स्पॉट पेंशन स्वीकृति प्रमाणपत्र दिया गया। 43 छात्र / छात्राओं को साइकिल क्रय हेतु चेक का वितरण किया गया। बिरसा मुंडा सिंचाई कप के तहत 5 को स्वीकृति प्रमाणपत्र दिया गया। इसके अलावा जाति प्रमाणपत्र, जन्म/मृत्यु प्रमाणपत्र आदि से संबंधित आवेदनों को प्राप्त कर ऑन द स्पॉट कार्य रजिस्ट्रेशन का कार्य किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थिति नागरिकों से मुलाकात की। उनकी समस्याओं को जाना एवं सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत भी कराया। उपायुक्त ने लाभुकों को विभिन्न योजनाओं के लिए लगे स्टॉल्स का भ्रमण करने एवं योजनाओं की जानकारी लेने हेतु नागरिकों को प्रेरित किया। मौके पर वहां उपस्थित लाभुकों ने भी सरकार की महत्वाकांक्षी पहल सरकार आपके द्वार के तहत लगाए जा रहे शिविर में दिए जाने वाले सभी लाभ एवं जानकारी के सुविधाजनक रूप के मिलने के कारण सरकार के प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरान मौके पर बीडीओ रायडीह सहित विभिन्न विभागों के कर्मी भी मौजूद रहें। शिविर में सैंकड़ों की संख्या में आम नागरिकों की भीड़ देखने को मिली।

### आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आज जिले के विभिन्न प्रखंडों की 8 पंचायतों में होगा शिविर का आयोजन

**गुमला।** 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत गुरुवार को गुमला नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 7, घाघरा के आदर पंचायत, सिसई के भूरसो पंचायत, बसिया के पोकटा पंचायत, गुमला के पुग्गु पंचायत, भरनो के दुम्बो पंचायत, रायडीह के सिकोई पंचायत एवं पालकोट के बंगरू पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर का आयोजन सभी पंचायत भवनों के परिसर में किया जाएगा। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिले के नागरिकों से अपील की कि अपने निकटतम शिविरों में जाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और 'आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के उद्देश्य को पूर्ण करें। इन शिविरों में मुख्यमंत्री अबुआ आवास योजना के तहत आवेदन प्राप्त किए जाएंगे, मुख्यमंत्री श्रमिक योजना, पीएम स्व. निधि योजना, स्वयं सहायता समुह निर्माण, फुटपाथ विक्रेताओं का स्मार्ट आईडी कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित निष्पादन कार्य का निष्पादन कर लाभुकों को लाभान्वित किया जाएगा। वहीं होल्डिंग टैक्स, पानी कनेक्शन, टैक्स एवं ट्रेड लाईसेंस से संबंधित कार्यों का निष्पादन किया जाएगा। स्ट्रीट लाइट से संबंधित कार्य, राशन से संबंधित समस्या, पीडीएस के तहत राशन कार्ड को आधार से लिंक करने, सर्वजन पेंशन योजना का लाभ प्रदान करने, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का लाभ देने, सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना अन्तर्गत सुयोग्य लाभुकों को स्वीकृति प्रदान करने, लाभ देने, सेवा का गारंटी अधिनियम के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सेवाओं यथा जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तथा समाजिक सुरक्षा योजनाओं यथा पेंशनादि से संबंधित लंबित मामलों का त्वरित गति से निस्तारण किया जाएगा।? इसके अलावा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर निबंधन कराने, लंबित दाखिल-खारिज वादों का निष्पादन करने, भूमिमापी के लंबित मामलों का निष्पादन एवं निर्वादित मामलों में लगान रसीद निर्गत करने का कार्य संपादित किया जाएगा। वहीं शिविर में धोती, साड़ी, लुंगी एवं कंबल का वितरण लाभुकों के बीच किए जाने के साथ साथ राज्य सरकार के अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर आमजनों को जागरूक किया जाएगा।

### कैरो में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

## जिला परिषद अध्यक्ष ने ग्रामीणों से की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील



**नवीन मेल संवाददाता**
**लोहरदगा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कैरो प्रखंड के सढ़ाबे पंचायत के सढ़ाबे फुटबॉल मैदान और पेशरार प्रखंड के मुंगो ग्राम के प्लस टू प्रोजेक्ट उ0वि0 में किया गया। सढ़ाबे फुटबॉल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी शामिल हुईं। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ने ग्रामीणों से योजनाओं का उठाने की अपील की। साथ ही अबुआ आवास, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले योजना, छात्रवृत्ति योजना समेत अन्य योजनाओं को जानकारी दी और राज्य सरकारी की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे बताया। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कोलेबिरा में आयोजित कार्यक्रम को लाईव दिखाया गया। आज के कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य सुखदेव उराँव, प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचल अधिकारी, प्रमुख, मुखिया समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## श्री हरि नाम रस अमृत महोत्सव का भव्य समापन, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर हुई शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
रांची इस्कॉन से आए हुए श्री राधा सूतदास प्रभु जी, श्री गोविंद देवदास प्रभु जी, श्री सुमित प्रभु जी एवं अन्य वैष्णव भक्तों के द्वारा भव्य रूप से नाम संकीर्तन नृत्य वाद्य के साथ किया गया। इससे रामपुर एवं आसपास के सभी गांव के ग्रामीण माता बहने एवं पुरुष भाई भक्ति भाव से विभोर हो गए। खासकर छोटे-छोटे बच्चों एवं माता के साथ समस्त वैष्णव भक्तों ने नाम संकीर्तन कर माहौल को और भक्ति में बना दिया। इस कार्यक्रम में उपस्थित मांडर विधानसभा की पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर भाव बिफोर होकर वैष्णव भक्तों के साथ हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे राम हरे राम राम हरे हरे महामंत्र का संकीर्तन करते हुए उपस्थित ग्रामीणों से आह्वान किया कि हमारा जीवन आज धन्य हुआ कि आज हम सभी को इस भक्ति में पूर्ण माहौल में उपस्थित होकर जीवन को धन्य किया। साथ ही सभी ग्रामीणों में भक्तिमय माहौल बना पूणार्हुति हवन में मुख्य मुख्य पुरोहित पंडित विभाकर पाठक एवं प्रणव पाठक ने वैदिक मित्रों के द्वारा हवन आहुति दिलाया। यजमान कृष्णा चौधरी सपत्नीक कुंती देवी, अशोक साहू, शिवधन साहू, प्रफुल्ल कुमार साहू, प्रदीप साहू, बिगन महली, सूरज कुमार, रूपेश महली, रॉबिन साहू, भवेश ठाकुर, सूरज दसौंधी, आशीष कुमार, रितेश साहू, विनीत कुमार साहू, सोनू साहू, सीताराम साहू, पवन साहू पप्पू, महावीर लोहार, पंडित लोहार, लक्ष्मण महली, सुखदेव लोहार, विनोद भगत, गुलशन लोहार, बलराम साहू, निरंजन साहू, गोवर्धन साहू, विकु कुमार, नरेंद्र सिंह, अमित सिंह, रोहित सिंह, शंभू सिंह, अमरिंदर प्रसाद सिंह, अरविंद साहू, उपेंद्र साहू, अमरिंदर लोहार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक श्यामसुंदर उरांव आदि उपस्थित थे।

## किसानों के बीच दो-दो किलो सरसों बीज का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
प्रखंड क्षेत्र की भड़गांव पंचायत अंतर्गत सरनाटोली ग्राम में बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत किसानों के बीच 2 - 2 किलोग्राम सरसों बीज का वितरण किया गया। प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम की मौजूदगी में जिला कृषि कार्यालय आत्मा द्वारा गांव के सूर्यकांत उरांव, उदय उरांव, नेहा देवी, बिरसा उरांव, रामवृत उरांव, संदीप उरांव, मोहन उरांव, उमेश उरांव, महेंद्र उरांव, निकेश उरांव, प्रदीप उरांव, मनोज उरांव सहित अन्य 12 किसानों के बीच रवि फसल के माध्यम से कम बारिश में तेलहन खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिरसा फसल विस्तार योजना के माध्यम से बीज वितरण किया गया। वहीं बीस सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र के किसानों के लिये विभिन्न तरह की योजनाएं चला रही हैं। उसी क्रम में बुधवार को सरनाटोली में किसानों के बीच सरसों बीज वितरण किया जा रहा है, जिसे किसान तेलहन खेती कर अच्छी पैदावार कर सकते हैं और अपनी आय में वृद्धि कर समृद्ध हो सकते हैं। मौके पर तकनीकी प्रबंधक सुमन कुमार, जेएमएम पूर्व प्रखंड अधयक केश्वर उरांव, कृषक मित्र रविंद्र उरांव सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

# अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल होगा लोहरदगा स्टेशन : सांसद सुदर्शन भगत

### आरक्षित टिकट तत्काल एवं लंबी दूरी का टिकट सरलता से आम जनता को प्राप्त हो



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
दक्षिण पूर्व रेलवे डिवीजन की बैठक रांची के बीएनआर होटल में की गई, जिसकी अध्यक्षता लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत ने की। इसमें झारखंड सहित उड़ीसा के लोकसभा और राज्यसभा सांसद गण बैठक में शामिल हुए। बैठक के पश्चात उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन लोहरदगा अमित भारत का स्टेशन योजना के अंतर्गत बहुत जल्द शामिल होगा।
अपने लोकसभा क्षेत्र में आने वाले सभी स्टेशनों की सुविधाओं को और कैसे सुदृढ़ किया जाए इसे लेकर निर्देशित किया एवं जनता की यात्रा सुलभ बनाने के लिए कई लंबी ट्रेनों की मांग रखी। इसमें मुख्य रूप से इटकी से लेकर बड़की चांपी तक सामुदायिक सौचालय विशेकर महिलाओं के लिए अलग से व्यवस्था, स्टेशनों एक यूनिट की सुविधा सुनिश्चित करने को कहा। आरक्षित टिकट तत्काल एवं लंबी दूरी का टिकट सरलता से आम जनता को प्राप्त हो। जगह-जगह पर बनी अंडर स्वच्छ पेय जल व्यवस्था एवं खराब पड़े हुए पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने को कहा। साथ ही इटकी से लेकर सभी स्टेशनों पर निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सहित तेजी लाकर योजनाओं को पूर्ण करने की बात कही। लोहरदगा में रेलवे चिकित्सा केंद्र की सुविधा एवं इलेक्ट्रिक सिस्टम को बेहतर करने के लिए कर्मचारी सहित पास में जल संग्रह एवं अन्य समस्याओं को दूर करने की बात कही। साथ ही नई रेल के परिचालन करने का आग्रह किया, जिसमें रांची से दिल्ली जाने वाली गरीब रथ सप्ताह में दो बार भाया लोहरदगा चलाई जाए।
रांची से भाया लोहरदगा बनारस, प्रयागराज के लिए गाड़ी दिया जाए। रांची से अहमदाबाद की भाया लोहरदगा होते हुए चलाया जाए और रांची स्टेशन से भी सीटें आरक्षित करने की बात कही हो। किसानों के हितों की रक्षा के लिए लंबे समय से लगातार मांग किसानों द्वारा उपज की सही मूल्य मिले इसके लिए लोहरदगा से राउलकेला के लिए रेल सुविधा बहाल किया जाए। रांची से आयोध्या के लिए भाया लोहरदगा होते हुए भी रेल सुविधा बहाल हो।

**पहल**

### बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार को लेकर खास चर्चा की गई

# सैकड़ों लोगों ने ली जय श्री राम समिति की सदस्यता



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
अग्रसेन भवन में जय श्री राम समिति की बैठक जिला महामंत्री प्रदीप साहू की अध्यक्षता हुईं। बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार को लेकर खास चर्चा की गई। बैठक में कैरो प्रखंड एवं भंडरा प्रखंड के सैकड़ो लोगों ने समिति की सदस्यता ग्रहण की। इस बीच जिला एवं नगर पदाधिकारी की उपस्थिति में कैरो प्रखंड के नगजुआ एवं बसरी तथा भंडरा प्रखंड के बरवा टोली में समिति की गठन की गई जो सर्वसमिति से नगजुआ के अध्यक्ष मनीष साहू, बसरी अध्यक्ष नितेश कुमार सिंह एवं भंडरा प्रखंड के बरवाटोली अध्यक्ष सूरज ठाकुर को बनाया गया। पूरी कमेटी का विस्तार किया गया। मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक रमेश उरांव ने कहा संगठन की बढ़ती लोकप्रियता से प्रभावित होकर सैकड़ों लोगों का जुड़ाव होना संगठन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। जिला महामंत्री प्रदीप साहू ने कहा कि संगठन के बिना सभी अधूरा है। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा कि आज का दिन बहुत ही संभावनाओं को जन्म दिया। आने वाले दिनों में जय श्रीराम समिति सामाजिक धार्मिक के क्षेत्र में हमेशा आगे रहेगी ऐसा हमें प्रतीत होता है। बैठक के पश्चात कोर कमेटी की बैठक जिला एवं नगर पदाधिकारी के साथ हुई बैठक में कोर कमेटी सदस्य रमेश उरांव ने कहा कोर कमेटी की अगली बैठक में जिले के सभी पदाधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य होगी। बैठक में कुछ अहम फैसले लिए जाएंगे। मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह अजय सोनी, जिला उपाध्यक्ष अनुज कुमार, जिला कोषाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, जिला सह कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद, सदर प्रखंड प्रभारी बजरंग साहू, सेन्हा प्रखंड महामंत्री पंकज महतो, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति भगत, नगर महामंत्री सुशील पटनायक, नीरज साहू,ओम प्रकाश, राहुल कुमार, मिहिर त्रिपाठी, करण कुमार, छोटन महतो, शिवनारायण महतो, अखिलेश कुमार, अनिल महतो, गणेश महतो, कृष्णा कुमार, नीरज यादव, संदीप कुमार, मनीष यादव, रोहित कुमार, आशीष यादव, अनिल कुमार, आनंद साहू, पंकज महतो, पंकज ठाकुर, अंकित कुमार, दुर्गा साहू, संजय कुमार, अर्जुन राम, नवीन ठाकुर, रूपेश साहू, रिशु कुमार, शुभम पुरोहित, नीरज कुमार आदि मौजूद थे।

## खो-खो प्रतियोगिता में सुंदरी देवी शिशु मंदिर बना प्रांत चैंपियन



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
विद्या भारती झारखंड प्रांत के तत्वावधान में आयोजित 34वीं प्रांतीय शिशु वर्ग एथलीट प्रतियोगिता बाघमारा में आयोजित की गई, जिसमें सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा की बहनों की टीम खो खो में पूरे प्रांत में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी क्रम में भैया बहन 100 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मी की बहन की दौड़ में स्वर्ण पदक प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर की दौड़ में बहन ने द्वितीय स्थान तथा भैया लंबी कूद में तृतीय स्थान प्राप्त करके पूरे प्रांत में लोहरदगा जनपद का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सभी सदस्य विभाग प्रमुख प्रांत संचालक शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास, मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी, सुंदर देवी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे तथा यहां के स्थानीय लोगों ने भैया बहनों के बहुत बधाई एवं शुभकामना दी है।

## एक नजर

### अमेजन फैशन वेडिंग स्टोर वन स्टेप डेस्टिनेशन बन के उभरा

**रांची ।** शादी का मौसम रंगों, रीति-रिवाजों और उत्सवों के लिए अमेजन फैशन का वेडिंग स्टोर आगामी शादी के सीजन के लिए वन स्टॉप डेस्टिनेशन बनकर सामने आया है। आप चाहे दुल्हन हों, दुल्हन की सहेली हों, दूल्हे की बहन हों, या दूल्हे के पिता हों, सबसे अच्छे दोस्त हों, या चचेरे भाई हों यहां सभी के लिए सब कुछ है। लेटेस्ट स्टाइल और ट्रेड के साथ इस स्टोर को खासतौर पर तैयार किया गया है। यह स्टोर हर हाल में यह सुनिश्चित करेगा कि आप इस शादी के मौसम में सबसे बेहतरीन लुक में दिखें। दुल्हनों के लिए यहां खूबसूरत लहंगे, स्टाइलिश और आरामदायक सैंडल, ट्रेंडी बैग की शानदार रेंज पेश की गई है। वहीं दूल्हे अपने लुक में चार चांद लगाने के लिए खूबसूरत शेरवानी, पारंपरिक जूतियां और स्टाइलिश घड़ियों की खरीदारी कर सकते हैं।

### बीएसई मार्केट कैप चार ट्रिलियन डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के कार्यकारी निदेशक सतीश मेनन ने बुधवार को कहा कि बीएसई मार्केट कैप का 4 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचना शेयर बाजार में एक नई गति की शुरूआत का संकेत है। दूसरी तिमाही की ठोस कमाई और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण शेयर बाजार में तेजी आ रही है। मेनन ने कहा कि घरेलू तरलता ने बाजार को समर्थन दिया है, लेकिन उच्च अमेरिकी बांड यील्ड के कारण विदेशी फंड प्रवाह में कमी एक बाधा रही है। उन्होंने कहा, ये अच्छी बात है कि अमेरिका में ब्याज दरें ऊंची हैं और डॉलर इंडेक्स में गिरावट आ रही है।

### जोमैटो में 3.4 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच रहा एंट ग्रुप का अलीपे

**नई दिल्ली।** एंट ग्रुप के स्वामित्व वाली डिजिटल पेमेंट्स प्लेटफॉर्म कंपनी अलीपे कथित तौर पर ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो में 3.44 फीसदी हिस्सेदारी बेच रहा है और ब्लॉक डील के जरिए 395 मिलियन डॉलर तक जुटाने की उम्मीद है। वॉल स्ट्रीट जर्नल द्वारा देखी गई टर्म शीट के अनुसार, फ्लोर प्राइस 111.28 रुपये (1.33 डॉलर) प्रति शेयर रखा गया, जो जोमैटो के अंतिम कारोबार मूल्य 113.80 रुपये से 2.2 प्रतिशत कम है। रिपोर्ट में बताया गया है कि एक्सपेक्टेड सेटलमेंट डेट 30 नवंबर है। इस बीच, जोमैटो ने 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में प्रॉफिट ऑफ्टर टैक्स (पीएटी) के रूप में 36 करोड़ रुपये दर्ज किया है।

### एफआईआई ने कोफोर्ज आईडीएफसी फर्स्ट बैंक पतंजलि फूड्स में निवेश

**नई दिल्ली।** कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार, कोफोर्ज, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और पतंजलि फूड्स में सितंबर तिमाही में एफपीआई की हिस्सेदारी में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी देखी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि म्यूचुअल फंडों की हिस्सेदारी में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी कॉफोर्ज, सुला वाइनयार्ड्स और रेस्तरां ब्रांड्स एशिया में हुई, जबकि बैंकों और वित्तीय संस्थानों ने रेस्तरां ब्रांड्स एशिया, यूनियन बैंक और अमारा राजा में अपनी हिस्सेदारी सबसे ज्यादा बढ़ाई। म्युचुअल फंड की हिस्सेदारी में सबसे ज्यादा कमी सुप्रीम इंडस्ट्रीज, एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस और अशोक लेलैंड में हुई, जबकि बीएफआई के लिए यह डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक और कोलगेट पामोलिव में थी।

# शेयर बाजार में आई मजबूती सेंसेक्स-निफ्टी में अच्छा कारोबार



**एजेंसी। नई दिल्ली**
मिले-जुले ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार में आज मजबूती का माहौल बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई थी। जैसे-जैसे कारोबार बढ़ता गया, वैसे-वैसे शेयर बाजार में भी तेजी बढ़ती गई। हालांकि बीच में यदा-कदा बिकवालों ने दबाव बनाने की कोशिश भी की। इसके बावजूद शेयर बाजार में लगातार तेजी बनी रही। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हीरो मोटोकॉर्प, टेक महिंद्रा, विप्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एलटी माइंडट्री के शेयर 2.82 प्रतिशत से लेकर 1.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, कोल इंडिया, बीपीसीएल, डिवीज लेबोरेट्रीज, ओएनजीसी और टाइटन कंपनी 0.37 प्रतिशत से लेकर 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,007 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,411 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 596 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

## एलिवेटर्स नोवा रेंज ऑर्डर करने के लिए ऑनलाइन बुकिंग शुरू

**एजेंसी। रांची**
भारत में बिल्डिंग के मालिक या फैसिलिटी मैनेजर्स अब ओटिस इंडिया के ई-कॉमर्स पोर्टल से डिजिटली कनेक्टेड जेन3 नोवा एलिवेटर को ऑनलाइन खरीद सकते हैं। ओटिस इंडिया ओटिस वर्ल्डवाइड कॉरपोरेशन की सहायक कंपनी है। गौरतलब है कि ओटिस वर्ल्डवाइड कॉरपोरेशन एलिवेटर और एस्केलेटर के निर्माण, इंस्टॉलेशन और सर्विस के क्षेत्र में दुनिया की मशहूर कंपनी है। 2021 में प्रारंभिक तौर पर एलिवेटर्स की जेन 2 प्राइम रेंज के साथ लॉन्च किया गया पोर्टल पर उपलब्ध है। उपभोक्ताओं ने इसकी सुविधा और पारदर्शिता को देखते हुए इसे काफी तेजी से अपनाया है। अब जेन 3 नोवा रेज सीधी बिक्री के लिए पोर्टल पर उपलब्ध है। ओटिस इंडिया के प्रेसिडेंट सेबी जोसेफ ने कहा, हम एलिवेटर्स की डायरेक्ट सेल के लिए अपने ई-कामर्स पोर्टल पर जेन3 नोवा रेंज को शामिल कर काफी उत्साहित हैं। जेन 3 एलिवेटर्स ओटिस वनट्ठ आईओटी सिस्टम से पावर्ड हैं और उपभोक्ताओं को कई फायदे प्रदान करते हैं। ऑनलाइन बुकिंग की यह पहल अपने उपभोक्ताओं को सुविधाजनक और प्रभावी सोल्यूशंस प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का सबूत है।

## दिल्ली में बीएस 3 पेट्रोल और बीएस 4 डीजल वाहनों पर से प्रतिबंध हटा

**एजेंसी। रांची**
दिल्ली सरकार ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय राजधानी में चलने वाले बीएस 3 पेट्रोल और बीएस 4 डीजल हल्के मोटर वाहन या एलएमवी (चार पहिया वाहन) पर अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध हटा दिया गया है। यह स्पष्टीकरण वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) उप-समिति द्वारा मंगलवार को एक आदेश जारी करने के बाद आया है, जिसमें दिल्ली और इसके परिधीय क्षेत्रों में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के तहत चरण-3 की कार्रवाइयों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। सीएक्यूएम द्वारा मौजूदा वायु गुणवत्ता स्थितियों के मद्देनजर लिये गये निर्णय से 2 नवंबर को जारी आदेश रद्द हो गया है। उपायुक्त (प्रदूषण नियंत्रण विभाग) योगेश शर्मा द्वारा मंगलवार देर रात जारी आदेश में कहा गया है, जीआरएपी के तहत कार्रवाई करने के लिए उप समिति ने दिनांक 28.11.2023 के अपने आदेश में जीआरएपी के चरण-3 के तहत कार्रवाई के लिए दिनांक 02.11.2023 को जारी आदेश को तत्काल प्रभाव से रद्द करने का निर्देश दिया है। हालाँकि, जीआरएपी के चरण 1 और 2 के तहत कार्रवाई लागू रहेगी।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना**

(अपहृता प्रियंका कुमारी, उम्र–करीब 17 वर्ष)



नगरउंटारी थाना कांड सं0–178/2023,दिनांक–21.11.2023, धारा–366 भा0द0वि0 के कांड में अपहृता प्रियंका कुमारी, उम्र करीब–17 वर्ष, पे0–विनय सिंह, सा0–बरोडीह, थाना–नगरउंटारी, जिला–गढ़वा राज्य–झारखण्ड, की रहने वाली है जो अबतक लापता है। अपहृता प्रियंका कुमारी का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़की प्रियंका कुमारी के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।
**हुलिया:**–रंग–गोरा, डील–डोल–साधारण,
लम्बाई–04 फीट, 09 इंच, भाषा–हिन्दी।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 312285 (Police) 23-24 (D)



**MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA**

2nd Call e-Procurement Notice

Short Tender Reference No.WRD/MID/LOHARDAGA/F2-19/2023-24
Date –28/11/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Check dam on Kumbhi Chaura Nala at vill – Chandalgi, Block – Peshrar, Distt.- Lohardaga. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 4949400.00 |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 01/12/2023 up to 5.00 PM |
| 5. | Last date/Time for receipt of bids online | 14/12/2023 up to 5.00 PM |
| 6. | Last date for receipt of bids fee and security | 15/12/2023 up to 3.00 PM |
| 7. | Date of opening of Tender | 16/12/2023 up to 1.00 PM |
| 8. | Last date for receipt of e-Tender hard copy of Bid's Fee, Security & Other Documents at | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) till 15.12.2023 up to 3:00 pm |
| 9. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 10. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

Note: - (1) Only e-Tender will be accepted
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Minor Irrigation Division,
Lohardaga.

PR 312222 (Lohardaga) 23-24 (D)



**MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA**

2nd Call e-Procurement Notice

Short Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-20/2023-24
Date – 28/11/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Check dam on BargarhaNala atvill – Rorad ( Chandgo), Block – Peshrar, Distt.- Lohardaga. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 3937000.00 |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 01/12/2023 up to 5.00 PM |
| 5. | Last date/Time for receipt of bids online | 14/12/2023 up to 5.00 PM |
| 6. | Last date for receipt of bids fee and security | 15/12/2023 up to 3.00 PM |
| 7. | Date of opening of Tender | 16/12/2023 up to 1.00 PM |
| 8. | Last date for receipt of e-Tender hard copy of Bid's Fee, Security & Other Documents at | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) till 15.12.2023 up to 3:00 pm |
| 9. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 10. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

Note: - (1) Only e-Tender will be accepted
(2) Published Estimate Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga.

PR 312223 Lohardaga(23-24)D



**e–Procurement Cell**
**Office of the Superintending Engineer**
**Building Construction Department,**
**Circle.-2, Combined Building,**
**Line Tank Road, Ranchi-834001**
**Tel. :0651-3512691**

Letter No.-2004 Date:- 28.11.2023

**ई–निविदा रद्द की सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Tender Reference No.- 27 BCD/CIR-2/RANCHI/GARHWA ,DIV/ 2023-24 जिसका PR No.-310215 Building Dept Circle -2 (23-24) #D .एवं PR No.-310964 Building Dept Circle -2 (23-24) D तथा Name of Work:- Construction of 1st Floor in Shree Krishna Sub-Divisional Library at Garhwa द्वारा प्रकाशित ई–निविदा आमंत्रण को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

Nodal Officer
e-Procurement Cell
Building Construction Department Circle-2, Ranchi

PR312208 (Building Dept Circle - 2)23-24*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।**

**शुद्धि -पत्र**

अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– RWD/SD/LATEHAR/10/2022-23/RE/1 जिसका PR NO- 311600 Rural Development (23-24)D में निम्न प्रकार आंशिक संशोधित किया जाता है:-
(1) क्रमांक–5. में अंकित ई–निविदा खोलने की अंतिम तिथि–6.12.2023 के स्थान पर 7.12.2023 पढ़ा जाय।
निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
लातेहार।

PR 312202 (Rural Development) 23-24 (D)



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा**

**आवश्यक सूचना।**

(लूटी गयी दो पहिया वाहन TVS RAIDER, रंग–काला)

गढ़वा थाना कांड सं0–482/2023 दिनांक–14.10.2023, धारा–392, भा0द0वि0 में लूटी गयी दो पहिया वाहन TVS RAIDER जिसका रजि0 सं0– JH03AF-9480, इंजन नं0–AF9PM1706593 एवं चेचिस नं0– MD625AF95M1P06685 को अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा लूट लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अत: आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लूटी गयी दो पहिया वाहन के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.312288 Police(23-24):D



**कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा**
(अभियंत्रण कोषांग)
Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

**ई-निविदा (अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना)**

निविदा संख्या – 16/2023–24 दिनांक 25.11.2023

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | लोहरदगा (सदर) | लोहरदगा में दीदी कैफे निर्माण कार्य | 7482000.00 | 10000.00 | 149700.00 | 08 (आठ) माह |

2 वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 08.12.2023
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 15.12.2023 / 04:00 बजे अपराह्न तक
4 निविदा खोलने की तिथि व समय :– 16.12.2023 / 04:00 बजे अपराह्न
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता:–जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
6 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता:–जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं। संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR 312209 Lohardaga (23-24)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू**

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – **EE/RDSD/PALAMAU-04/2023-24**
1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड पण्डवा अन्तर्गत प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 8806100.00 | 177000.00 | 10000.00 | 06 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 04.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 04.12.2023 से दिनांक 18.12.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –20.12.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू

PR 312257 Rural Development (23-24)_D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PLANNING & MONITORING DIVISION, MEDININAGAR**

**E-PROCUREMENT NOTICE**

TENDER REF.No-WRD/PMD /MEDININAGAR/SBD-01/2023-24 DATE 29.11.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of work | Restoration & Lining work in Main Canal of Ghaghri Weir Scheme and Repair of its various structure under Latehar District. |
| 2 | Estimated cost.(Rs in lakh) | 4208.89 lakh |
| 3 | Time of completion | 18 Months (Eighteen Months) |
| 4 | Period of availability of Bidding document on website | 06.12.2023 at 11:00 am to 26.12.2023 up to 5:00 pm |
| 5 | Pre Bid conference | 08.12.2023 |
| 6 | Place of opening of Bids | C.E.WRD Medininagar |
| 7 | Period of online submission of Bids | 06.12.2023 at 11:00 am to 26.12.2023 upto 5:00 pm |
| 8 | Date and Time of opening of Technical Bids | 27.12.2023 at 3:00pm. |
| 9 | Date and Time of opening of Financial Bids | To be announced later. |
| 10 | Officer Inviting Bids and his Mobile No. and E-mail id | Executive engineer, Planning & Monitoring Division, Medininagar. 8789191801 executiveengineer2021@gmail.com |
| 11 | Help line Number of e – Procurement cell. | C.E.WRD Medininagar 0651-2491232, 06562-240841 |

Note-
1. Only e-Tender will be accepted.
2. Additional performance security amount shall be applicable as prescribed in CE(Monitoring), Ranchi Letter No. 430 Dated 19-11-2020 and Secretary of RCD Letter No. 2146 (S) Dated 09-09-2020.
3. Payment of Mobilization advance / equipment advance shall be applicable as per Joint Secretary, WRD Ranchi Letter No. 656 Dated 22-12-2020.
4. The bidder should be fully acquainted with site before the tender.
5. Authority reserves the right to reject any or all the tender(s) received or to allot the work to one or more contractor(s) without assigning any reason thereof.
6. Estimated Cost May vary. Online BOQ amount shall prevail.
7. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

EXECUTIVE ENGINEER
PLANNING & MONITORING DIVISION
MEDININAGAR

PR 312246 District (23-24)_D



**e–Procurement Cell**
**Office of the Superintending Engineer**
**Building Construction Department, Circle.-2,**
**Combined Building, Line Tank Road, Ranchi-834001**
**Tel. :0651-3512691**

Letter No.-2003 Date:- 28.11.2023

**ई–निविदा रद्द की सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 26 BCD/CIR-2/RANCHI/GARHWA,DIV/2023-24 PR No.-309020 Building Dept Circle-2 (23-24)#D, एवं PR No.-310934 (Building Dept Circle -2) 23-24 (D) तथा Name of Work:- Repair & Renovation of Alpsankhya Boy's Hostel at Garhwa द्वारा प्रकाशित ई–निविदा आमंत्रण को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

Nodal Officer
e-Procurement Cell
Building Construction Department,Circle-2, Ranchi

PR 312206 Building Dept Circle - 2(23-24).D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय, पलामू**

**प्रेस विज्ञप्ति**

रोजगार पोर्टल (rojgar.jharkhand.gov.in)/नियोजनालय में निबंधित झारखण्ड राज्य के स्थानीय अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक सूचना

झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के आलोक में राज्य के स्थानीय उम्मीदवारों को निजी क्षेत्र में 75% आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु रोजगार पोर्टल (rojgar.jharkhand.gov.in) में निबंधित होना अनिवार्य है। राज्य के स्थानीय उम्मीदवारों की पहचान हेतु पोर्टल में स्थानीय प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य किया गया है।

अतः झारखण्ड रोजगार पोर्टल/नियोजनालय में पूर्व से निबंधित झारखण्ड राज्य के स्थानीय उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे स्थानीय प्रमाण पत्र रोजगार पोर्टल (rojgar.jharkhand.gov.in) में log in कर स्वयं अथवा नियोजन कार्यालय में उपस्थित होकर अपलोड करवा लें अन्यथा उन्हें झारखण्ड राज्य का स्थानीय उम्मीदवार नहीं माना जाएगा एवं वे निजी क्षेत्र में 75% आरक्षण के लाभ से वंचित हो सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
पलामू

PR 312237 District (23-24)_D

राष्ट्रीय नवीन मेल
डालटनगंज (मेदिनीनगर)
गुरुवार, 30 नवम्बर, 2023



जिंदा वही है जिसका प्रयास जिंदा है, लड़ता वही जिसमें आग जिंदा है और जीतता वही है जिसके ख्वाब जिंदा है!

– अज्ञात



# अधिकारी की सक्रियता जरुरी

**वन** और खनिज संपदा से परिपूर्ण झारखंड में गरीबी सबसे बड़ी समस्या है। राज्य सरकार इस दिशा में कार्य कर रही है। बावजूद आदिवासी व गरीब लोगों को उतना फायदा नहीं मिल पा रहा है। कारण की पड़ताल करने पर जो बातें सामने आ रही हैं,वह यह कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्य और योजनाओं की सही जानकारी भोले -भाले गरीबों तक नहीं पहुंच पा रही है। हालांकि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से अधिकारी आमलोगों तक पहुंच रहे हैं। जिले,प्रखंडों और पंचायतों में में शिविर लगाकर लोगों को जानकारी दी जा रही है। विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन भी लिये जा रहे हैं। समस्याओं की ओर ध्यान भी दिया जा रहा है। कई जगहों से समस्याओं के निदान के समाचार भी प्राप्त हो रहे हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि निश्चित रूप से इसका लाभ लोगों को मिलेगा। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि अधिकारियों को जवाबदेह होना पड़ेगा। साथ ही उन्हें गंभीर होना पड़ेगा। कई जगहों से जो शिकायतें आ रही हैं कि अधिकारी जवाबदेही से काम नहीं कर रहे हैं। शिविरों में आये लोगों की बातें नहीं सुनी गई। यह बिल्कुल गलत है। सरकार के आदेश का पालन नहीं करना एक अपराध है। अभियान में कोताही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई भी की जा सकती है। इस बात को अधिकारी शायद नहीं समझ पा रहे हैं। यह शिविर उन गरीबों के आत्मसम्मान से जुड़ा है,जो अपने अधिकारों से अब तक वंचित हैं। ऐसे में लापरवाही बरतना ठीक नहीं है। आज भी झारखंड में समस्याओं की कमी नहीं है। उन समस्याओं पर मलहम लगाकर ही यहां की आबादी को यह संदेश दिया जा सकता कि सरकार उनके साथ है। हालांकि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता की गूंज हर तरफ सुनाई देने लगी है। यह राज्य के लिए शुभ संकेत है। शिविर में अधिक मामले भूमि और पेंशन के आ रहे हैं। इसका मतलब यह कि इस ओर अभी तक ध्यान नहीं दिया गया। अब समय आ गया है कि जनता अधिकारी के पास नहीं जा रही है। बल्कि अधिकारी उसके दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। इससे पूर्व यह स्थिति नहीं देखी गई थी। यह सुखद क्षण है। उन तमाम लोगों के लिए जिन्हें एक साजिश के तहत अभी तक उनके अधिकारों से वंचित रखा गया था। पड़ताल की दिशा में शिविरों में उमड़ रही भीड़ यह बताती है कि राज्य में बहुत हद तक बुनियादी जरूरतों पर मलहम लग रहे हैं। झारखंड के पलामू में गुरूवार को मुख्यमंत्री का आगमन होने जा रहा है। यह कहने को तो पार्टी का कार्यक्रम है लेकिन आपके द्वार कार्यक्रम की तह तक जाकर सीएम यह जानना भी चाहेगें कि अधिकारियों का रवैया शिविर की बाबत कैसा है। झामुमो कार्यकर्ता जहां सीएम के आगमन को लेकर उत्साहित हैं,वहीं अधिकारी मुस्तैद देखे जा रहे हैं। ऐसे में कहा जा सकता कि मुख्यमंत्री शिविरों को लेकर गंभीर हैं। समस्याओं के आकाश का रंग धुंधला नहीं अपितु साफ हो रहा है। यही समय की मांग है। बहरहाल तीसरे चरण में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत और वार्ड स्तर पर शिविर आयोजित हो रहें हैं। जहां पदाधिकारी नहीं जाते थे, आज वे योजनाएं लेकर आ रहें हैं ताकि राज्य के आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक को उनका अधिकार और योजनाओं का लाभ मिले।

**आज भी झारखंड में समस्याओं की कमी नहीं है। उन समस्याओं पर मलहम लगाकर ही यहां की आबादी को यह संदेश दिया जा सकता कि सरकार उनके साथ है। हालांकि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता की गूंज हर तरफ सुनाई देने लगी है। यह राज्य के लिए शुभ संकेत है। शिविर में अधिक मामले भूमि और पेंशन के आ रहे हैं।**

# भारत की जी-20 अध्यक्षता व एक नये बहुपक्षवाद की शुरुआत



नरेन्द्र मोदी

**भारत** द्वारा जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करने के आज 365 दिन पूरे हो गये हैं। यह 'वसुधैव कुटुंबकम' 'वन अर्थ, वन फैमिली' की भावना को प्रतिबिंबित करने, इसके लिए पुनः प्रतिबद्ध होने और इसे जीवंत बनाने का क्षण है। जब पिछले वर्ष भारत को यह जिम्मेदारी मिली थी, तब विश्व विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा था: कोविड-19 महामारी से उबरने का प्रयास, बढ़ते जलवायु खतरे, वित्तीय अस्थिरता और विकासशील देशों में ऋण संकट, जैसी चुनौतियां दुनिया के सामने थीं। इसके अलावा, कमजोर होता मल्टीलैटरलइज्म यानी बहुपक्षवाद इन चुनौतियों को और गंभीर बना रहा था। बढ़ते हुए संघर्ष और प्रतिस्पर्धा के बीच, विभिन्न देशों में परस्पर सहयोग की भावना में कमी आई और इसका प्रभाव वैश्विक प्रगति पर पड़ा। जी-20 का अध्यक्ष बनने के बाद, भारत ने दुनिया के सामने जीडीपी-केंद्रित सोच से आगे बढ़कर मानव-केंद्रित प्रगति का विजन प्रस्तुत किया। भारत ने दुनिया को यह याद दिलाने प्रयास किया कि कौन सी चीजें हमें जोड़ती हैं। हमारा फोकस इस बात पर नहीं था कि कौन सी चीजें हमें विभाजित करती हैं। अंततः, भारत के इन प्रयासों का परिणाम आया, वैश्विक संवाद आगे बढ़ा और कुछ देशों के सीमित हितों के ऊपर कई देशों की आकांक्षाओं को महत्व दिया गया। जैसा कि हम जानते हैं, इसके लिए बहुपक्षवाद में मूलभूत सुधार की आवश्यकता थी। समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई-उन्मुख और निर्णायक - ये चार शब्द जी-20 के अध्यक्ष के रूप में भारत के दृष्टिकोण को परिभाषित करते हैं। नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन (एनडीएलडी), जिसे सभी जी-20 सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अपनाया गया है, इन सिद्धांतों पर कार्य करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। समावेश की भावना हमारी अध्यक्षता के केंद्र में रही है। जी-20 के स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ (एयू) को शामिल करने से 55 अफ्रीकी देशों को इस समूह में जगह मिली है, जिससे इसका विस्तार वैश्विक आबादी के 80 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इस सक्रिय कदम से वैश्विक चुनौतियों और अवसरों पर जी-20 में विस्तार से बातचीत को बढ़ावा मिला है। भारत द्वारा अपनी तरह की पहली बैठक 'वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट' ने बहुपक्षवाद की एक नई शुरूआत की। इस बैठक के दो संस्करण आयोजित हुए। भारत अंतर्राष्ट्रीय विमर्श में ग्लोबल साउथ के देशों की चिंताओं को मुख्यधारा में लाने में सफल रहा। इससे एक ऐसे युग की शुरूआत हुई है, जहां विकासशील देशों को ग्लोबल नरैटिव की दिशा तय करने का उचित अवसर प्राप्त होगा। समावेशिता की वजह से ही जी-20 में भारत के घरेलू दृष्टिकोण का भी प्रभाव दिखा। इस आयोजन ने लोक अध्यक्षता का स्वरूप ले लिया, जो कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने की दृष्टि से बिल्कुल सही था। 'जनभागीदारी' कार्यक्रमों के माध्यम से, जी-20 1.4 बिलियन नागरिकों तक पहुंचा और इस प्रक्रिया में सभी राज्यों एवं केन्द्र-शासित प्रदेशों (यूटी) को भागीदार के रूप में शामिल किया गया। भारत ने यह सुनिश्चित किया कि मुख्य विषयों पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान जी-20 के दायित्वों के अनुरूप विकास के व्यापक लक्ष्यों की ओर हो। 2030 के एजेंडे को ध्यान में रखते हुए भारत ने, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) में तेजी लाने के लिए जी-20 का 2023 एक्शन प्लान पेश किया। इसके लिए भारत ने स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, पर्यावरणीय स्थिरता सहित परस्पर जुड़े मुद्दों पर एक व्यापक एक्शन ओरिएंटेड दृष्टिकोण अपनाया। इस प्रगति को संचालित करने वाला एक प्रमुख क्षेत्र मजबूत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) है। इस मामले में आधार, यूपीआई और डिजिलॉकर जैसे डिजिटल इनोवेशन के क्रांतिकारी प्रभाव को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करने वाले भारत ने निर्णायक सिफारिशें दीं। जी-20 के माध्यम से, हमने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर रिपॉजिटरी को सफलतापूर्वक पूरा किया जोकि वैश्विक तकनीकी सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति है। कुल 16 देशों के 50 से अधिक डीपीआई को शामिल करने वाली यह रिपॉजिटरी, समावेशी विकास की शक्ति का लाभ उठाने के लिए ग्लोबल साउथ को डीपीआई का निर्माण करने, उसे अपनाने और व्यापक बनाने में मदद करेगी। वन अर्थ की भावना के तहत, हमने तात्कालिक, स्थायी और न्यायसंगत बदलाव लाने के महत्वाकांक्षी एवं समावेशी लक्ष्य पेश किये। घोषणा का 'ग्रीन डेवलपमेंट पैक्ट' एक व्यापक रोडमैप की रूपरेखा तैयार करके भुखमरी से निपटने और पृथ्वी की रक्षा के बीच चुनाव करने की चुनौतियों का समाधान करता है। इस रोडमैप में रोजगार एवं इकोसिस्टम एक-दूसरे के पूरक हैं, उपभोग जलवायु परिवर्तन के प्रति सचेत है और उत्पादन पृथ्वी के अनुकूल है। साथ ही, जी-20 घोषणा में 2030 तक रीन्यूबल एनर्जी की वैश्विक क्षमता को तीन गुना करने का महत्वाकांक्षी आह्वान किया गया है। ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस की स्थापना और ग्रीन हाइड्रोजन को अपनाने की दिशा में एक ठोस प्रयास के साथ एक स्वच्छ एवं हरित दुनिया बनाने संबंधी जी-20 की महत्वाकांक्षाएं निर्विवाद हैं। यह हमेशा से भारत का मूल्य रहा है और सतत विकास के लिए जीवनशैली (लाइफ) के माध्यम से, दुनिया हमारी सदियों पुरानी परंपराओं से लाभान्वित हो सकती है। इसके अलावा घोषणापत्र में जलवायु न्याय और समानता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया है, जिसके लिए ग्लोबल नॉर्थ से पर्याप्त वित्तीय और तकनीकी सहायता देने का अनुरोध किया गया है। पहली बार विकास के वित्तपोषण से जुड़ी कुल राशि में भारी बढ़ोतरी की जरूरत को स्वीकार किया गया जो अरबों डॉलर से बढ़कर खरबों डॉलर हो गई है। जी-20 ने यह माना कि विकासशील देशों को वर्ष 2030 तक अपने 'राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी)' को पूरा करने के लिए 5.9 ट्रिलियन डॉलर की आवश्यकता है। इतने ज्यादा संसाधन की आवश्यकता को देखते हुए जी-20 ने बेहतर, ज्यादा विशाल और अधिक प्रभावकारी मल्टीलैटरल डेवलपमेंट बैंक के महत्व पर विशेष जोर दिया। इसके साथ-साथ भारत संयुक्त राष्ट्र में सुधारों को लागू करने, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसे प्रमुख संस्थानों के पुनर्गठन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जिससे और भी अधिक न्यायसंगत वैश्विक व्यवस्था सुनिश्चित होगी। नई दिल्ली घोषणापत्र में महिला-पुरुष समानता को केंद्र में रखा गया, जिसकी परिणति अगले वर्ष महिलाओं के सशक्तिकरण पर एक विशेष वर्किंग ग्रुप के गठन के रूप में होगी। भारत का महिला आरक्षण विधेयक 2023, जिसमें भारत की लोकसभा और राज्य विधानसभा की एक तिहाई सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है, महिलाओं के नेतृत्व में विकास के प्रति हमारी वचनबद्धता का प्रतीक है। नई दिल्ली घोषणापत्र इन प्रमुख प्राथमिकताओं में सहयोग सुनिश्चित करने की एक नई भावना का प्रतीक है, जो नीतिगत स्पष्टता, विश्वसनीय व्यापार, और महत्वाकांक्षी जलवायु कार्रवाई पर केंद्रित है। यह बड़े गर्व की बात है कि हमारी अध्यक्षता के दौरान जी-20 ने 87 परिणाम हासिल किये और 118 दस्तावेज अपनाये, जो अतीत की तुलना में उल्लेखनीय रूप से काफी अधिक है। जी-20 की हमारी अध्यक्षता के दौरान भारत ने जियो-पॉलिटिकल मुद्दों और आर्थिक प्रगति एवं विकास पर उनके प्रभावों पर व्यापक विचार-विमर्श की अगुवाई की। आतंकवाद और नागरिकों की हत्या पूरी तरह से अस्वीकार्य है, और हमें जीरो-टॉलरेंस की नीति अपनाकर इससे निपटना चाहिए। हमें शत्रुता से परे जाकर मानवतावाद को अपनाना होगा और यह दोहराना होगा कि यह युद्ध का युग नहीं है। मुझे अत्यंत खुशी है कि हमारी अध्यक्षता के दौरान भारत ने असाधारण उपलब्धियां हासिल की। इसने बहुपक्षवाद में नई जान फूंकी, ग्लोबल साउथ की आवाज बुलंद की। विकास की हिमायत की और हर जगह महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लड़ाई लड़ी। अब जबकि हम जी-20 की अध्यक्षता ब्राजील को सौंप रहे हैं, तो हम इस विश्वास के साथ ऐसा कर रहे हैं कि समस्त लोगों, धरती, शांति और समृद्धि के लिए हमारे सामूहिक कदमों की गूंज आने वाले वर्षों में निरंतर सुनाई देती रहेगी।

**जब पिछले वर्ष भारत को यह जिम्मेदारी मिली थी, तब विश्व विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा था: कोविड-19 महामारी से उबरने का प्रयास, बढ़ते जलवायु खतरे, वित्तीय अस्थिरता और विकासशील देशों में ऋण संकट, जैसी चुनौतियां दुनिया के सामने थीं।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने ऋषि जमदग्नि की कथा*

**ऋषियों** को कुछ दिव्य अनुभूतियाँ प्राप्त होती हैं और वे उसके अनुसार आवश्यक कार्य करते हैं। साईं बाबा ने कई ऐसे चमत्कार भी दिखाये जहां वे भीमाजी पाटिल सहित कई भक्तों के भाग्य को बदल सकते थे। साई राम। चलिए अब कहानी पर वापस लौटते हैं। इस प्रकार रुचिका से एक ब्राह्मण ऋषि जमदग्नि का जन्म हुआ और जब जमदग्नि को समय के साथ एक पुत्र राम मिला (जो भार्गव राम और परशु राम के रूप में प्रसिद्ध हुए क्योंकि उनके पास अपने हथियार के रूप में एक दिव्य कुल्हाड़ी थी, तब क्षत्रिय ऊजाएँ आकार ले लीं)। सत्यवती की माँ ने एक अद्भुत बालक को जन्म दिया जो ब्रह्म तेज (सात्विक गुणों) से परिपूर्ण था। इस प्रकार, एक राजा के रूप में जन्म लेने के बावजूद, कुसिक का पोता, जिसे गाधेय, कौशिक और विश्वामित्र के नाम से जाना जाता था, ब्रह्मर्षि के रूप में अपने गुणों के लिए विश्व प्रसिद्ध हो गया। जब हम उनकी कहानी विस्तार से लेंगे तो हम उनके बारे में और जानेंगे।

**सूर्यदेव का श्राप**

जमदग्नि ने रेणुका से विवाह किया और सुखी वैवाहिक जीवन व्यतीत कर रहे थे। वह अपने यशस्वी पिता और पूर्वजों की तरह ही सभी वेदों और शास्त्रों में पारंगत थे और उन्होंने अपनी तपस्या के कारण अपार शक्तियाँ प्राप्त कर ली थीं। एक बार वह अपनी पत्नी रेणुका के साथ नर्मदा नदी के तट पर गये और भाग्य के अनुसार उन्हें दिन के समय उनके साथ संभोग करने की इच्छा हुई। चूँकि वह क्षेत्र निर्जन था, इसलिए ऋषि को लगा कि उनकी गोपनीयता के लिए कोई समस्या नहीं है।

(क्रमशः)

# मताधिकार में सकारात्मक सोच जरुरी होनी चाहिए



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**तेलंगाना** में मतदान की घड़ी है...। सुबह विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग शुरू हो जायेगी। पांच साल में एक बार मिलने वाले अवसर को नकारात्मक सोच या गैरजिम्मेदारी से खो देना किसी भी हालात में उचित नहीं माना जा सकता। लोकतंत्र के महायज्ञ में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करके अपनी आहुति देने का अवसर मिलता है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या फिर लापरवाही के कारण मतदान नहीं करने को किसी अक्षम्य अपराध से कम नहीं कहा जा सकता है। वर्तमान परिदृश्य में नोटा प्रयोग भी मंथन का विषय होना चाहिए। नोटा के प्रावधान को लेकर पक्ष विपक्ष में अनेक तर्क दिये जा सकते हैं पर समय आ गया है कि उस पर बड़ी बहस हो और उसको अधिक प्रभावी या कारगर बनाने के प्रावधान किये जाएं। सर्वोच्च न्यायालय की मतदान को लेकर की गई टिप्पणी भी इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि यदि हम मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं तो फिर सरकार के खिलाफ किसी तरह की ग्रीवेंसज करना उचित नहीं ठहराया जा सकता। कमोबेश यह सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी की भावना रही है और इससे साफ-साफ संदेश हो जाता है कि सजग व जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रत्येक मतदाता का दायित्व हो जाता है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करे। अब तो निर्वाचन आयोग ने मतदान को सुविधाजनक भी बना दिया है। बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान का अवसर प्रदान कर दिया है। वहीं मतदाताओं के लिए जागरुकता अभियान से लेकर निष्पक्ष चुनाव के लिए कारगर कदम उठाये जाने लगे हैं। भले ही सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद ईवीएम में नोटा यानी नन ऑफ द अवोव का प्रावधान कर दिया गया हो पर एक जागरूक व जिम्मेदार मतदाता के लिए नोटा के प्रयोग को समझदारी भरा निर्णय नहीं माना जा सकता। कारण साफ है नोटा का बटन दबाकर अपनी भावना तो व्यक्त कर सकते हैं पर उसका इस मायने में कोई अर्थ नहीं रहता कि किसी की जीत हार में उसका खास असर नहीं पड़ता। राजस्थान के ही 2013 और 2018 के विधानसभा चुनाव का विश्लेषण किया जाय तो साफ हो जाता है कि 2013 के विधानसभा चुनाव में 4 करोड़ 8 लाख से अधिक मतदाताओं में से 5 लाख 89 हजार से कुछ अधिक यानी कि केवल 1.92 प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा का प्रयोग किया। इसी तरह से 2018 के विधानसभा चुनाव का विश्लेषण किया जाय तो 4 करोड़ 77 लाख से कुछ अधिक मतदाताओं में से 4 लाख 67 हजार से कुछ अधिक यानी कि 1.3 प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाकर विरोध दर्शाया। आपका नोटा का बटन जीत-हार के अंतर को तो कम कर सकता है पर नोटा के प्रयोग के स्थान पर उपलब्ध विकल्पों में से ही किसी एक को चुनना ज्यादा बेहतर माना जा सकता है। हालांकि एक समय था जब कई बूथों पर विरोध स्वरूप मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय कर लिया जाता था या फिर लोगों द्वारा उपलब्ध उम्मीदवारों में किसी को भी मत देने योग्य नहीं समझने के कारण विरोध का मत यानी कि नोटा के प्रयोग की मांग की जाती रही। नोटा का परिणाम प्रभावी तरीके से राइट टू रिजेक्ट होता तो अधिक कारगर होता। तस्वीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि अमेरिका सहित दुनिया के कई देशों में नोटा को हटाया जा चुका है। यूं कहे कि कई देशों में नोटा के प्रावधानों को कारगर नहीं पाने के कारण हटा दिया गया है। अमेरिका की ही बात करें तो वहां नोटा का प्रावधान रहा है पर 2000 आते-आते उसे हटा दिया गया। इसी तरह से रूस ने 2006 और पाकिस्तान में 2013 में नोटा प्रावधान को हटाया जा चुका है। देश के प्रबुद्ध नागरिकों, बुद्धिजीवियों, राजनीतिक विश्लेषकों, कानूनविदों को नोटा को लेकर गंभीर बहस छेड़नी होगी जिससे नोटा को वास्तव में चुनाव में हथियार के रूप में उपयोग किया जा सके। आज की तारीख में बात करें तो नोटा केवल और केवल आपके विरोध को दर्ज कराने तक ही सीमित माना जा सकता है।


**बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान का अवसर प्रदान कर दिया है। वहीं मतदाताओं के लिए जागरुकता अभियान से लेकर निष्पक्ष चुनाव के लिए कारगर कदम उठाये जाने लगे हैं।**

चुनाव

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# जलवायु परिवर्तन पर प्राथमिकता से वैश्विक मंथन



किशन भावनानी गोंदिया

**वैश्विक** स्तरपर दुनियां का हर देश जलवायु परिवर्तन के भीषण परिणाम से पीड़ित है, जिसका निदान करना और प्राकृतिक संसाधनों का दोहन रोकना, पर्यावरण की रक्षा करना हर देश ही नहीं बल्कि हर मानवीय जीव का कर्तव्य है। पिछले दो दिनों व आज 29 नवंबर 2023 को हम देख रहे हैं ठंड का मौसम होने के बावजूद झमाझम बारिश हो रही है जो जलवायु परिवर्तन के दुष्टपरिणामो का ही असर है। पर्यावरण की रक्षा, जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए ही वैश्विक 28 वा कॉप वैश्विक शिखर सम्मेलन संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में 30 नवंबर से 12 दिसंबर 2023 तक विचार विमर्श, मंथन कर सर्वसम्मति अनुमति से योजनाएं बनाकर वैश्विक स्तरपर क्रियान्वयन करने के लिए प्रस्ताव पारित किया जायेगा, जिसमें भारतीय पीएम भी शरीक होंगे। चूंकि जल्गावायु परिवर्तन के दुष्परिणाम से आज पूरी मानव जाति पीड़ित है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, जलवायु परिवर्तन एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाला क्षेत्र है, इसके खतरों से निपटने निर्धारित योजनाओं का सटीक क्रियान्वयन जरूरी है। साथियों बात अगर हम 30 नवंबर से 12 दिसंबर 2023 तक चल रहे 28 वें कॉप शिखर सम्मेलन की करें तो, कॉप (सीओपी) का मतलब पार्टियों का सम्मेलन है। अभी तक इसकी कुल 27 बैठकें हो चुकीं हैं, बता दें कि पिछले कॉप 27 का आयोजन नवंबर 2022 में मिस्त्र के श्रम अल शेख में किया गया था। कॉप के तहत हर साल एक बैठक आयोजित की जाती है, जिसमें दुनियां भर के राष्ट्राध्यक्ष ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए योजनाएं बनाते हैं इसके अंतर्गत संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश जलवायु परिवर्तन से निपटने में कारगर उपाय का आकलन करने और यूएनएफसीसीसी के दिशा-निर्देश के तहत जलवायु परिवर्तन कार्रवाई करते हैं। बैठक का औपचारिक नाम जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन या संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के दलों का कॉन्फ्रेंस है। पहला कॉप 1995 में बर्लिन में आयोजित किया गया था। जलवायु कार्रवाई की गंभीरता को देखते हुए, वैश्विक उपभोग पैटर्न को सही करने की आह्वान किया गया है। बता दें 2021 में ग्लासगो में आयोजित जलवायु वार्ता में भी हमारे पीएम ने शिरकत की थी, जहां उन्होंने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत की रणनीति तो उजागर किया था। पीएम ने पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली को अपनाने के लिए जोर दिया था। 30 नवंबर से दो दिसंबर को विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में तमाम देशों के नेता और प्रमुख संस्थानों के अध्यक्ष शामिल होंगे। इस बैठक में जलवायु कार्रवाई को सुदृढ़ रूप से लागू करने के लिए उद्देश्य से कार्यों और योजनाओं पर चर्चा की जायेगी। इसमें जीवाश्म ईंधन के उपयोग मीथेन उत्सर्जन समेत विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की उम्मीद है। जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए अमीर देशों की तरफ से विकासशील देशों को मुआवजे के तौर पर वित्तीय सहायता दिये जाने के मुद्दे पर भी चर्चा हो सकती है। इसमें जीवाश्म ईंधन के उपयोग, मीथेन उत्सर्जन, और ग्लोबल वार्मिंग उत्सर्जन को कम करने समेत विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की उम्मीद है। जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए अमीर देशों की तरफ से विकासशील देशों को मुआवजे के तौर पर वित्तीय सहायता दिये जाने के मुद्दे पर भी चर्चा हो सकती है। साथियों बात अगर हम जलवायु परिवर्तन में कृषि क्षेत्र को देखें तो, केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि कृषि को जलवायु परिवर्तन के अनुकूलन किया जाना चाहिए ताकि कृषक समुदाय इससे लाभानवित हो सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत जैसा अत्यधिक आबादी वाला देश शमन व लक्षित मीथेन कटौती की आड़ में खाद्य सुरक्षा पर समझौता नहीं कर सकता है।

**साथियों बात अगर हम 30 नवंबर से 12 दिसंबर 2023 तक चल रहे 28 वें कॉप शिखर सम्मेलन की करें तो, कॉप (सीओपी) का मतलब पार्टियों का सम्मेलन है। अभी तक इसकी कुल 27 बैठकें हो चुकीं है।**

प्राकृतिक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## गागर में सागर

### पुलिस ने लोहा स्क्रैप लदे ट्रक को किया जब्त, जांच में जुटी थाना पुलिस



**बालूमाथ।** थाना पुलिस ने बुधवार को एक लोहा स्क्रैप लोड ट्रक को जब्त किया है। ट्रक में लगभग 20 टन स्क्रैप लोड है। ट्रक बालूमाथ झरीवा टोला स्थित कबाड़ी दुकानदार प्रदीप साव का बताया जा रहा है। इधर कबाड़ी दुकान संचालक प्रदीप साव उर्फ.पुटुन साव का कहना है कि ट्रक में स्क्रैप का पेपर लोड है। कोई अवैध स्क्रैप नहीं है। इधर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की ट्रक संख्या जेएच 05 ए एच 2168 में अभिजीत प्लांट से चुराए हुए स्क्रैप को थाना क्षेत्र के झायवा टोला स्थित कबाड़ी दुकान से तस्करी के उद्देश्य से ट्रक में भरकर अन्यत्र भेजा जा रहा है। इस सूचना की पुष्टि के लिए ट्रक को जब्त कर पीकेट में लाया गया है। स्क्रैप सहित कागज की जांच पड़ताल की जा रही है।

### आंगनबाड़ी केंद्र में स्वेटर का वितरण

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बड़का बालूमाथ आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका सुलेखा कुमारी के नेतृत्व में पंसस की उपस्थिति में स्वेटर का वितरण किया गया है। मौके पर उपस्थित पंचायत समिति सदस्य डॉ. रजिया सुल्ताना एवं सेविका ने केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया। सेविका सुलेखा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा ठंड से बचाव के लिए 50 बच्चों के बीच निःशुल्क स्वेटर दिया गया है। मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे मो. शमशाद, राजीव रंजन, विदेशी यादव, उमेश ठाकुर, नंदन मुंडा सहित कई महिला व बच्चे उपस्थित रहे।

### पति की मृत्यु के बाद पत्नी को मिली राशि

**लातेहार।** जिला के महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक महुआडांड़ बैंक के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत उज्ज्वल आजीविका सखी मंडल से जुड़ी प्रेमशिला एक्का के पति की मृत्यु के उपरांत उनके पत्नी प्रेमशिला एक्का को बीमा क्लेम सेटलमेंट के तहत 2 लाख रुपये की राशि का चेक प्रदान किया गया। पति का बीमा बैंक सखी द्वारा करवाया गया था, लेकिन पति की आकस्मिक मृत्यु हो गया, जिससे की बैंक सखी के प्रयासों से बीमा की राशि उनके पत्नी (नॉमिनी) को दिया गया। मौके पर बीपीएम तेजू खेरवार, सुजीत कुमार, शाखा प्रबंधक वी लकड़ा, उज्ज्वल रुंडा, हिमांषु पन्ना, मनोज टोप्पो, बिश्वनाथ रॉय, सुनील बास्के, बैंक सखी-रूबी मिंज, सरिता कुमारी आदि उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी केंद्र में गर्म वस्त्र का वितरण

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच 55 सेट गर्म वस्त्र का वितरण बुधवार को किया गया। वस्त्र का वितरण भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार साव, वर्ड सदस्य ममता देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष ने बताया कि ठंड को देखते हुए विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए 55 सेट गर्म वस्त्र का निःशुल्क वितरण किया गया। मौके पर वर्षा कुमारी, भाजपा युवा मंत्री मंटू कुमार, शोभा कुमारी, अंचला कुमारी, ललिता देवी, कविता देवी, मुनिया देवी, सीमा देवी, किरण देवी, कुंती देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

### सवारी गाड़ी पर लदे 21 पीस अवैध चौखट चिरान के साथ तीन गिरफ्तार



**गिद्धौर।** दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी को मिले गुप्त सूचना के आधार पर रुपिन गांव के समीप से एक पिकअप वाहन में लदे 21 पीस चिरान चौखट को जब्त किया गया। वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्य भूषण कुमार ने बताया कि वन प्रमंडल पदाधिकारी के निर्देशानुसार प्रभारी वनपाल के नेतृत्व में एक टीम गठित कर गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत रुपिन ग्राम से छापेमारी कर सवारी गाड़ी पर लदे 21 पीस अवैध चौखट चिरान व पिकअप वाहन सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार लकड़ी तस्कर में दो लातेहार व एक गिद्धौर का रहने वाला है। अभियान में प्रभारी वनपाल कमल किशोर, धर्मेंद्र मिश्रा, वनरक्षी अनुज, गोपाल गंझू, तरूण रंजन, संजय, सुनीता तिग्गा शामिल थे।

### आम्रपाली-चंद्रगुप्त जीएम को सौंपा पत्र

**टंडवा (चतरा)।** जिले के टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल के आम्रपाली-चंद्रगुप्त जीएम अमरेश सिंह को कोल परियोजना के विभिन्न आउटसोर्सिंग कंपनियों में कार्यरत मजदूर हितों की मांग को लेकर झारखंड ग्रामीण मजदूर कल्याण संघ ने पत्र सौंपा है। बुधवार को जानकारी देते हुवे संघ के महामंत्री रमेश वर्मा ने बताया कि पत्र में कार्यकुशलता के आधार पर एचपीसी वेतन भुगतान करने, 12 की जगह 8 घंटे का कार्यावधि, मजदूरों का परिचय-पत्र बनाने, बोनस, ओवर टाइम का भुगतान, मजदूरों को सेफ्टी किट देने तथा आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा मजदूरों के शोषण पर अविलंब रोक लगाने की मांग शामिल हैं। बताया गया कि आउटसोर्सिंग कंपनियां सामान्य त्रुटियों पर भी खाश कर स्थानीय विस्थापित-प्रभावित क्षेत्र के कामगारों को काम से निकाल जाता है।

---

कामता पंचायत के कई स्कूलों का पंसस ने लिया जायजा

# कई स्कूलों में स्वेटर धूल फांक रहे, बच्चे ठिठुर रहे



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

कामता पंचायत के कई स्कूलों का बुधवार को कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने जायजा लिया। स्कूलों के प्रधानाध्यापकों से बच्चों के बीच बांटे जाने वाले स्वेटर, मोजा, जूते से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

मौके पर मौजूद कई शिक्षकों ने बताया कि स्वेटर, ड्रेस, जूता, मौजा का वितरण अभी नहीं किया गया है। निरीक्षण के क्रम में अयुब खान ने बताया कि कई स्कूलों में स्वेटर का बंडल बेंच में पड़ा था, जिसमें धूल जम रही थी। उन्होंने कहा कि ठंड बढ़ गई है। इस समय बच्चों को स्वेटर की अति आवश्यकता है लेकिन प्रधानाध्यापकों की लापरवाही के कारण बच्चों को स्वेटर नहीं मिल पा रहे हैं। बच्चे देश का भविष्य हैं किंतू शिक्षकों की चिंता इस समय बच्चों के प्रति कम है। इसलिए शिक्षक अपने काम तो कर ले रहे हैं लेकिन बच्चों के बीच स्वेटर बांटने के मामले में लापरवाही बरत रहे हैं। इस दौरान पंसस अयुब खान, मुखिया नरेश भगत ने चटुआग, परहियाटोला स्कूल में बच्चों के बीच स्वेटर, जूता, मोजा का वितरण किया। स्वेटर पाकर बच्चे काफी खुश हुए। बच्चों को स्वेटर मिलने पर परिजनों ने भी राहत की सांस ली है। अयुब खान ने पंचायत के अन्य स्कूलों को दो दिनों के भीतर बच्चों के बीच स्वेटर, ड्रेस, मौजा, जूता का वितरण करने का निर्देश शिक्षकों को दिया है। कहा कि इस समय ठंड गिर रही है क्या स्वेटर गर्मी में बांटेंगे।

राजकीय कृत मध्य विद्यालय दामोदर के प्रधानाध्यापक बिनोद कुमार पांडेय ने बताया कि स्कूल में स्वेटर ड्रेस मौजा जूता का वितरण पहले ही कर दिया गया हैं। राजकीय कृत मध्य विद्यालय कामता के प्रधानाध्यापक रामप्रवेश राम से स्वेटर वितरण के संबंध में जानकारी ली तो इस बाबत उन्होंने बताया कि वितरण नहीं किए हैं। कल वितरण करवा दिया जाएगा। मौके पर शिक्षक अबरार अहमद, रुपाली सुमन, अजीत कुमार सिंह महंगु उरांव, शिक्षक रंथु उरांव, धनंजय कुमार आदि उपस्थित थे।

## बाल विज्ञान कांग्रेस प्रतियोगिता का आयोजन

**चतरा।** शहर स्थित सीएम उत्कृष्ट प्लस 2 उच्च विद्यालय में बुधवार को जिला स्तरीय 31वां राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रोजेक्ट आधारित प्रतियोगिता का उदघाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा ने फीता काट कर किया। मौके पर एकेडमिक कोर्डिनेटर श्याम किशोर मिश्रा, कोर्डिनेटर सीमा श्रीवास्तव, प्रतियोगिता के जज अजीत मिश्रा, रोहित कुमार, हरेराम सिंह, रोहित सिंह, सुनील राम व राजीव समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में जिले के 16 विद्यालय के 70 बच्चों ने भाग लिया। इन बच्चों को दो ग्रुप में बांटा गया था। इसमें 10 वर्ष से 13 वर्ष जूनियर ग्रुप में 30 बच्चे व 14 वर्ष से 17 वर्ष सीनियर ग्रुप में 40 बच्चे शामिल थे। प्रतियोगिता के पूर्व बच्चों व शिक्षकों के बीच 4 सितंबर को कार्यशाला का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले बच्चों को 1 व 2 दिसंबर को डीएवी एसआर पुंदाग रांची में होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भेजा जाएगा।

## गांव की गली से नौसेना तक का सफर, लेफ्टिनेंट रविकांत करेगा देश सेवा



**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी/मयूरहंड**

मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हरिजन जनता उच्च विद्यालय मझगांवा के प्राचार्य सचित कुमार सिंह का इकलौता पुत्र रविकांत रंजन उर्फ ऋतिक भारतीय नौसेना में लेफ्टिनेंट के रूप में सेवा देगा। ऋतिक का चयन नौसेना में हुआ है। ऐसे में सुदूर ग्रामीण परिवेश से निकलकर ऋतिक अब भारतीय नौसेना के केरल स्थित एजीमाला में ट्रेनिंग के बाद लेफ्टिनेंट के रूप में अपनी सेवा देगा। अपनी प्रतिभा एवं हुनर के दम पर आसमान की ऊंचाइयां को छुने वाला ऋतिक सैनिक स्कूल तिलैया से आईएससी पास कर एनडीए की तैयारी कर परीक्षा में सफलता पाकर एसएसबी सेंटर भोपाल से नेवी ऑफिसर के लिए चयनित हुआा। ऋतिक की उपलब्धि से इटखोरी, मयूरहंड एवं चौपारण क्षेत्र में खुशी की लहर है। रविकांत मुख्यतः चौपारण प्रखंड के दैहर पंचायत अंतर्गत शोहरा गांव निवासी पूर्व सरपंच रामानुग्रह सिंह का पोता एवं मयूरहंड में पदस्थापित शिक्षक सचित कुमार सिंह का पुत्र है। ऋतिक ने बताया कि मेरा सैनिक बनकर देश की सेवा करने का सपना बचपन से ही था। जो आज साकार हो गया।

## आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास के लिए उमड़ी भीड़




**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा**

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत बरवाडीह पंचायत सचिवालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव, बीडीओ मोनी कुमारी, जिप सदस्य रामसेवक दांगी, मुखिया संदीप कुमार सुमन, बीपीओ राजेश्वर कुमार, सासंद प्रतिनिधि अमित तिवारी, पत्रकार अरविंद ठाकुर, उपमुखिया संगीता देवी, पंस अनिल दांगी ने संयुक्त रुप से किया।

इस दौरान शिविर में विभिन्न-विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर पंचायत के लोगों की समस्याओं से संबंधित आवेदन लेने के साथ योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में जेएसएलपीएस अंतर्गत ग्राम संगठन के बीच 20 लाख रुपये का ऋण व सहायता राशि का वितरण किया गया। वहीं शिविर में पहुंचे लोगों को बीडीओ व मुखिया के द्वारा सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। साथ ही बीडीओ व प्रतिनिधियों ने सभी स्टॉलों का निरक्षण कर अवश्यक दिशा निर्देश संबंधितों को दिए। अबुआ आवास के स्टॉल में आवेदन करने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। मनरेगा स्टॉल में में जॉब कार्ड बनवाने के लिए भीड़ शाम तक लगी रही। मुखिया व अन्य प्रतिनिधियों ने दर्जनों जरूरमंदो के बीच कंबल का वितरण किया। वन विभाग द्वारा किसानों के बीच भारी संख्या में पौधे का वितरण किया गया। शिविर में कुल 822 आवेदन प्राप्त हुवा, जिसमें 338 निष्पादन किया गया व 357 अवेदन अबुआ के थे। शिविर में पंचायत सेवक असलम आलम, रोजगार सेवक जितेंद्र कुमार, वनरक्षी संजय कुमार, हरेंद्र राणा, खुर्शीद आलम, मनरेगा कर्मी, आवास कंप्यूटर ऑपरेटर, सभी स्वयं सेवक, जनसेवक आदि शामिल थे।

# 1228 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

चतरा जिले की चार पंचायतों व नप क्षेत्र के एक वार्ड में आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को जिले के गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारीसाखी पंचायत, पत्थलगडा के बरवाडीह, लावालौंग के सिलदाग, हंटरगंज के खुटीकेवाल खुर्द पंचायत व नगर परिषद क्षेत्र चतरा के वार्ड विकास केंद्र में किया गया।

शिविर में फूलो झानों आशीर्वाद अभियान, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंस क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप सर्वधन योजना आदि को लेकर 4508 आवेदन लोगों द्वारा जमा किए गए। इनामें 1228 का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। बारीसाखी में आयोजित शिविर में 551 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 93 का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। वहीं सबसे अधिक 305 आवेदन अबुआ आवास के लिए प्राप्त हुए। खुटीकेवाल खुर्द पंचायत में आए 1323 आवेदनों में 464 का निष्पादन किया गया। वहीं 793 आवेदन अबुआ आवास के लिए प्राप्त हुए। चतरा वार्ड विकास केंद्र में आए 162 आवेदनों में 31 का निष्पादन किया गया। बरवाडी पंचायत में आए 822 आवेदनों में 338 का निष्पादन किया गया। वहीं अबुआ आवास के लिए सबसे अधिक 357 आवेदन प्राप्त हुए। सिलदाग में आए 1650 आवेदनों में 302 का निष्पादन किया गया। वहीं इस पंचायत में सर्वाधिक अबुआ आवास के लिए 1164 आवेदन आए। गुरुवार को चतरा प्रखंड के सिकीद, इटखोरी के इटखोरी पंचायत, सिमरिया के कसारी, टंडवा के नावाडी उर्फ तेलियाडीह, प्रतापपुर के हुमाजांग, हंटरगंज के डाहा पंचायत में कार्यक्रम होगा।

## बारिसाखी के शिविर में छोटे कार्य के लिये भी ग्रामीणों को हुई परेशानी

**गिद्धौर।** प्रखंड की बारिसाखी पंचायत में बुधवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख अनिता यादव, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बिनोद पासवान, बीडीओ हरिनाथ महतो, मुखिया सुमीरा कुमारी, जेएमएम के मनोज वर्मा, बालेश्वर यादव ने किया। बारिसाखी में आयोजित शिविर से जन्म प्रमाणपत्र के आवेदन पर प्रखंड सांखिकी पदाधिकारी का हस्ताक्षर कराने के लिये चक्कर काट रहे युवक को एक बार फिर बैरंग लौटना पड़ा। सिन्दूवारी खुर्द गांव निवासी मो. साबिर ने बताया कि बेटी चांदनी प्रवीण व बेटा साजिद के नामांकन के लिये जन्मप्रमाण पत्र की जरूरत है। मंझगांवा में पंचायत सचिव आदि के हस्ताक्षर हो गये। लेकिन सांखिकी पदाधिकारी का हस्ताक्षर नहीं होने से आवेदन की इंट्री नहीं हो पाई। ब्लॉक पहुंचने पर प्रभारी बीसीओ को प्रभारी बताया गया। लोगों ने बताया कि 29 को बारिसाखी शिविर में मिलेंगे। यहां उन्होंने कई नियमों का हवाला देकर प्रखड कार्यालय बुलाया। आग्रह करने पर वे भड़क उठे। अन्य ग्रामीणों ने भी कहा कि छोटे काम के लिये भी परेशानी उठानी पड़ती है।

# गरीबों के लिए कई योजनाएं चला रही है सरकार : विधायक राम

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर का किया गया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत अमरवाडीह के फुलबसिया मध्य विधालय परिसर में बुधवार को मुखिया सुशिला देवी की अध्यक्षता में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन लातेहार विधायक बैजनाथ राम, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीससूत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझू, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ नंद कुमार राम, मुखिया सुशिला देवी, पंसस सवित्री देवी, टोंटी पंसस मो. होजैफा, शिबला मुखिया सुरेश उरांव, भुनेश्वर यादव, बीपीओ रवि यादव ने संयुक्त रूप से किया।

इस मौके पर विधायक राम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं, जिनका लाभ आप सभी को देने लिए लेकर सभी पंचायतों में शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में अबुआ आवास, गुरुजी स्टुडेंट्स क्रेडिट कार्ड, पेंशन, स्वास्थ्य, भूमि संबंधित, बिजली, राशनकार्ड, पशुधन, आयुषमान, शिक्षा, आधार, प्रवासी मजदूर का रजिस्ट्रेशन, पहचान पत्र, नरेगा, 15वीं वित्त, जेएसएलपिएस, कौशल विकास, बाल विकास आदि योजनाओं के स्टॉल लगे हैं। सभी विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद हैं। आप अपनी समस्या को लेकर संबंधित स्टॉल में आवेदन करें। तुरंत निष्पादन किया जायेगा। शिविर के अलावा आप प्रखंड कार्यालय से भी संपर्क कर सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का जानकारी प्राप्त कर लाभ ले सकते हैं। वहीं शिविर में साइकिल वितरण योजना के तहत एक छात्रा को 4500 रुपये का चेक, सावित्री बाई फुलोझानो योजना के तहत चार छात्राओं को स्वीकृति प्रमाणपत्र, पांच महिला समुहों के बीच पंद्रह लाख रुपये का कर्ज, तीन मनरेगा योजना के तहत कूप निर्माण का पुर्णतः प्रमाणपत्र, बच्चा, वृद्ध, असहाय के बीच कंबल, दस छात्राओं के बीच दो-दो स्वेटर, महिला स्वंय सहायता समूह की दस महिलाओं के बीच आईकार्ड व पौधा का वितरण किया गया। समाचार लिखे जाने तक शिविर के स्वास्थ्य स्टॉल से 300 मरीजों का इलाज किया गया। राशनकार्ड के 3, मुख्यमंत्री सार्थी योजना के 58, जमीन के 23, पशुपालन से संबंधित 15, बिजली से संबंधित 1, प्रवासी मजदूर के रजिस्ट्रेशन के लिए 58, नागरिक सहायता में 100, पेंशन से 12 आवेदन प्राप्त किए गए थे। मंच का संचालन मो शमीम ने किया।

मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, सीआई अनिल होरो, पंचायत सेवक सेराफिनुस खलखो, अरविंद पांडेय, शशि पूनम कुजूर, डॉ नौशाद आलम, संदीप कुमार, बलराम कुमार, समाज सेवी नंदु उरांव, प्रभु गंझू, महेंद्र उरांव, महेंद्र गंझु आदि मौजूद थे।

---

**पहल** चकला में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# कार्यक्रम का लाभ उठाएं ग्रामीण : मोती नाथ




**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड में चल रहे आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे दिन चकला पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, लातेहार एलआरडीसी उदय कुमार, बीडीओ विजय कुमार, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, झामुमो प्रखंड सचिव मो इजहार ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करना है। सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यही राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने लोगों से शिविर में भाग लेकर कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की। वहीं बीडीओ विजय कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा कई विकास की योजनाए चलाई जा रही है, जिसका सीधा लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न पंचायतों में किया जा रहा है। ग्रामीण सरकारी कार्यालय का चक्कर लगाने के बजाय शिविर में आकर अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन झामुमो प्रखंड सचिव मो इजहार कर रहे थे। कार्यक्रम में कई सरकारी योजनाओं सहित कई विभागों का स्टॉल लगाया गया था, जिसमें अबुआ आवास, जन्म प्रमाणपत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र, जमीन म्यूटेशन, जमीन मापी, ऑनलाइन रिकॉर्ड में सुधार, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, आधार कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन, राशन कार्ड संशोधन से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। प्राप्त आवेदन में से कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। शिविर में चकला मुखिया रंजीता एक्का, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, बीपीओ रतन कुमारी, झामुमो नेता दीपू सिंहा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, डब्लू प्रजापति, सुरेंद्र उरांव, जेएसएलपीएस के मुजीब आलम, प्रखंड कर्मी आदि मौजूद थे।

## मनिका में आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**लातेहार।** जिले के सभी प्रखंडों के चयनित पंचायतों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में मनिका प्रखंड के बरवईयाकला पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिका मनोज तिवारी ने लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। जिन्हें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ नहीं मिला है या किसी अन्य कारण से लाभ से वंचित है, वैसे लाभुक यहां आवेदन कर सकते हैं। शिविर में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई।

## आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगा विशेष शिविर



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

प्रखंड मुख्यालय स्थित अम्बवाटोली पंचायत भवन में बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया, अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार बैठा ने इसकी शुरुआत की।

शिविर में विभिन्न समस्याओं एवं आवेदन लेकर सैकड़ों लोग पहुंचे। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता, मुख्यमंत्री सारथी योजना, अबुआ आवास, सावित्रीबाई फुले योजना, महिला एवं बाल विकास, कृषि एवं पशुपालन, मनरेगा, राजस्व, शिक्षा समेत अन्य विभागों के स्टालों पर अपनी जरूरत के अनुसार लोगों ने आवेदन दिए। बुआ आवास के लिए सर्वाधिक 364 आवेदन प्राप्त किए गए। मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया, अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार बैठा, शिक्षा पदाधिकारी घनश्याम चौबे, प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, प्रखंड के विभिन्न विभागों के कर्मी आदि उपस्थित थे।




### झारखंड श्रम विभाग की टीम ने मजदूरों से की मुलाकात

# उत्तराखंड के सीएम ने मजदूरों को भेंट किए एक-एक लाख रुपये के चेक

## मैन्युअल खुदाई करने वाले श्रमिकों को भी 50-50 हजार की प्रोत्साहन राशि

**आरएनएम। रांची/ देहरादून**
झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर श्रम विभाग की टीम ने राज्य के सभी श्रमिकों से चिन्यालीसौड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। ठीम की ओर से उन्हें बताया गया कि चिकित्सकों की सलाह के बाद सभी झारखंडी मजदूरों को राज्य सरकार वापस लाएगी और उन्हें हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी। इधर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी सिलक्यारा सुरंग से रेस्क्यू किए गए श्रमिकों का हाल-जानने के लिए बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ पहुंचे। धामी ने रेस्क्यू की सफलता की खुशी में बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर श्रमिकों के परिजनों के साथ दिवाली मनाने की घोषणा की है। रेस्क्यू किए गए सभी श्रमिकों को हेलीकॉप्टर से ऋषिकेश के एम्स पहुंचा दिया गया है। सीएम धामी ने हर श्रमिक से मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने डॉक्टरों से श्रमिकों के स्वास्थ्य लाभ व चिकित्सा उपचार की भी जानकारी ली। सीएम ने अस्पताल में श्रमिकों को दी जा रहीं विभिन्न सुविधाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान सीएम ने टनल से रेस्क्यू किए गए प्रत्येक श्रमिक को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि के चेक भी सौंपे। सीएम धामी ने रेस्क्यू ऑपरेशन के अंतिम दौर में पाइप पुशिंग के लिए रैट माइनिंग तकनीक से मैन्युअल खुदाई करने वाले श्रमिकों को भी 50-50 हजार की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। सीएम धामी ने कहा कि सुरंग हादसे के चलते हम सब इस बार दिवाली नही मना सके थे, अब सभी श्रमिकों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिये जाने के बाद बुधवार को दिवाली का जश्न मनाया जाएगा। सीएम ने श्रमिकों के परिजनों को देहरादून सीएम आवास पर दिवाली मनाने के लिए आमंत्रित किया है। सीएम ने रेस्क्यू किए गए श्रमिकों में से टनकपुर, चंपावत के पुष्कर की माता से मोबाइल पर बात की और उन्हें पुष्कर के स्वस्थ होने की जानकारी दी।



### मजदूरों को बचाने में अर्नाल्ड डिक्स ने निभाई महती भूमिका



**नई दिल्ली।** आखिरकार उम्मीद और संघर्ष की जीत हुई। 17 दिनों तक उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को मंगलवार की रात सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मालूम हो कि मिशन 41 में ओएनजीसी, एसजेवीएनएल, आरवीएनएल, एनएचआईडीसीएल और टीएचडीसीएल को विशिष्ट जिम्मेदारियां सौंपी गई थी। इंटरनेशनल टनलिंग एंड अंडरग्राउंड स्पेस एसोसिएशन के ऑस्ट्रेलिया स्थित अध्यक्ष अर्नाल्ड डिक्स को अभियान में शामिल किया गया था। वह 20 नवंबर को सुरंग स्थल पर पहुंचे थे। उन्होंने पिछले 17 दिनों में हमेशा सभी को पॉजीटिव रहने की सलाह दी। डिक्स दिन-रात सुरंग स्थल पर मजदूरों से संपर्क में रहे। प्रोफेसर अर्नाल्ड डिक्स भूमिगत और परिवहन बुनियादी ढांचे में विशेषज्ञ हैं। वह न सिर्फ भूमिगत निर्माण से जुड़े जोखिमों पर सलाह देते हैं बल्कि भूमिगत सुरंग बनाने में दुनिया के अग्रणी विशेषज्ञ हैं। डिक्स ब्रिटिश इंस्टीट्यूट ऑफ इन्वेस्टिगेटर्स में बैरिस्टर भी हैं। उन्हें इंजीनियरिंग, भूविज्ञान, कानून और जोखिम प्रबंधन मामलों में तीन दशकों का अनुभव है। मंगलवार को जब सुरंग में फंसे मजदूरों को बाहर निकालाने की कोशिश चल रही थी, तो अर्नाल्ड डिक्स सुरंग के नजदीक मौजूद भगवान बौख नाग देवता की पूजा-अर्चना में शामिल हुए।

### प्रोफेसर अर्नाल्ड को आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने सराहा

सिल्कयारा सुरंग से 41 श्रमिकों को सफलतापूर्वक बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाने वाले ऑस्ट्रेलियाई सुरंग विशेषज्ञ प्रोफेसर अर्नोल्ड डिक्स के तकनीकी कौशल और समझदारी की सेशल मीडिया पर खूब प्रशंसा हो रही है। भारत में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन और प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज ने भी डिक्स के समझदारी की सराहना की जिसके कारण सभी फंसे हुए श्रमिकों को सुरक्षित निकाला गया। फिलिप ग्रीन ने एक्स पर लिखा, 'यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उत्तराखंड में सुरंग में फंसे सभी 41 श्रमिकों को सफलतापूर्वक निकालने के लिए अधिकारियों को धन्यवाद। ग्रीन ने ऑस्ट्रेलिया के प्रोफेसर अर्नोल्ड डिक्स की विशेष सराहना की, जिन्होंने मैदान पर महत्वपूर्ण तकनीकी सहायता प्रदान की।' ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज ने भी अर्नोल्ड डिक्स की तारीफ की और पर लिखा, 'भारतीय अधिकारियों की एक अद्भुत उपलब्धि।



### सुरंग के ऊपर बौख नाग देवता का मंदिर

हादसे को लेकर स्थानीय लोगों ने कहा कि सिलक्यारा सुरंग के ठीक ऊपर जंगल में बौख नाग देवता का मंदिर है। कंपनी ने जंगलों को छेड़कर टनल बनाना शुरू किया और बदले में कंपनी ने टनल के पास देवता का मंदिर बनाने का वादा किया था, लेकिन 2019 से अभी तक मंदिर नहीं बनाया। इसके साथ ही ग्रामीणों का बनाया छोटा मंदिर भी तोड़ दिया गया, कई बार लोगों ने कंपनी के अधिकारियों को इसकी याद भी दिलाई, लेकिन अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इसके बाद ही दुर्घटना हो गई। हालांकि, जब यह हादसा हुआ तो दोबारा से बाबा के मंदिर को पहले वाली जगह पर स्थापित कर दिया गया है। बाबा बौख नाग सिलक्यारा सहित क्षेत्र की तीन पट्टियों के ईष्ट देवता हैं। मंदिर के अंदर भगवान नागराज की प्रतिमा है। ऐसी मान्यता है कि बाबा बौख नाग इस इलाके के रक्षक हैं।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक

## गरीबों को मुफ्त अनाज के लिए 11.8 लाख करोड़ की योजना को मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**
केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गरीबों को 11.8 लाख करोड़ रुपये की लागत से मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के अगले पांच वर्षों के लिए विस्तार को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र 1 जनवरी 2024 से अगले पांच वर्षों के लिए 81 करोड़ गरीब लोगों को प्रति माह पांच किलोग्राम मुफ्त खाद्यान्न प्रदान करने के लिए पीएमजीकेएवाई योजना का विस्तार कर रहा है।

मंत्री ने यह भी घोषणा की कि आदिवासियों के लिए पीएम जनमन योजना को मंजूरी दे दी गई है, जिसकी लागत 24,100 करोड़



रुपये होगी। इसमें से 15,300 करोड़ रुपये केंद्र द्वारा और शेष राज्यों द्वारा दिए जाएंगे।

यह योजना आवास, सड़क संपर्क, पाइप्ड पानी, मोबाइल चिकित्सा इकाइयां, सौर स्ट्रीट लाइटिंग, मोबाइल टावर सहित बुनियादी सुविधाएं प्रदान करेगी।

यह योजना 18 राज्यों में लागू की जाएगी और इससे 28,16,000 आदिवासियों को लाभ होने की उम्मीद है। ठाकुर ने यह भी कहा कि 16वें वित्त आयोग की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है और संदर्भ की शर्तों में केंद्र और राज्यों के बीच केंद्रीय करों का हिस्सा शामिल है। आयोग की सिफारिशें 1 अप्रैल 2026 से पांच वर्ष के लिए लागू होंगी। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण अन्न योजना के लिए पांच साल तक धन या भोजन की कोई कमी नहीं होगी। इस योजना पर सरकार को अगले पांच वर्षों में लगभग 11.8 लाख करोड़ रुपये का खर्च आएगा, लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह राशि कोई निश्चित संख्या नहीं है।

ठाकुर ने कहा कि यह प्रधानमंत्री का एक प्रयास है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि गरीब लोगों को खाद्य सुरक्षा मिले और उन्हें अपनी बुनियादी जरूरतों के बारे में चिंता न करनी पड़े।

## पहाड़ हिल रहे थे, ऐसे में हादसे को रोकना जरूरी था

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**
उत्तरकाशी में सिल्क्यारा टनल में फंसे 41 मजदूरों को रैट माइनिंग से निकालने का सुझाव विदेश से आए विशेषज्ञ अर्नाल्ड डिक्स ने दिया था। उन्हीं की सलाह व रणनीति से 41 मजदूरों को बचाने का अभियान सफल हुआ। सभी मजदूर सुरक्षित अपने परिवार से भी मिल सके हैं। एक साक्षात्कार में डिक्स ने दावा किया है कि रैट माइनिंग का आइडिया भी उन्होंने काफी शुरूआत में दे दिया था, वे जानते थे कि ये एक कारगर उपाय रहने वाला है। अर्नाल्ड ने कहा कि मैंने पहले से ही मान लिया था कि रैट होल माइनिंग ही अंत में कारगर साबित होने वाली है। मैं देख सकता था कि बड़ी मशीनों का पहाड़ पर असर ज्यादा पड़ रहा है, ऐसे में ये एक उपाय था। अब यहां ये समझना जरूरी है कि रेस्क्यू के शुरूआती दिनों में बड़ी ड्रिलिंग मशीन का लगातार इस्तेमाल किया गया। माना गया कि उससे काम जल्दी होगा और सभी मजदूर बाहर आ जाएंगे। लेकिन उस वजह से कुछ अजीब सी आवाजें भी पहाड़ों से आने लगी थीं, माना गया कि ड्रिलिंग की वजह से ही पहाड़ों पर इसका असर पड़ रहा था। एक बड़ी लैंडस्लाइड का खतरा बना हुआ था, इसी वजह से बाद में रणनीति में बदलाव किया गया। इस बारे में अर्नाल्ड का कहना है कि हमे पता था कि प्लान तो कई सारे हैं, लेकिन बैलेंस करना जरूरी है। हमे पता था कि पहाड़ हिल रहे हैं, ऐसे में एक और हादसे को रोकना जरूरी था। वैसे कुछ लोगों का मानना रहा कि ये रेस्क्यू ऑपरेशन काफी धीमा था, मजदूरों को और पहले निकाला जा सकता था।

## दंपति के झगड़े में विमान की दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** म्यूनिख से बैंकॉक जाने वाली लुफ्थांसा के एक विमान को एक दंपति के अनियंत्रित व्यवहार के कारण बुधवार सुबह दिल्ली एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। दिल्ली एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक विमान में पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। इस वजह से दिल्ली हवाई अड्डे पर विमान को उतारा गया। पति-पत्नी के बीच लड़ाई का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है, लेकिन दोनों के बीच लड़ाई के चलते विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान ने शुरू में पाकिस्तान के निकटवर्ती हवाई अड्डे पर उतरने की अनुमति मांगी, लेकिन किसी कारणवश अनुमति नहीं मिली। इसके बाद विमान ने दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग की।

FILMY हलचल

## सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई की फिर धमकी, पुलिस ने सलमान को किया अलर्ट

**सलमान खान** को पिछले कुछ समय से गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह से लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। इन धमकियों के बाद मुंबई पुलिस ने बॉलीवुड के दबंग एक्टर को सुरक्षा भी मुहैया कराई है। अब एक बार फिर लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से सलमान खान को धमकी मिली है। इस धमकी के बाद मुंबई पुलिस ने सलमान खान को दी सुरक्षा की मंगलवार को दोबारा समीक्षा की है। साथ ही पुलिस ने अभिनेता सलमान खान को इस बार ज्यादा सतर्क रहने की सलाह दी है। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की धमकी के बाद सलमान खान को मुंबई पुलिस ने पहले ही वाई-प्लस सुरक्षा दी है। हाल ही में, लॉरेंस बिश्नोई ने एक फेसबुक पोस्ट में कनाडा में अपने घर के बाहर गिप्पी ग्रेवाल की गोली मारकर हत्या की जिम्मेदारी ली थी। फेसबुक पोस्ट में लिखा था, "आप सलमान खान को अपना भाई मानते हैं, लेकिन अब आपके 'भाई' को बचाने का समय आ गया है। सलमान खान के लिए भी ये मैसेज है- इस गलतफहमी में मत रहना कि दाऊद तुम्हें बचा लेगा, कोई नहीं बचा पाएगा। सिद्धू मूसेवाला की मौत पर आपकी नाटकीय प्रतिक्रिया पर शायद ही ध्यान दिया गया, लेकिन हम सभी जानते हैं कि वह कैसा था और उसके आपराधिक संबंध क्या थे... अब आप हमारे रडार पर हैं।



## 'कैसे मुझे तुम मिल गए' में अरिजीत तनेजा के साथ काम करना खुशी का एहसास हैं : सृति झा



**शो** 'कैसे मुझे तुम मिल गए' में अमृता के किरदार में नजर आने वाली एक्ट्रेस सृति झा ने अरिजीत तनेजा के साथ अपनी दोस्ती के बारे में खुलासा किया और कहा कि वे सिर्फ को-स्टार्स नहीं बल्कि बहुत अच्छे दोस्त हैं। उन्हें उम्मीद है कि उनकी दोस्ती और केमिस्ट्री स्क्रीन पर भी बेहतरीन दिखाई देगी। 'कैसे मुझे तुम मिल गए' दो अलग-अलग किरदारों, अमृता और विराट के बीच की लव-स्टोरी है, जिन्हें क्रमशः सृति और अरिजीत ने निभाया है। सृति ने कहा, कैसे मुझे तुम मिल गए' का हिस्सा बनना एक रोमांचक अनुभव है और जी टीवी सबसे लंबे समय तक एक घर जैसा रहा है, चैनल पर वापस आना मेरे लिए घर वापसी जैसा है। उन्होंने कहा, "अरिजीत के साथ काम करना शानदार है।

## 'वॉर 2' की सामने आई रिलीजिंग डेट, 14 अगस्त 2025 को सिनेमाघरों में होगी प्रदर्शित

2019 की ऋतिक रोशन-स्टारर ब्लॉकबस्टर फिल्म 'वॉर' के अगले स्क्वील 'वॉर 2 की रिलीजिंग डेट सामने आ चुकीं है। सीक्वल में ऋतिक के रॉ एजेंट मेजर कबीर धालीवाल के किरदार की कहानी को आगे बढ़ाया जाएगा। एक ट्रेड सोर्स के अनुसार, 'वॉर 2' 14 अगस्त, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 'एक था टाइगर', 'टाइगर जिंदा है', 'वॉर', 'पठान' और हाल ही में रिलीज हुई सलमान खान और कैटरीना कैफ-स्टारर 'टाइगर 3' के बाद जासूसी जगत की छठी फिल्म है। ऋतिक ने शाहरुख के साथ 'टाइगर 3' में अपनी उपस्थिति का भी खुलासा किया। 2019 में रिलीज हुई 'वॉर' में ऋतिक के किरदार की कहानी बताई गई है, जो देश के गद्दारों के इंटेलिजेंस सिस्टम को साफ करने और कुलीन बलों में घुसपैठियों की पहचान करने के लिए उनकी तरह बन जाता है।



## पीएम आज 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से करेंगे संवाद

**एजेंसी। नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पूर्वाह्न 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक इस दौरान प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र का शुभारंभ भी करेंगे। यह महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ड्रोन प्रदान करेगा ताकि वे इस तकनीक का उपयोग अपनी आजीविका बढ़ाने में कर सकें। अगले तीन वर्षों के दौरान महिला स्वयं सहायता समूहों को 15 हजार ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री एम्स, देवघर में ऐतिहासिक 10 हजारवें जन औषधि केंद्र को समर्पित करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री देश में जन औषधि केंद्रों की संख्या 10 हजार से बढ़ाकर 25 हजार करने के कार्यक्रम की भी शुरूआत करेंगे।

### मोदी-शाह के करीबी सुनील ओझा का निधन

**अहमदाबाद।** गुजरात के भावनगर दक्षिण से भाजपा के पूर्व विधायक सुनील ओझा का बुधवार को दिल्ली में हार्ट अटैक से निधन हो गया। प्रधनमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के करीबी ओझा पिछले कुछ समय से बिहार में संगठन के सह प्रभारी के रूप में काम कर रहे थे। वो कई वर्ष तक उत्तर प्रदेश के प्रभारी भी रहे हैं। बताया गया है कि उनकी पार्थिव देह को वाराणसी ले जाया जाएगा।

## केरल और वायनाड मेरे लिए घर जैसा : राहुल



**एजेंसी। कोझिकोड**
कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर केरल की वायनाड लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के संकेतों के बीच, बुधवार को कहा कि यह राज्य और उनका संसदीय क्षेत्र उनके लिए घर की तरह हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में छह महीने से भी कम समय बचा है। राहुल ने कहा कि केरल और वायनाड आना उनके लिए कोई काम नहीं है। वायनाड से कांग्रेस सांसद ने कहा, मैं इसे मेरे परिवार के पास वापस आने और मेरे दोस्तों से मुलाकात की तरह देखता हूं। जितना मैं केरल और वायनाड आता हूं, उतना ही मुझे लगता है कि यह मेरा घर है। उन्होंने यहां मुस्लिम लीग के दिवंगत नेता पी सीथी हाजी पर एक पुस्तक का विमोचन करने के बाद यह बात कही।

**संभावना** नौसेना को मिल सकता है एक और विमान वाहक पोत

## समुद्री शक्ति में होगी और वृद्धि

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय नौसेना के लिए एक और विमान वाहक पोत के निर्माण के प्रस्ताव पर विचार किया जा सकता है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक इस पर लगभग 40,000 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। जानकारी के मुताबिक नौसेना के लिए इस विमान वाहक पोत के प्रस्ताव पर सरकार सकारात्मक विचार के साथ तैयार है। रक्षा विशेषज्ञ का मानना है कि इससे हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की घुसपैठ पर अंकुश लग सकेगा और भारतीय नौसेना की शक्ति में वृद्धि होगी। विशेषज्ञों के मुताबिक रक्षा मंत्रालय का रक्षा खरीद बोर्ड इस प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दे चुका है। इसका नाम 'आईएसी द्वितीय' रखा जा सकता है।



जानकारी के मुताबिक यह प्रस्ताव रक्षा अधिग्रहण परिषद यानी डीएसी के समक्ष रखा जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को डीएसी की बैठक होने की संभावना है। गौरतलब है कि भारतीय नौसेना को अत्याधुनिक एंटी-मिसाइल व एंटी एयरक्राफ्ट पॉइंट डिफेंस हथियार प्रणाली भी मिलने जा रही है। इस परियोजना पर लगभग 3,000 करोड रुपए की लागत आएगी। रक्षा मंत्रालय ने इसके लिए एक विशेष अनुबंध किया है। रक्षा मंत्रालय ने खरीद के तहत भारतीय नौसेना के लिए 16 अपग्रेडेड सुपर रैपिड गन माउंट (एसआरजीएम) के साथ साथ संबंधित उपकरण व सामान की खरीद के लिए 28 नवंबर को यह अनुबंध किया है। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि मैसर्स भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल), हरिद्वार के साथ यह अनुबंध किया गया जिस पर मंगलवार को हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इसकी कुल लागत 2956.89 करोड़ रुपये होगी। उन्नत एसआरजीएम, जिसका निर्माण मैसर्स बीएचईएल द्वारा अपने हरिद्वार प्लांट में किया जाएगा, एक मध्यम कैलिबर एंटी-मिसाइल, एंटी एयरक्राफ्ट पॉइंट डिफेंस हथियार प्रणाली है। इसकी मारक क्षमता अधिक है और यह उच्च सटीकता सुनिश्चित करती है। हथियार प्रणाली तरह-तरह के खतरों के मद्देनजर कार्रवाई करने में सक्षम है।

## उमर खालिद की बेल याचिका 10 जनवरी तक टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूर्व जेएनयू स्कॉलर और छात्र कार्यकर्ता उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई 10 जनवरी तक के लिए टाल दी। दिल्ली दंगों में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत खालिद सलाखों के पीछे हैं। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने मामले को यूएपीए की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के साथ बेल याचिका को अगले साल 10 जनवरी को सुनवाई के लिए तय किया, साथ ही कहा कि इस बीच दलीलें पूरी कर ली जाएं। खालिद के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू की गैरमौजूदगी में दोनों पक्षों की ओर से सुनवाई टालने का अनुरोध किया गया।

## एक नजर

### रांची में मिला युवक का शव

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र के कव्वाली गांव में बुधवार की सुबह एक युवक का शव मिला। घटना की सूचना मिलते ही नामकुम थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। नामकुम थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि शव की शिनाख़्त अबतक नहीं हो सकी है। उसके शरीर में भी चोट के निशान नहीं मिले हैं। प्रथम द्दष्टया मामला गड्ढे में गिरने से मौत का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### बरियातू में एक घर से लाखों की चोरी

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के शंकर नगर के एक घर से लाखों का सामान चोरी करने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में बुजुर्ग महिला सुषमा नाग ने कहा कि वह मंगलवार की रात घर पर अकेली थी। उनके दोनों बेटे गांव गये हुए थे। रात को वह अपने कमरे में सो रही थी। इसी दौरान चोरों ने घटना को अंजाम दिया। घर से चोर लाखों का सामान लेकर फरार हो गए है। महिला ने कहा कि घर में रखे गहने और नकदी के साथ-साथ घर में रखे बर्तन सहित अन्य समान चोर अपने साथ ले गए हैं। थाना प्रभारी सुरेश कुमार मंडल ने बताया कि घर का दरवाजा खुला था। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### विकास कार्यों के कारण दो ट्रेनें रहेंगी रद्द

**रांची।** विकास कार्यों के कारण दो ट्रेनें रद्द रहेंगी। रेलवे की ओर से बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार चक्रधरपुर मंडल के तहत राउरकेला स्टेशन पर विकास कार्यों की वजह से रेलवे पटरी को ब्लॉक किया जाएगा। इस दौरान ट्रेन संख्या 18175 हटिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर ट्रेन यात्रा प्रारंभ 29 नवम्बर और ट्रेन संख्या 18176 झारसुगुड़ा-हटिया मेमू पैसेंजर ट्रेन यात्रा प्रारंभ 30 नवम्बर को रद्द रहेगी।

### कांग्रेस ने टनल में फंसे 41 श्रमिकों को निकालने वाले रेस्क्यू टीम को दी बधाई

**रांची।** उत्तराखंड के सिलक्यार सुरंग से 17 दिनों के बाद 41 श्रमिकों को सफलतापूर्वक निकाले जाने पर रांची जिला कांग्रेस कमेटी ने रेस्क्यू टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी है। रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि उत्तराखंड से झारखंड के 15 मजदूरों को सकुशल बाहर निकलना राहत और सबसे खुशी की बात है। इस ऑपरेशन के बाद झारखंड की महागठबंधन सरकार भी लगातार श्रमिकों के परिजनों से संपर्क में है। सभी श्रमिक सुरक्षित और स्वस्थ रहें और उनके बेहतर उपचार के लिए व्यवस्था की गई है। कांग्रेस प्रवक्ता चंद्र रश्मि ने कहा कि 17 दिनों तक चल रहा बचाव अभियान कामयाब रहा और श्रमिकों को दोबारा नया जीवन मिला। टनल से बाहर निकलने वाले रांची ग्रामीण क्षेत्र के अनिल बेदिया, राजेन्द्र बेदिया, सुकराम बेदिया के परिवार के हर दुख-सुख में रांची जिला कांग्रेस परिवार साथ खड़ा है।

### कांग्रेस ने टनल में फंसे 41 श्रमिकों को निकालने वाले रेस्क्यू टीम को दी बधाई

**रांची।** उत्तराखंड के सिलक्यार सुरंग से 17 दिनों के बाद 41 श्रमिकों को सफलतापूर्वक निकाले जाने पर रांची जिला कांग्रेस कमेटी ने रेस्क्यू टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी है। रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि उत्तराखंड से झारखंड के 15 मजदूरों को सकुशल बाहर निकलना राहत और सबसे खुशी की बात है। इस ऑपरेशन के बाद झारखंड की महागठबंधन सरकार भी लगातार श्रमिकों के परिजनों से संपर्क में है। सभी श्रमिक सुरक्षित और स्वस्थ रहें और उनके बेहतर उपचार के लिए व्यवस्था की गई है। कांग्रेस प्रवक्ता चंद्र रश्मि ने कहा कि 17 दिनों तक चल रहा बचाव अभियान कामयाब रहा और श्रमिकों को दोबारा नया जीवन मिला। टनल से बाहर निकलने वाले रांची ग्रामीण क्षेत्र के अनिल बेदिया, राजेन्द्र बेदिया, सुकराम बेदिया के परिवार के हर दुख-सुख में रांची जिला कांग्रेस परिवार साथ खड़ा है।

**रांची और चक्रधरपुर रेल मंडल से जुड़े सांसदों की बैठक में बोले संजय सेठ**

# मंदिर है भावनात्मक आस्था का केंद्र जनप्रतिनिधियों से बात करें अधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची रेल मंडल और चक्रधरपुर रेल मंडल से जुड़े सभी सांसदों की मंडल स्तरीय बैठक बुधवार को होटल बीएनआर में हुई। इसमें दोनों मंडलों के रेलवे के अधिकारी और महाप्रबंधक भी मौजूद थे। रांची के सांसद संजय सेठ ने बैठक में एजेंडा रखा और उस पर चर्चा की। इसके अलावा रांची के कई ज्वलंत मुद्दों पर भी प्रमुखता से बात रखी।

रेलवे के द्वारा रांची स्टेशन के समीप बने मंदिर को हटाने के नोटिस के मामले में सांसद ने अधिकारियों का ध्यान खींचा और स्पष्ट रूप से कहा कि मंदिर हमारी आस्था के केंद्र हैं। मंदिरों से लोगों का भावनात्मक लगाव होता है। मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा की जाती है। इसलिए किसी भी



कीमत पर इस तरह का कोई कदम उठाने से पहले किसी भी क्षेत्र में रेलवे के अधिकारियों को संबंधित जनप्रतिनिधियों से बात करनी चाहिए। इसके बाद ही इस तरह का कोई कदम उठाना चाहिए। सांसद ने स्पष्ट रूप से कहा कि मंदिर आस्था का केंद्र हैं। मामला संवेदनशील है। योजना बनाने से पहले विचार करें। नोटिस देने से पहले विचार करें। जनमानस को पीड़ित करने वाला काम नहीं करें। हम भी विकास चाहते हैं। जनभावनाओं के साथ यह काम किया जाए। बीच का रास्ता निकालें। मंदिर का गर्भगृह नहीं छेड़े। सांसद ने कहा कि नामकुम, टाटीसिलवे और सिल्ली रेलवे स्टेशन में पूर्व की भांति सभी ट्रेनों का ठहराव अविलंब सुनिश्चित किया जाए। सिल्ली मुरी के बांसारूली में भी सड़क निर्माण का मामला भी सांसद ने बैठक में उठाया। इसके अलावा नामकुम में फुट

**नामकुम, टाटीसिलवे और सिल्ली रेलवे स्टेशन में पूर्व की भांति सभी ट्रेनों का ठहराव अविलंब सुनिश्चित किया जाए**

ओवरब्रिज निर्माण पर काम करने का सुझाव सांसद ने अधिकारियों को दिया। सांसद ने कहा कि चुटिया में ओवर ब्रिज का प्रस्ताव भेजें। यह प्रयास हो कि किसी का घर नहीं टूटे। अब बेहतर तकनीकी का इस्तेमाल करें और यह कार्य करें। किसी भी नागरिक का घर नहीं टूटे यह ध्यान रखें। सांसद ने इस बैठक में रांची से बेंगलुरु चेन्नई एनार्कुलम कोयंबटूर के लिए साप्ताहिक अंत्योदय ट्रेन का परिचालन करने, हटिया पैसेंजर का बरकाकाना तक विस्तार करने के लिए कहा। साथ ही यह भी कहा कि कई मामलों में राज्य सरकार के द्वारा प्रस्ताव नहीं भेजा जाता है। ऐसी स्थिति में रेलवे को संवेदनशील बनना चाहिए और राज्य सरकार से प्रस्ताव मांगने की पहल करनी चाहिए। सांसद ने यह भी कहा कि धनबाद फिरोजपुर गंगा सतलज एक्सप्रेस का विस्तार रांची तक हो इसके लिए अविलंब प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जाना चाहिए। मेसरा, बरकाकाना, रामगढ़, मैक्लुस्कीगंज, खलारी और राय रेलवे स्टेशन को धनबाद रेल मंडल से हटाकर रांची रेल मंडल के अधीन करने से संबंधित प्रस्ताव भेजने की बात सांसद ने इस बैठक में कही।

## भारतीय कला संस्कृति के विभिन्न रूपों से छात्रों को कराया अवगत




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में बुधवार को पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित स्पिकमैके की संस्थापक डॉ. किरण सेठ का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम हुआ। इस दौरान उन्होंने छात्रों को शास्त्रीय संगीत, भारतीय कला और संस्कृति के अन्य रूपों से अवगत कराया। उन्होंने उन्हें प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्व को समझाया और बताया कि आइंस्टीन जैसे महान लोगों ने इसके लिए कैसे काम किया है। उन्होंने अपने साइकिल अभियान के बारे में भी बताया जो उन्होंने महात्मा गांधी के सादा जीवन और उच्च विचार के संदेश को युवा पीढ़ी तक फैलाने के द्दष्टिकोण से शुरू किया था। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों के लिए इस तरह के जागरूकता बढ़ाने वाले सत्र आयोजित करने के लिए स्कूल की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने डॉ. सेठ को उनकी गरिमामयी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया और छात्रों को ऐसे प्रेरक व ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों से सीखे गए कलाओं को आत्मसात करने के लिए कहा।

### वेब सीरीज की शूटिंग 10 दिसंबर से

**रांची।** मेरी आवाज मेरी पहचान की एक बैठक मोरहाबादी के एक होटल में बॉलीवुड एक्टर देवेश खान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 10 दिसंबर से वेब सीरीज की शूटिंग रांची क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में की जाएगी। इस वेब सीरीज में मेरी आवाज मेरी पहचान के कलाकार ही काम करेंगे। इसके बाद लगातार तीन वेब सीरीज फ्लोर पर है उसे भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इन वेब सीरीज में झारखंड के कलाकारों को मौका दिया जाएगा उनके अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का काम मेरी आवाज मेरी पहचान करेगी। झारखंड में प्रतिभा की कोई कमी है। हर क्षेत्र में यहां के लोग आगे हैं, चाहे खेल हो फिर हुनर सभी में आगे हैं। देवेश खान ने बताया कि इसमें बॉलीवुड के कलाकार भी काम करते हुए नजर आएंगे। इस मौके पर कुमार गहलोत, बुलंद अख्तर , किशन अग्रवाल और खासतौर से गौरव कुमार उपस्थित थे।

### ट्रेजरी अफसर के खिलाफ एसीबी ने दर्ज किया केस

रांची। रांची के डोरंडा कोषागार के पूर्व ट्रेजरी अफसर पवन केडिया के खिलाफ एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज किया है। राज्य वित्त सेवा के पदाधिकारी पवन केडिया को एसीबी ने पूर्व में डोरंडा कोषागार में पोस्टिंग के दौरान 30 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद पवन केडिया के घर पर एजेंसी ने सर्च भी किया था। तब एजेंसी को आय से अधिक संपत्ति के साक्ष्य मिले थे। सर्च के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर ही एसीबी ने राज्य सरकार के मंत्रिमंडल, निगरानी व सचिवालय विभाग से पीई दर्ज करने की अनुमति मांगी थी। विभागीय अनुमति मिलने के बाद एसीबी ने इस संबंध में पीई दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीई जांच में आय से अधिक संपत्ति के साक्ष्य मिलने के बाद एसीबी इसे एफआईआर में तब्दील करेगी।

## डीपीएस के छात्रों का एसओएफ ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से आयोजित इंटरनेशनल जनरल नॉलेज ओलंपियाड 2023-2024 में डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें कक्षा तीन के आरव गुप्ता ने अंतरर्राष्ट्रीय सिल्वर मैडल और 1000/- रुपये का नकद पुरस्कार जीता। ईशान हक (कक्षा आठवीं), शब्द मिश्रा (कक्षा क) और जिया गोस्वामी (कक्षा क) ने मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन और 500/- रुपये का नकद पुरस्कार हासिल किया। साकेत सिंह (कक्षा क), सानवी देवर्षि (कक्षा क), आशवी शर्मा (कक्षा क), अमेय देवर्षि (कक्षा क), सन्नत उज्जैन (कक्षा क), रुद्रांश रंजन (कक्षा क), श्री श्रेयशी (कक्षा क) और युवराज चौधरी (दसवीं कक्षा) ने मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन प्राप्त किया। साथ ही इस ओलंपियाड में 26 छात्रों ने गोल्ड मेडल हासिल किया। इस प्रतियोगिता में आरव गुप्ता (कक्षा क) ने इंटरनेशनल रैंक 02 हासिल किया, ईशान हक (कक्षा क) और शब्द मिश्रा (कक्षा क) ने जोनल रैंक 09 प्राप्त किया, जिया गोस्वामी (कक्षा क) ने जोनल रैंक 10 हासिल किया एवं साकेत सिंह ( कक्षा क) और रुद्रांश रंजन (कक्षा क) ने जोनल रैंक 13 प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों के लिए प्रेरणा का काम करती है और पाठ्यपुस्तकों से परे एक सर्वांगीण शिक्षा के महत्व पर जोर देती है। इन छात्रों की सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत क्षमताओं को दर्शाती है, बल्कि ज्ञान और सीखने की प्यास से लैस वैश्विक नागरिकों के पोषण के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

**आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायतों में लगा शिविर**

# योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों लोगों को दिलाना कार्यक्रम का उद्देश्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ खूंटी**

आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिला प्रशासन द्वारा खूंटी प्रखंड की तिरला पंचायत, कर्रा की लरता, मुरहू की रुमुतकेल, अड़की की सोसोकुटी, तोरपा की सुन्दारी और रनिया प्रखंड की खटंगा पंचायत तथा खूंटी नगर पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र कदमा में शिविर का आयोजन किया गया और सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, वरीय पदाधिकारी और संबंधित प्रखंड के बीडीओ ने शिविर में आए लोगों को आवेदन देकर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिले के

**जिले के विभिन्न प्रखंडों की पंचायतों में प्रत्येक दिन निर्धारित अवधि के अनुरूप शिविर का आयोजन किया जा रहा है**

विभिन्न प्रखंडों की पंचायतों में प्रत्येक दिन निर्धारित अवधि के अनुरूप शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजनों तक योजनाओं का लाभ तक पहुंचना है। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं सर्वजन पेंशन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, सोना-सोबरन, धोती-साड़ी वितरण योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पारदेसीय छात्रवृत्ति योजना, अबुआ आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं से जरूरतमंदों को लाभान्वित किया जा रहा है।

अनुमंडल पदाधिकारी ने सुंदारी पंचायत स्तरीय शिविर में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और वहां कार्यरत कर्मचारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक लोगों को आच्छादित करने का निर्देश दिया। ठंड को देखते हुए कम्बल, धोती-साड़ी लूंगी, स्कूली बच्चों को पोषाक आदि परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। विभाग द्वारा बच्चों को निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत चेक दिया गया। साथ ही शिविर में उपस्थित ग्रामीणों के बीच फलदार पौधों का भी वितरण किया गया।

### ट्रेजरी अफसर के खिलाफ एसीबी ने दर्ज किया केस

**रांची।** रांची के डोरंडा कोषागार के पूर्व ट्रेजरी अफसर पवन केडिया के खिलाफ एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज किया है। राज्य वित्त सेवा के पदाधिकारी पवन केडिया को एसीबी ने पूर्व में डोरंडा कोषागार में पोस्टिंग के दौरान 30 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद पवन केडिया के घर पर एजेंसी ने सर्च भी किया था। तब एजेंसी को आय से अधिक संपत्ति के साक्ष्य मिले थे। सर्च के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर ही एसीबी ने राज्य सरकार के मंत्रिमंडल, निगरानी व सचिवालय विभाग से पीई दर्ज करने की अनुमति मांगी थी। विभागीय अनुमति मिलने के बाद एसीबी ने इस संबंध में पीई दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीई जांच में आय से अधिक संपत्ति के साक्ष्य मिलने के बाद एसीबी इसे एफआईआर में तब्दील करेगी।

**मतदाता सूची में नए वोटरों को जोड़ने में जुटें प्राचार्य व कुलसचिव**

# सभी योग्य लोगों का मतदान पहचान पत्र बने ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को समाहरणालय में महाविद्यालय के प्राचार्यों एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिवों के साथ बैठक कर मतदाता सूची में नये वोटरों का नाम जोड़ने को कहा। कहा गया कि वैसे विद्यार्थियों जिनकी उम्र एक जनवरी 2024 तक 18 वर्ष हो जाएगी उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ना जरूरी है।

बैठक में उप-निर्वाचन पदाधिकारी रांची विवेक सुमन एवं निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी-कांके 65 राजीव कुमार सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक रांची मिथलेश केरकेटा, एडीपीओ झारखण्ड शिक्षा




परियोजना कौशल किशोर, कुलसचिव एमिटी यूनिवर्सिटी रांची प्रभाकर त्रिपाठी एवं संत जेवियर महाविद्यालय रांची, डोरंडा महाविद्यालय रांची, निर्मला महाविद्यालय रांची, संत पॉल महाविद्यालय रांची एवं अन्य महाविद्यालय के प्राचार्य और प्रतिनिधि शामिल हुए।

उपायुक्त ने एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष के हो रहे विद्यार्थियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया थी बताई। उपायुक्त ने सभी से इसमें अपनी सहभागिता निभाने का आग्रह किया। जानकारी हो की, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 का कार्य चल रहा हैं। जिसमें 09 दिसंबर 2023 तक दावा, आपत्ति का कार्य किया जाना है। जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुडा है, वे प्रपत्र-6 भर कर मतदाता सूची में या बीएलओ एप के माध्यम से जोड़ सकते हैं। उपायुक्त ने सभी प्राचार्य एवं कुलसचिव को निर्देश देते हुए कहा की अपने-अपने महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय में कैंपस एंबेसडर के माध्यम से छात्र/छात्राऐं को जागरूक कराए ताकि जो योग्य छात्र/छात्राऐं हैं वे प्रपत्र-6 भरकर या वोटर एप हेल्पलाइन के माध्यम से प्रपत्र-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते है। उपायुक्त ने कहा कि जो मतदाता दिव्यांग श्रेणी में आते हैं, उन्हें मतदान केंद्रों में विशेष सुविधा मिले यह सुनिश्चित कर लें।

## पृष्ठ एक के शेष

**राज्य वासियों के विकास के लिए...**

यहां पर पिछड़ापन रोजी-रोटी के लिए लोगों का पलायन होता आ रहा है ,लेकिन किसी का इस पर ध्यान नहीं गया लेकिन हमारी सरकार जब से आई है। तब से योजना बनाकर धरातल पर उतर कर लोगों को लाभ दे रही है। हमारी सरकार लगातार लोगों को सामाजिक सुरक्षा का कवच देने का कार्य कर रही है और इसी के लिए यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू किया है ,उसकी तहत बुजुर्गों विधवाओं और दिव्यांगों का पेंशन सुनिश्चित किया है। इसके अलावा सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन के रूप में बुढ़ापे की लाठी दी है ।राशन कार्ड में अब गरीबों को दाल भी मिलेगा ,इसके लिए हमारी सरकार ने 20 लाख लोगों को राशन कार्ड देने का कार्य किया है वही पुरानी सरकार ने 11 लाख लोगों का राशन कार्ड चीन का कार्य किया था ।राज्य के गरीब और घर विहीन लोगों को तीन कमरों का सुसज्जित मकान देने का कार्य वर्तमान सरकार कर रही है इसके लिए अबुआ आवास योजना शुरू की है अगले 3 सालों में 8 लाख मकान बनाए जाएंगे। वहीं गांव और शहरों के बीच कनेक्टिविटी बनाएं रखने के लिए ग्राम गाड़ी योजना शुरू की है जिसमें बुजुर्ग दिव्यांग और विद्यार्थियों को निशुल्क बस परिवहन की सेवा मिलेगी.। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सभी वर्ग के लिए आगे बढ़ने का रास्ता खोल दिया है ,नौजवानों को नौकरी के साथ निजी क्षेत्र के ऑफर लेटर बड़े पैमाने पर दी जा रही है। मजदूरों को पशुधन योजना बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना जैसे कई योजना दिया जा रहा है। सोना सोबरन धोती साड़ी योजना का लाभ गरीबों को दो बार दिया जा रहा है। शराब बेचने वाली महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका से जोड़ने के लिए फूलों झानो आशीर्वाद योजना चल रही है। बच्चों को पढ़ाई के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना दी जा रही है ।इसके अलावा झारखंड के कई कल्याणकारी योजना यहां के लोगों को देने का काम किया जा रहा है ।मुख्यमंत्री ने कहा कि सिमडेगा- खूंटी का इलाका हॉकी के लिए जाना जाता है। यहां के घर-घर में हॉकी की दीवानगी देखने को मिलती है। इसी का परिणाम है कि यहां से कई कई अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी निकले हैं, जो अपने परिवार, राज्य और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। ऐसे में हॉकी को बढ़ावा देने के लिए यहां कई स्टेडियम बनाए जा रहे हैं । हाल ही में एशियन हॉकी चैंपियनशिप की मेजबानी झारखंड ने शानदार और भव्य तरीके से की, जिसे पूरी दुनिया ने देखा।

**राम मंदिर के उद्घाटन में अक्षत बांटकर लोगों को किया जा रहा है गुमराह : सत्यानन्द भोक्ता**

राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अपने संबोधन में कहा कि जैसे ही सरकार बनी वैसा ही कोरोना जैसी महामारी फैल गई ,लेकिन वर्तमान सरकार ने उसे डटकर सामना करते हुए कार्य किया। जहां केंद्र सरकार ने लोगों को मरने पर छोड़ दिया वहीं सरकार ने हवाई जहाज से लाने का कार्य किया ,श्रमिकों को पूरा ख्याल रखा ।2004 में भारत सरकार ने पुरानी पेंशन को बंद करने का कार्य किया था उसे हेमंत सरकार ने पुनः लाने का कार्य किया इससे पहले की सरकार लूट और झूठ की सरकार थी उनका काम सिर्फ और सिर्फ कमीशन था। कोई उन्होंने राम मंदिर मामले में कहा कि वर्तमान समय में राम मंदिर उद्घाटन को लेकर निमंत्रण बांटे जा रहे हैं अक्षत चावल बांटे जा रहे हैं यह सिर्फ एक लोगों को गुमराह करने का काम है ,अगर अक्षत बांटने से लोगों का घर में अन्न भरता तो बात कुछ और थी यहां गरीब मजदूर सभी टपके के लोग परेशान हैं और यह लोग सिर्फ गुमराह कर रहे हैं।

**800 योजनाओं की रखी गई नींव , 653 योजनाओं का हुआ उद्घाटन :** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 20 करोड़ 99 लाख 65 हजार 111 रुपए की लागत से निर्मित 653 योजनाओं का उद्घाटन किया। वहीं, 800 योजनाओं की आधारशिला रखी । इन योजनाओं पर कुल 134 करोड़ 78 लाख 54 हजार 339 रुपए खर्च होंगें। इस तरह 155 करोड़ 78 लाख 19 हजार 440 रुपए की 1453 योजनाओं का तोहफा सिमडेगा वासियों को मिला। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के 40321 लाभुकों के बीच 31 करोड़ 17 लाख 62 हजार 385 रुपए की परिसंपत्ति प्रदान कर उनके सशक्तिकरण और स्वावलंबी बनने का राह प्रशस्त किया। इस कार्यक्रम में विधायक गुमला विधानसभा के भूषण तिर्की, जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग सरकार के सचिव विनय कुमार चौबे सहित कई गणमान्य अतिथि शामिल हुए।

**पूर्व में योजना हेड क्वार्टर व...**

यहां के गरीब और आम जनता को सीधे तौर पर लोगों को देने का काम करेगी ।आज जब से महागठबंधन की सरकार बनी है, तब से आने को अनेक कई ऐसे कार्य हुए जो इससे पहले पूर्व की सरकारों ने नहीं किया है।

**ट्रक ने बाइकसवार दो सगे भाईयों...**

को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में एक भाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे भाई के शव को ट्रक करीब एक किलोमीटर तक घसीटता रहा। दोनों भाई कचहरी में काम कर जीविकोपार्जन कर रहे थे। रोड जाम कर रहे ग्रामीण ड्राइवर पर कार्रवाई व मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे व ग्रामीणों के साथ बातचीत कर शव को कब्जे में लेकर जाम हटवाया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए। उनके करुण क्रंदन से वातावरण गमगीन हो गया।

**शिविर में होगा समस्याओं का ऑन द...**

आपकी द्वार कार्यक्रम के तहत विभिन्न नगर निकायों व ग्राम पंचायतों में लगाये जा रहे शिविर में सभी समस्याओं का ऑन द स्पॉट निराकरण किया जा रहा है। सरकार के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर समस्याओं का त्वरित निराकरण कर रहे हैं। इसमें अबुआ आवास का सबसे ज्यादा आवेदन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर सीएम हेमंत सोरेन पूरी तरह गंभीर हैं। वे खुद 30 नवम्बर को दो दिवसीय दौरे पर पलामू आ रहे हैं। इस दौरान जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, सचिव सन्नू सिद्दीकी, अभिषेक सिंह, दीपक तिवारी, अविनाश देव, राकेश सिन्हा , सुशीला मिश्रा, मुन्ना सिन्हा, सन्नी शुक्ला, अफसर जी,सुमित कुमार मौजूद रहे।

**आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में...**

विश्वास था और उन्हें आज न्याय मिला है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2014 में गढ़वा जिला के मेराल के एक पोलिंग बूथ के बाहर नारेबाजी की घटना हुई थी। इसी मामले में मिथिलेश ठाकुर के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज कराया गया था। इसी मामले में बुधवार को मंत्री श्री ठाकुर एमएलए -एमपी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सतीश कुमार मुंडा की अदालत में उपस्थित हुए। विद्वान न्यायाधीश ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद मंत्री श्री ठाकुर को मामले से बरी कर दिया। मंत्री की ओर से अधिवक्ता परेश तिवारी ने पैरवी की। उन्होंने बताया कि मंत्री श्री ठाकुर पर लगे आरोप साबित नहीं हुए। मंत्री श्री ठाकुर की पेशी के दौरान पलामू व्यवहार न्यायालय परिसर में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये थे। कोर्ट परिसर के बाहर भी बड़ी संख्या में पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी।

**अब शुरू होगा आरोप-प्रत्यारोप...**

सीमा लगाने की जरूरत है।' एसआईटी ने 3 लाख रुपये और उससे अधिक के नकद लेनदेन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की और कहा कि 'ऐसे लेनदेन को अवैध और कानून के तहत दंडनीय घोषित करने के लिए एक अधिनियम बनाया जाना चाहिए'। एसआईटी ने शीर्ष अदालत को सात अंतरिम रिपोर्ट सौंपी हैं। विदेश काले धन पर उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त विशेष जांच दल बहुत जल्द शीर्ष अदालत को अपनी आठवीं अंतरिम रिपोर्ट सौंपेगी। पैनल के उपाध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अरिजीत पसायत ने कटक (ओडिशा) में बताया ।न्यायमूर्ति पसायत ने देश में काले धन के सृजन का पता लगाने और उस पर अंकुश लगाने के संबंध में कटक (ओडिशा) स्थित अपने आवास पर आयकर, प्रवर्तन निदेशालय, सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड के अधिकारियों की दो घंटे से अधिक समय तक बैठक की, जिसमें प्रतिभागियों ने भारत और विदेशों में काले धन की उत्पत्ति का पता लगाने और उस पर अंकुश लगाने के लिए लागू किए जाने वाले उपायों पर चर्चा की। मामला गरमाने का कारण सिर्फ राजनैतिक नहीं होगा बल्कि निजी हमले तक जाएगा और करोड़ों के काले धन की लपेट में बड़े-बड़े नाम आएंगे जो विधान सभा चुनाव के परिणामों को देखकर अगली केंद्र सरकार और विपक्ष का आकलन करेंगे जिसकी आंच समाचार पत्रों, टीवी चैनलों की बहसों से होती हुई सोशल मीडिया के मध्यम से देश-विदेश तक जाएगी और गांव से लेकर महानगरों तक के लोग इसका पूरा आनंद उठाएंगे।

## एक नजर

### यूपी टीम की स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच बनी स्वाति

**प्रयागराज।** बीसीसीआई द्वारा मुम्बई में 10 से 22 दिसम्बर तक होने वाली अंडर-23 वूमेन टी-20 क्रिकेट ट्रॉफी के लिए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने दिल्ली पब्लिक स्कूल की स्पोर्ट्स टीचर और आशीष नेहरा क्रिकेट अकादमी (डीपीएस) में कोच स्वाति सिंह को यूपीसीए टीम का स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच बनाया है।उल्लेखनीय है कि स्वाति यूपीसीए सीनियर वूमेन चैलेंजर ट्रॉफी, सीनियर वूमेन टी-20 ट्रॉफी और बीसीसीआई द्वारा नागपुर में आयोजित एक दिवसीय टूनार्मेंट में यूपी टीम की ट्रेनर रह चुकी हैं। इसी वर्ष राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के अंडर-15 कैम्प में मैनेजर भी रही थीं।

### बास्केटबॉल सुपर लीग फिर से शुरू, स्टेडियम में 1,000 दर्शकों को प्रवेश की अनुमति

**जेरूसलम।** इजरायल और हमास के बीच युद्ध के कारण 7 अक्टूबर को निलंबित होने के बाद इजरायली बास्केटबॉल सुपर लीग मंगलवार शाम से फिर से शुरू हो गई है। हालांकि लीग के हर मैच में अधिकतम 1,000 दर्शकों को ही स्टेडियम में मैच देखने की अनुमति है। इससे पहले इजरायली बास्केटबॉल सुपर लीग प्रशासन (बीएसएल) ने सुरक्षा की स्थिति के कारण, यह भी फैसला किया था कि पूरे सीजन में विदेशी खिलाड़ी ट्रांसफर की संख्या पर कोई सीमा नहीं होगी। बता दें कि इजरायल-और हमास संघर्ष के कारण कई विदेशी खिलाड़ियों ने अपनी इजरायली टीमों को छोड़ दिया था।

### 9 जनवरी से ओडिशा में शुरू होगा कलिंगा सुपर कप

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को घोषणा की कि कलिंगा सुपर कप का आयोजन 9 जनवरी 2024 से ओडिशा में किया जाएगा। टूनार्मेंट के मैच ओडिशा में दो अलग-अलग स्थानों पर आयोजित करने की योजना है। इंडियन सुपर लीग और आई-लीग दोनों टीमों को वार्षिक टूनार्मेंट में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। टूनार्मेंट के प्रारूप में चार-चार टीमों के चार समूह होंगे, जो आपस में सिंगल लेग मैच खेलेंगे। ग्रुप विजेता सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे, जिसके बाद 28 जनवरी, 2024 को फाइनल खेला जाएगा। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, ₹हमने पहले जो निर्णय लिया था। उसके अनुसार वार्षिक सुपर कप टूनार्मेंट अब बड़े और व्यापक परिप्रेक्ष्य में आयोजित किया जाएगा। यह टूनार्मेंट अब कलिंगा सुपर कप के नाम से जाना जाएगा और जनवरी 2024 में ओडिशा में खेला जाएगा। यह भारतीय घरेलू फुटबॉल के लिए एक सकारात्मक विकास है। मुझे विश्वास है कि कलिंगा सुपर कप आयोजन और दर्शकों की रुचि दोनों के मामले में बहुत हिट होगा। आई-लीग टीमें कलिंगा सुपर कप के ग्रुप चरण में पहुंचने के लिए क्वालीफायर खेलेगी जहां ग्रुप चरण में उनके लिए चार स्थान आरक्षित किए गए हैं। कलिंगा सुपर कप के चैंपियंस को एएफसी 2023-24 सीजन के एसीएल 2 प्रारंभिक चरण में खेलने के लिए नामांकित किया जाएगा।

# मुख्य कोच बने रहेंगे राहुल द्रविड़

## बीसीसीआई ने किया अनुबंध विस्तार



बीसीसीआई ने दूसरे कार्यकाल की अवधि नहीं बताई है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि जून में होने वाले 2024 टी20 विश्व कप तक होगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और टीम इंडिया के सहयोगी स्टाफ (सीनियर पुरुष) के अनुबंध का विस्तार किया है। हालांकि बीसीसीआई ने उनके दूसरे कार्यकाल की सटीक अवधि नहीं बताई है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि यह कम से कम जून में होने वाले 2024 टी20 विश्व कप तक होगा। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के बाद द्रविड़ का अनुबंध समाप्त हो गया था, जिसके बाद बीसीसीआई ने द्रविड़ के साथ सार्थक चर्चा की और सर्वसम्मति से कार्यकाल को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा, राहुल द्रविड़ की दूरदर्शिता, व्यावसायिकता और दृढ़ प्रयास टीम इंडिया की सफलता में महत्वपूर्ण स्तंभ रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में, आप हमेशा अत्यधिक जांच के दायरे में रहते हैं और मैं इसका विस्तार करता हूं। भारतीय टीम का प्रदर्शन उनके रणनीतिक मार्गदर्शन का प्रमाण है। मुझे खुशी है कि उन्होंने मुख्य कोच बने रहने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया और यह उनके और बीसीसीआई के बीच आपसी सम्मान और साझा दृष्टिकोण को दशार्ता है। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनके नेतृत्व में टीम सफलता के शिखर तक अपनी यात्रा जारी रखेगी और रास्ते में नए मानक स्थापित करेगी। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, ह्लमैंने उनकी नियुक्ति के समय उल्लेख किया था कि मुख्य कोच की भूमिका संभालने के लिए राहुल द्रविड़ से बेहतर कोई व्यक्ति नहीं है, और द्रविड़ ने अपने प्रदर्शन से खुद को फिर से साबित कर दिया है। टीम इंडिया अब सभी प्रारूपों में एक मजबूत इकाई है, और तीनों प्रारूपों में हमारी शीर्ष रैंकिंग सीधे तौर पर उनके दृष्टिकोण, मार्गदर्शन और टीम के लिए उनके द्वारा तैयार किए गए रोडमैप को दशार्ती है। फाइनल से पहले लगातार 10 गेम जीतने के बाद, हमारा विश्व कप अभियान असाधारण से कम नहीं था, और टीम के विकास के लिए सही मंच तैयार करने के लिए मुख्य कोच सराहना के पात्र हैं। मुख्य कोच को हमारा पूरा समर्थन प्राप्त है, और हम उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतर सफलता के लिए आवश्यक सभी सहायता प्रदान करेंगे। टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा, टीम इंडिया के साथ पिछले दो साल पूरी तरह से यादगार रहे हैं। साथ में, हमने उतार-चढ़ाव देखे हैं, और इस पूरी यात्रा के दौरान, समूह के भीतर समर्थन और सौहार्द अभूतपूर्व रहा है। हमने ड्रेसिंग रूम में जो संस्कृति स्थापित की है, उस पर मुझे वास्तव में गर्व है। यह एक ऐसी संस्कृति है जो लचीली बनी रहती है, चाहे विजय के क्षण हों या विपरीत परिस्थिति। हमारी टीम के पास जो कौशल और प्रतिभा है, वह अभूतपूर्व है, और हमने जिस बात पर जोर दिया है वह है सही प्रक्रिया का पालन करते हुए और अपनी तैयारियों पर कायम रहते हुए, जिसका समग्र परिणाम पर सीधा प्रभाव पड़ा है।

### भारतीय क्रिकेट टीम जुलाई में करेगी श्रीलंका का दौरा

**कोलंबो।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम जुलाई 2024 में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और इतने ही टी20 मैचों के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने बुधवार को इसकी घोषणा की। वर्ष 2024 में, श्रीलंका की पुरुष राष्ट्रीय टीम 52 अंतरराष्ट्रीय मैचों में प्रतिस्पर्धा करेगी, जिसमें 10 टेस्ट, 21 वनडे और 21 टी20ई शामिल हैं। एसएलसी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, श्रीलंका की राष्ट्रीय टीम अपने 2024 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कैलेंडर की शुरूआत जनवरी में जिम्बाब्वे के खिलाफ एक घरेलू श्रृंखला के साथ करेगी, जिसमें तीन एकदिवसीय और तीन टी20ई श्रृंखलाएं शामिल होंगी। इसके बाद जनवरी-फरवरी की अवधि के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ एक श्रृंखला होगी, जिसमें एक टेस्ट मैच, तीन वनडे और तीन टी20ई, मैच शामिल हैं। राष्ट्रीय टीम 2024 में वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करने से पहले सभी प्रारूपों के दौरे के लिए बांग्लादेश की यात्रा करेगी। भारतीय टीम जुलाई में टी-20 विश्व कप के बाद श्रीलंका दौरे पर जाएगी। इसके बाद राष्ट्रीय टीम वर्ष के मध्य में इंग्लैंड में तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलेगी, जबकि 2024 सीजन दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के दौरे के साथ समाप्त होगा। श्रीलंका के सीईओ एशले डी सिल्वा ने कहा, "हम एक बेहद रोमांचक वर्ष की ओर बढ़ रहे हैं, जिसमें बहुत सारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेली जाएगी, जो हमारे लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि हमारी टीम साल भर प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में व्यस्त रहेगी।

# महान लीडर्स के नेतृत्व में खेलने से मिली सीख आईपीएल में काफी मदद करेगी: शुभमन गिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का मानना ??है कि महान लीडर्स के साथ खेलने से उन्हें जो सीख मिली है, उससे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 सीजन में गुजरात टाइटंस का नेतृत्व करते समय उन्हें काफी मदद मिलेगी। गिल को हाल ही में आईपीएल 2022 की विजेता टीम गुजरात का कप्तान घोषित किया गया था, पिछले दो सीजन के लिए उनके पूर्ववर्ती हार्दिक पंड्या को पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस में वापस भेज दिया गया है। आईपीएल 2024 में गुजरात की कप्तानी करना सीनियर पुरुष क्रिकेट में एक लीडर के रूप में गिल की पहली बड़ी जिम्मेदारी होगी। गिल ने फ्रेंचाइजी द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, ₹हम सभी जानते हैं कि कप्तानी कई चीजों के साथ आती है, और प्रतिबद्धता उनमें से एक है। अनुशासन उनमें से एक है। कड़ी मेहनत उनमें से एक है। वफादारी उनमें से एक है। क्योंकि मैंने महान लीडर्स के तहत खेला है और सीखा है। उनसे बहुत कुछ मिला है, उनके नेतृत्व में खेलने के अनुभव से मुझे जो सीख मिली है, उससे मुझे इस आईपीएल में बहुत मदद मिलेगी। 24 वर्षीय गिल ने 2018 में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ अपने आईपीएल करियर की शुरूआत की और आईपीएल 2022 की नीलामी से पहले दो बार के चैंपियन ने उन्हें रिलीज कर दिया, जहां उन्हें गुजरात ने चुना। जीटी के साथ अपने पहले सीजन में, जहां उन्होंने हार्दिक के नेतृत्व में ट्रॉफी जीती, गिल ने 16 मैचों में 34.50 के औसत और 132.33 के स्ट्राइक-रेट से 483 रन बनाए, जिसमें चार अर्धशतक शामिल थे। गिल आईपीएल 2023 में अग्रणी रन-स्कोरर बन गए, उन्होंने 17 मैचों में 59.33 के औसत और 157.80 के स्ट्राइक-रेट से 890 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और चार अर्द्धशतक शामिल थे, और गुजरात उपविजेता रहा। उनका मानना है कि केन विलियमसन, राशिद खान जैसे अनुभवी नामों के साथ गुजरात टीम के नेता के रूप में उनके लिए और भी बहुत कुछ सीखने को है। हमारी टीम में महान नेता हैं, चाहे वह केन (विलियमसन) हों या वह राशिद (खान) भाई हों या वह (मोहम्मद) शमी भाई हों, या यहां तक कि डेविड (मिलर), या यहां तक कि रिद्धि (साहा) हों। तो, मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा होने वाला है। जाहिर है, रास्ते में बहुत कुछ सीखने को मिलेगा, जो एक कप्तान के रूप में मेरा अनुभव होगा। मैं बहुत से लोगों को शानदार यादें बनाते हुए देखता हूं। गिल का पिछला नेतृत्व अनुभव न्यूजीलैंड में 2018 पुरुष अंडर19 विश्व कप में विजयी भारतीय अभियान के दौरान कप्तान पृथ्वी शॉ का डिप्टी होना रहा है। वरिष्ठ स्तर पर, उन्होंने 2019 में न्यूजीलैंड दौरे पर भारत-ए का नेतृत्व करने के अलावा, 2019-20 दलीप ट्रॉफी में इंडिया ब्लू और उसी सीजन के दौरान देवधर ट्रॉफी में इंडिया सी टीम की कप्तानी की। गिल ने स्वीकार किया कि उन्हें इस तथ्य को समझने में समय लगेगा कि वह अब एक आईपीएल टीम के कप्तान हैं। मुझे लगता है कि जब तक हम पहला मैच नहीं खेल लेते, तब तक शायद इसमें समय लगेगा। यह पूरी तरह से खत्म नहीं होने वाला है; यह बहुत अच्छा अहसास है।



16 मैचों में 34.50 के औसत और 132.33 के स्ट्राइक-रेट से 483 रन बनाए

# ब्रांड जंगल ओरमांझी ने एफ सी चुट्टू को 1-0 से हराया

**एजेंसी। रांची**

शिव शिष्य हरिद्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू गुरगांई बुढ़ीबागी मैदान ओरमांझी में। युवा पावर फुटबॉल क्लब गुरगांई के देखरेख में तीन दिवसीय मैच का दूसरा दिन ग्रुप इ का ब्राण्ड जंगल ओरमांझी बनाम फुटबॉल क्लब चुट्टू के बीच खेला गया। जिसमें ब्रांड जंगल ओरमांझी 1-0 से विजय हुई। मैच के पूर्व मुख्य अतिथि रामधन बेदिया पूर्व प्रत्यासी आजसू खिजरी विधानसभा उद्घाटनकर्ता पारस नाथ उरांव विशिष्ट अतिथि रोशनलाल मुण्डा जिला प्रवक्ता आजसू जिला परिषद पूर्वी ओरमांझी सरिता देवी प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर महतो छात्र जिला अध्यक्ष राज किशोर महतो प्रकाश लकड़ा खिलेश्वर महतो आनंद महतो अमर कुमार संतोष प्रजापति संयुक्त रुप से मैच का उद्घाटन किये। आज सेमी फाइनल एवं फाइनल मैच 11:00 से खेला गया। पहला सेमीफाइनल मैच भूमित 11 बेलवा टोली बनाम डायमंड क्लब रांची एवं दूसरा सेमीफाइनल



ब्रांड जंगल ओरमांझी बनाम्ु '२२ गुडू के बीच खेला गया। दोनों मैच के विजेताओं के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें पहला क्वार्टर फाइनल मैच में सुमित कुमार एवं दूसरा मैच में प्रकाश कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच देकर सम्मानित किया। मौके पर चंद्रदेव मुंडा सेवाराम महतो रामप्रसाद धर्मनाथ मुंडा मोहन बेदिया रामदयाल गंझू आयोजन समिति के अध्यक्ष नीलांबर सिंह सचिव विनोद कुमार महतो कोषाध्यक्ष दीपक नायक उपाध्यक्ष सनी सिंह उपसचिव जीवनलाल मुंडा उपकोषाध्यक्ष राम प्रसाद सिंह जयवीर बेदिया नकुल बेदिया अजय गंझू प्रदीप मुंडा दिलीप मुंडा नितेश मुंडा शंकर मुंडा सत्य सिंह भरत मुंडा नितेश पाहन प्रीतम सिंह विकास मुंडा एवं सभी सदस्यों मौजूद थे।

# एशियाई आर्म रेसलिंग कप में भारतीय दल का शानदार प्रदर्शन, जीते 9 पदक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय आर्म रेसलर्स ने कौशल और दृढ़ संकल्प का एक अद्वितीय प्रदर्शन करते हुए हाल ही में संपन्न एशियाई आर्म रेसलिंग कप 2023 में 9 पदक जीते, जिसमें तीन स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक शामिल है। दल की कप्तानी पैरा-एथलीट बीवी श्रीनिवास ने की, संभवतः पहली बार है, जब किसी भारतीय खेल दल का नेतृत्व किसी पैरा-एथलीट ने किया है। श्रीनिवास पिछले चार वर्षों से आर्म रेसलिंग में हैं और अपने स्वयं के स्टार्ट अप 'बीवीएस फिटनेस सोर्स' के साथ एक निजी फिटनेस ट्रेनर हैं। उन्होंने 2019 में भिलाई में नेशनल आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में डिसेबल्ड स्टैंडिंग कैटेगरी में रजत पदक जीता और 2019 में रोमानिया में वर्ल्ड आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहे। श्रीनिवास ने 90 किग्रा पैरा वर्ग में बाएं और दाएं दोनों पोजीशन में भाग लिया और दोनों में स्वर्ण पदक हासिल किए। लक्ष्मण सिंह भंडारी ने 70 किग्रा ग्रैंड



मास्टर वर्ग (दाहिने हाथ की स्थिति) में स्वर्ण पदक और ग्रैंड मास्टर बाएं हाथ की स्थिति में रजत पदक हासिल किया। कृष्ण कुमार ने पैरा 75 किग्रा वर्ग (दाहिने हाथ की स्थिति) में रजत पदक जीता। श्रीमंत झा ने पैरा 85 किग्रा वर्ग में दाहिने हाथ की स्थिति में कांस्य पदक हासिल किया। इस बीच, एरीकमेनलांग शाबोंग (50 किग्रा) और वांडा सिएमियोंग (60 किग्रा) ने दाहिने हाथ की स्थिति में कांस्य पदक जीता। सेनेबी सिंग्कली ने 55 किग्रा सीनियर वर्ग में बाएं हाथ की स्थिति में कांस्य पदक जीता। कुल मिलाकर, भारत ने प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया जो पैरा-एथलीटों के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी। पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन इंडिया (पीएएफआई) की अध्यक्ष प्रीति झंगियानी ने एशियन आर्म रेसलिंग कप 2023 में भारतीय आर्म रेसलर्स की सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए कहा, ह्लभारतीय आर्म रेसलर्स ने एशियन आर्म रेसलिंग कप 2023 में इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया है। उनके अटूट समर्पण ने न केवल जीत हासिल की है बल्कि हमारे देश के गौरव को भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। मुझे यकीन है कि आगे चलकर हमारे आर्म रेसलर्स और अधिक गौरवान्वित करेंगे।


### विक्की कौशल की उपस्थिति में यू मुंबा ने किया जर्सी का अनावरण

**मुंबई।** यू मुंबा ने बॉलीवुड स्टार विक्की कौशल की उपस्थिति में बुधवार को प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 के लिए यू मुंबा की जर्सी का अनावरण किया। यू मुंबा आगामी रोमांचक सीजन के लिए तैयार है। नए विचार और विवरणों पर ध्यान देने के साथ डिजाइन की गई नई जर्सी उत्कृष्टता, एकता और मुंबई की स्थायी भावना को दशार्ती है। नई जर्सी को विकी कौशल, टीम के मालिक रोनी स्क्रूवाला, सीईओ सुहैल चंडोक के अलावा सीजन 10 के कोर टीम के सदस्यों सुरिंदर सिंह, महेंद्र सिंह, रिंकू, गिरीश एर्नाक, गुमान सिंह और प्रणय की उपस्थिति में लॉन्च किया गया। यू मुंबा के सीईओ सुहैल चंडोक ने कहा, मुंबई शहर के दिल और आत्मा को समाहित करने वाले तत्वों से जुड़ी, जर्सी लोगों की ऊर्जा, विविधता, हलचल और अदम्य भावना को दशार्ती है जो मुंबई का प्रतिनिधित्व करता है। प्रत्येक थ्रेड एक कहानी बताता है, जो एक ऐसे शहर की नब्ज को प्रतिबिंबित करता है जो कभी नहीं सोता है ।

# दक्षिण भारतीय प्रतिद्वंदियों केरला ब्लास्टर्स और चेन्नइयन एफसी के बीच होगा मुकाबला

**एजेंसी। कोच्चि**

इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 में शीर्ष स्थान के लिए भारी संघर्ष के बीच, केरला ब्लास्टर्स एफसी 29 नवम्बर, बुधवार को कोच्चि स्थित अपने घरेलू मैदान जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चेन्नइयन एफसी की मेजबानी करेगी, तो उसकी कोशिश इस मुकाबले से पूरे अंक हासिल करके तालिका के शीर्ष पर फिर से पहुंचने की कोशिश होगी। एफसी गोवा ने आईएसएल सीजन 10 के मैचवीक 7 के अंतिम मुकाबले में जमशेदपुर एफसी पर 1-0 की जीत दर्ज करके टस्कर्स से शीर्ष स्थान छीन लिया। हालांकि, इवान वुकोमानोविक और उनके ब्लास्टर्स एकदम सटीक रहे हैं और इस सीजन में अब तक हवा में उड़ रहे हैं। उन्होंने अपने पांच घरेलू मैचों में से चार में जीत हासिल की है और बुधवार को होने वाले मुकाबले में उन्हें एक बार फिर फैंस



की भारी भीड़ का जबर्दस्त समर्थन मिलेगा, और यह देखना होगा कि क्या वे घरेलू मैदान पर अधिकतम अंक लेने के लिए इसका फायदा उठाते हैं। केरला ब्लास्टर्स एफसी के मुख्य कोच इवान वुकोमानोविक ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ह्लचेन्नइयन एफसी के साथ हमारा मुकाबला हमेशा मुश्किल रहता है। मैं कई शारीरिक द्वंद्व के साथ एक बहुत कठिन मुकाबले की उम्मीद करता हूं। यह उस तरह का मुकाबला है जो इन दोनों टीमों के बीच हमेशा होता आया है। हम या हमारी प्रतिद्वंद्वी इस समय टेबल पर कहां मौजूद हैं, यह फिलहाल मायने नहीं रखता। घर पर हर मैच कठिन होता है, खासकर तब, जब दूसरी टीम हमेशा कुछ अतिरिक्त दिखाने के लिए आतुर रहती हैं। चेन्नइयन एफसी के मुख्य कोच ओवेन कॉयल ने मैच से पहले प्रतिद्वंद्वियों की प्रशंसा करते हुए कहा, ह्लयह एक शानदार मुकाबला होने वाला है। अगर मैं खुद को एक खिलाड़ी के रूप में देख हूं, तो यह ठीक वैसा ही मैच है जिसे आप खेलना चाहते हैं।

## स्वर्ण पदक | खेलो इंडिया वीमेंस किकबॉक्सिंग लीग में मंदाकिनी ने 50 केजी भार में जीता गोल्ड

# विजेताओं को राष्ट्रीय महिला लीग में खेलने का मिलेगा मौका

**हजारीबाग के नमन विद्या स्कूल में 8वीं कक्षा की है छात्रा, लीग में हजारीबाग जिले का किया प्रतिनिधित्व**

**गोंदलपुरा खनन परियोजना में कार्यरत हैं पिता, परिवार से लेकर स्कूल तक में खुशी का माहौल**



**एजेंसी। रांची**

बड़कागांव/हजारीबाग। जिले की मंदाकिनी यादव ने दो दिवसीय खेलो इंडिया विमेंस किकबॉक्सिंग लीग में स्वर्ण पदक जीत कर हजारीबाग का नाम रौशन किया है। रांची के खेलगांव स्टेडियम स्थित बॉक्सिंग हॉल में आयोजित हुए इस प्रतियोगिता में 50 किलोग्राम भार में मंदाकिनी ने हजारीबाग जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए यह पदक अपने नाम किया। इससे पहले मंदाकिनी ने इस वर्ष अगस्त महीने में वाको इंडिया की ओर से आयोजित किकबॉक्सिंग स्टेट चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था। सुश्री मंदाकिनी यादव हजारीबाग के नमन विद्या स्कूल में 8वीं कक्षा की छात्रा हैं और मुकेश कराटे अकादमी, हजारीबाग में प्रशिक्षण भी ले रही हैं। मंदाकिनी के पिता रामअवध यादव अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के गोंदलपुरा खनन परियोजना में बतौर डिप्टी मैनेजर कार्यरत हैं। मंदाकिनी की इस उपलब्धि पर अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के कार्यालय में बुधवार को उसे सम्मानित किया गया। मंदाकिनी की इस उपलब्धि पर पूरा परिवार, कराटे अकादेमी और स्कूल प्रबंधन बेहद खुश है। मंदाकिनी खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी 80% अंकों के साथ बेहतर करती रही है। एथलेटिक्स में अब तक इसने 16 गोल्ड मेडल जीता है। झारखंड किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बी ठाकुर ने बताया कि महिला खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगे लाने के लिए केंद्र सरकार और वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन देश भर में 27 स्थानों पर लीग का आयोजन किया जा रहा है। इस लीग में स्वर्ण पदक विजेताओं को सीधे तौर पर राष्ट्रीय महिला लीग में खेलने का अवसर मिलेगा। इस दो दिवसीय चैंपियनशिप का शुभारंभ 26 नवम्बर को रांची के सांसद संजय सेठ ने किया था और समापन कार्यक्रम में राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव मौजूद थे। इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आए हुए लगभग 325 खिलाड़ी और 75 अधिकारियों ने अपना योगदान दिया।

### विश्व कप के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए पैनल का गठन

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने हाल ही में समाप्त हुए आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए तीन सदस्यीय विशेष समिति का गठन किया है। बीसीबी निदेशक इनायत हुसैन सिराज समिति के संयोजक के रूप में कार्य करेंगे, जबकि महबुबुल अनम और अकरम खान समिति के अन्य सदस्य होंगे। बीसीबी ने बुधवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, समिति का उद्देश्य टूनार्मेंट में टीम के खराब प्रदर्शन में योगदान देने वाले कारकों की जांच करना है। समिति बाद में बोर्ड को अपने निष्कर्ष पेश करेगी। हालाँकि, बीसीबी ने अपने निष्कर्ष प्रस्तुत करने के लिए किसी समय सीमा का उल्लेख नहीं किया। बता दें कि बांग्लादेश ने विश्व कप 2023 में कुल 9 मैच खेले, जिसमें से टीम को 7 मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

# ऑस्ट्रेलियाई दौरा हमारे सामने एक रोमांचक चुनौती : मोहम्मद हफीज

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट के निदेशक मोहम्मद हफीज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया का दौरा उनकी टीम के लिए एक रोमांचक चुनौती है, जहां टीम के पास खोने के लिए कुछ नहीं है और हासिल करने के लिए बहुत कुछ है। पाकिस्तानी टीम 14 दिसंबर से शुरू होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के हिस्से के रूप में तीन मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। पाकिस्तान ने इस देश में 28 साल से कोई टेस्ट नहीं जीता है, जबकि पिछले 14 टेस्ट में उसे लगातार हार का सामना करना पड़ा है। हफीज, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया में कभी टेस्ट नहीं खेला है, ने अपनी शैली से आक्रामक, आधुनिक ब्रांड की क्रिकेट खेलने और अपनी हार की लय को एक अवसर के रूप में देखने का आग्रह किया है। हफीज, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया में कभी टेस्ट नहीं खेला है, ने अपनी शैली से आक्रामक, आधुनिक ब्रांड की



क्रिकेट खेलने और अपनी हार की लय को एक अवसर के रूप में देखने का आग्रह किया। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के हवाले से हफीज ने कहा, हमारे पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है और हासिल करने के लिए बहुत कुछ है। एक टीम के रूप में, हमारा लक्ष्य वह नहीं है जो इतिहास कहता है, बल्कि वह है जो हम वहां जाकर हासिल कर सकते हैं। मानसिकता बहुत स्पष्ट है, यह हमारे सामने एक बहुत ही रोमांचक चुनौती है और, एक साथ मिलकर, हम बेहतर परिणाम ला सकते हैं। मैं पिछले परिणामों के लिए जवाब नहीं दे सकता, लेकिन यहां से आप पाकिस्तान के लिए बेहतर परिणाम देखेंगे।